www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, गुरुवार, 5 सितंबर 2024 I वर्ष – 34 I अंक –127 I पृष्ठ –12 I मूल्य – 4.00 रु





**शिक्षक दिवस आज**

■ आईसी 814 : सवालों को दबाने की कोशिश
■ राजनीति में झूठ बन रहा लोकतंत्र के 'अस्तित्व का ...
पृष्ठ 4
■ श्री टेमासेक में सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग से मिले मोदी
■ भारत और बांग्लादेश के बीच व्यापार 47 दिन बाद बहाल
पृष्ठ 9
नितेश ने स्वर्ण जीतने के बाद कहा-पदक भारत में ही रहेगा
पृष्ठ 10

**सार संक्षेप**

## 10वीं-12वीं के परीक्षा फार्म भरने की तारीख बढ़ी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा संचालित हाई स्कूल और हायर सेकेण्डरी स्कूल स्वाध्यायी परीक्षा 225 के परीक्षा हेतु आवेदन प्रत्र की तिथि में वृद्धि की गई है। अब विलंब शुल्क के साथ परीक्षार्थी 9 सितम्बर से 25 सितम्बर तक अपना आवेदन फार्म भर सकते हैं।

## पेरिस पैरालंपिकः सचिन ने गोला फेंक स्पर्धा में जीता रजत

**पेरिस।** भारतीय शॉटपुट एथलीट सचिन सर्जेराव खिलाड़ी ने बुधवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए पेरिस पैरालंपिक की गोला फेंक स्पर्धा में एशियाई रिकार्ड के साथ रजत पदक जीत लिया हैं। आज यहां हुए मुकाबले में सचिन सर्जेराव खिलाड़ी ने शॉटपुट एफ46 में 16.32 मीटर थ्रो के साथ रजत पदक अपने नाम किया। इसी के साथ भारत की झोली में 21वां पदक आ गया है।

## त्रिपुरा के दो उग्रवादी गुटों के साथ हुआ शांति समझौता

**नई दिल्ली।** त्रिपुरा में तीन दशक से अधिक समय से चल रहे उग्रवादी हिंसा और संघर्ष से निजात पाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम के तहत बुधवार को यहां केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में राज्य के दो गुट-नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (एनएलएफटी) तथा ऑल त्रिपुरा टाइगर फोर्स (एटीटीएफ) ने शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए। गृह मंत्री ने इस समझौते को त्रिपुरा में 'विकास और शांति के लिए एक महत्वूपर्ण समझौता' बताया है और कहा कि यह पूर्वोत्तर के विकास के लिए मोदी सरकार के संकल्प को पूरा करने में 'मील का पत्थर' है।

## अस्पतालों की सुरक्षा स्थिति पर केंद्र ने रिपोर्ट मांगी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से सभी अस्पतालों और स्वास्थ्य सुविधाओं में चिकित्सकों, सहायक कर्मियों और रोगियों की सुरक्षा के लिए किये गये अल्पकालिक और दीर्घकालिक उपायों पर एक सप्ताह के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट मांगी है।

## उत्तर कोरिया में 30 अधिकारियों को फांसी का आदेश

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने एक बार फिर तानाशाही फरमान जारी किया है। उन्होंने बाढ़ और भूस्खलन रोकने में नाकाम रहने वाले 3 अधिकारियों को फांसी देने का आदेश दिया है। बाढ़ और भूस्खलन के कारण एक हजार लोगों की मौत हो गई है। पिछले महीने के अंत में बाढ़ प्रभावित इलाके में 2 से 3 कैडरों को मौके पर ही फांसी दे दी गई थी।

## किरण चौधरी को शपथ, निर्विरोध हुई निर्वाचित

**नई दिल्ली।** किरण चौधरी ने बुधवार को राज्यसभा सांसद के तौर पर शपथ ली। उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के अध्यक्ष जगदीप धनखड़ ने उन्हें शपथ दिलाई।

**राहुल गांधी ने जम्मू कश्मीर में की चुनाव रैली**

# जम्मू कश्मीर को राज्य का दर्जा वापस दिलाएंगे

**जम्मू**, 4 सितम्बर (देशबन्धु)। राहुल गांधी ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर के रामबन और अनंतनाग में चुनावी रैली की। राहुल ने कहा कि जम्मू-कश्मीर से राज्य का दर्जा छीना गया, हम इसे वापस देंगे। यहां राजा का शासन है। यहां के राजा उपराज्यपाल हैं। पहले केंद्र शासित प्रदेश को राज्य बनाते थे। मोदी जी राज्यों को केंद्र शासित प्रदेश बना रहे हैं। राहुल ने पीएम मोदी, गृहमंत्री अमित शाह समेत अंबानी-अडाणी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा- पीएम मोदी पहले छाती फैलाकर चलते थे। अब वे कंधे झुकाकर आते हैं। इस बार संसद में सिर पर संविधान रखकर घुसे। कश्मीर में कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस ने गठबंधन किया है। 90 सीटों में से 51 पर एनसी और 32 सीटों पर कांग्रेस चुनाव लड़ेगी। 5 सीटों पर फ्रेंडली फाइट होगी। 2 सीटें माकपा और पेंथर्स पार्टी को मिली हैं। जम्मू-कश्मीर चुनाव 18 सितंबर, 25 सितंबर और 1 अक्टूबर को 3 फेज में होने वाले



■ मोदी, शाह, अंबानी व अडानी पर भी साधा निशाना

■ राहुल बोले, अब मोदी के कंधे झुक गए हैं

हैं। कांग्रेस ने 40 स्टार प्रचारकों का नाम तय किया है। इनमें मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया और प्रियंका का नाम भी शामिल है। राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने खुलेआम कहा कि वह गैर-जैविक हैं, जबकि बाकी भारत जैविक है। लेकिन इस चुनाव में भगवान ने उन्हें सीधा संदेश दिया है कि वह जनता से बात करते हैं और उनकी इच्छा के अनुसार काम करते हैं। गांधी ने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने पहले कहा था कि देश में जाति जनगणना नहीं होगी, लेकिन विपक्ष अपनी मांग पर अड़ा रहा और अब आरएसएस के सदस्य भी इसका समर्थन कर रहे हैं।

**हम दैनिक वेतन भोगियों को स्थायी करेंगे**

राहुल गांधी ने कहा, 'एक बात तो मान लीजिए कि यहां कांग्रेस पार्टी की गठबंधन की सरकार आने वाली है। यह निश्चित है यह होने जा रहा है। हमारा पहला काम सभी सरकारी रिक्तियों को भरना और आयु सीमा को 40 साल करना होगा। हम दैनिक वेतन भोगियों को नियमित और स्थायी करेंगे और उनकी आय बढ़ाएंगे।'

⇨ शेष पृष्ठ 2 पर ⇨

# एनआईए की अबूझमाड़ के घोर नक्सल प्रभावित इलाकों में छापेमारी

## नक्सलियों के शहरी नेटवर्क से जुड़े 4 लोगों को किया गिरफ्तार

**नारायणपुर**, 4 सितंबर (देशबन्धु)। माओवादियों द्वारा 20 मार्च 2023 को मार्ग अवरुद्ध करने मामले में एनआईए की टीम ने अबूझमाड़ के घोर नक्सल प्रभावित इलाकों में की छापेमारी की। तलाशी के दौरान नक्सलियों के शहरी नेटवर्क से जुड़े 4 माओवादी की गिरफ्तारी हुई, जो संगठन को रसद सप्लाई के साथ अन्य काम करते थे। इनके साथ 35 माओवादियों के नाम सामने आए, जिनसे पूछताछ जारी है। जांच में ओरछा में लम्बे समय से धरने पर बैठे माड़ बचाओ मंच के नेता लखमा कोर्राम के माओवादी होने का आरोप लगाया गया है।

एनआईए की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि मंगलवार को मार्च 2023 के सड़क नाकाबंदी मामले के लिए जिम्मेदार सीपीआई (माओवादी) कैडरों और समर्थकों की तलाश में नारायणपुर जिले में कई स्थानों पर तलाशी ली। घटना से संबंधित मामले में कुल 35 आरोपियों को नामित किया गया है,



■ माड़ बचाओ मंच के नेता का नाम आया सामने

जिसमें प्रतिबंधित संगठन के कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने इंडिया गेट रायनार के पास नारायणपुर-ओरछा मुख्य सड़क को विभिन्न हिस्सों को खोदकर, पेड़ों को काटकर और कई स्थानों पर बड़ी-बड़ी चट्टानों को छोटे-छोटे टुकड़े करके अवरुद्ध कर दिया था, नाकाबंदी का उद्देश्य पुलिस दलों को मारना और उनके हथियार लूटना था।

मामले में एनआईए की जांच के दौरान कुछ सीपीआई (माओवादी) समर्थकों/ओजीडब्ल्यू के नाम सामने आए थे। उन पर सीपीआई (माओवादी) के अग्रणी संगठन, माड़ बचाओ मंच के सदस्य होने का संदेह है, ऐसा माना जाता है कि उन्होंने अपराध को अंजाम देने में सीपीआई (माओवादी) की सहायता की थी। ओरछा में माड़ बचाओ मंच का नेता लखमा राम उर्फ लखमा कोर्रम इस मामले में आरोपपत्रित माओवादी है। जांच से पता चला है कि माड बचाओ मंच मुठभेड़ों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन आयोजित करता है, और उन्हें रसद सहायता प्रदान करने के अलावा, प्रतिबंधित संगठन के लिए नए शिविर स्थापित ⇨ शेष पृष्ठ 2 पर ⇨

# जिला अधिवक्ता संघ के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए सीएम साय

## अधिवक्ताओं के लिए नए सामुदायिक भवन की घोषणा



**बिलासपुर**, 4 सितंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज जिला अधिवक्ता संघ के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। उन्होंने संघ के नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री ने संघ की मांग पर जिला न्यायालय परिसर में नये सामुदायिक भवन बनाने की घोषणा की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष दाऊराम चंद्रवंशी ने की। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री अरूण साव मौजूद थे। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में महाधिवक्ता प्रफुल्ल एन भारत, विधायक अमर अग्रवाल, धरमलाल कौशिक, दिलीप लहरिया, अटल श्रीवास्तव सुशांत शुक्ला, महापौर रामशरण यादव, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीता यादव, संरक्षक अधिवक्ता संघ एसके सिन्हा एवं प्रतिनिधि भारतीय विधिज्ञ परिषद शैलेन्द्र दुबे उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जिला अधिवक्ता संघ के नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए ⇨ शेष पृष्ठ 2 पर ⇨

# मध्यान्ह भोजन खाने के बाद 23 बच्चों की बिगड़ी तबीयत

## दाल में मिली छिपकली, आनन-फानन में बच्चों को अस्पताल किया गया दाखिल

**गरियाबंद**, 4 सितंबर (देशबन्धु)। जिले के मैनपुर स्थित पीपल खुंटा मिडिल स्कूल में 23 बच्चे मध्यान्ह भोजन खाने के बाद बीमार हो गए। इस घटना के कारण स्कूल प्रबंधन और स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। सूचना मिलते ही प्रधान पाठक संतोष जगत ने तुरंत पालकों से संपर्क किया और स्थिति की गंभीरता को देखते हुए 108 एंबुलेंस को बुलाया। शाम



साढ़े 4 बजे सभी 30 बच्चों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमलीपदर में भर्ती कराया गया। फिलहाल सभी बीमार बच्चों का इलाज जारी है।

जानकारी के मुताबिक, दोपहर में सभी बच्चे मध्यान्ह भोजन करने बैठे थे, इसी दौरान दोबारा खाना परोसते समय दाल में मरा हुआ छिपकली मिला। ⇨ शेष पृष्ठ 2 पर ⇨




# छग की हीराबाई बघेल को हस्तशिल्प में राष्ट्रीय पुरस्कार से किया जाएगा सम्मानित

**रायपुर/बिलाईगढ़**, 4 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ की हीराबाई झरेका बघेल को हस्तशिल्प क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए 2023 के राष्ट्रीय हस्तशिल्प पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। यह पुरस्कार कार्यालय विकास आयुक्त हस्तशिल्प वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार की ओर से



■ मुख्यमंत्री ने दी बधाई

दिया जाता है। श्रीमती बघेल ढोकरा बेलमेटल शिल्प की प्रसिद्ध शिल्पकार है। अधिसूचना के अनुसार पांच शिल्प गुरू तथा 18 नेशनल हस्तशिल्प पुरस्कार 2023 के लिए दिए गए है। मुख्यमंत्री विष्णु देव ने शिल्पकार हीराबाई झरेका बघेल को छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाने के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी है। छत्तीसगढ़ के सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला के वनांचल ग्राम पंचायत बैगीनडीह की ⇨ शेष पृष्ठ 2 पर ⇨


**हरियाणा विस चुनाव**

## भाजपा ने 67 सीटों पर घोषित किए उम्मीदवार

**चंडीगढ़**, 4 सितम्बर (एजेंसियां)। हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी ने अपनी पहली लिस्ट जारी कर दी है। पहली लिस्ट में 67 उम्मीदवारों के नाम हैं. सीएम नायब सिंह सैनी की सीट बदल दी गई है। वो लाडवा सीट से चुनाव लड़ेंगे। अभी वो करनाल सीट से विधायक हैं। पूर्व गृहमंत्री अनिल विज अंबाला कैंट से चुनाव लड़ेंगे। वहीं जननायक जनता पार्टी (जजपा) और आजाद समाज पार्टी गठबंधन ने कुछ सीटों पर उम्मीदवार तय कर दिए हैं। दोनों दलों ने 19 उम्मीदवारों की पहली सूची भी जारी कर दी है।

# भारत-ब्रुनेई वाणिज्यिक संबंधों को मजबूत करने पर सहमत

**बंदर सेरी बेगवान**, 4 सितम्बर (एजेंसियां)। भारत और ब्रुनेई व्यापार तथा वाणिज्यिक संबंधों को और मजबूत करने पर सहमत हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बुधवार को ब्रुनेई के सुल्तान हाजी हसनल बोल्किया ने वार्ता से पहले इस्ताना नूरुल ईमान में गर्मजोशी से स्वागत किया। श्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि उनकी



द्विपक्षीय वार्ता व्यापक मुद्दों पर हुई और दोनों पक्ष व्यापार संबंधों, वाणिज्यिक संबंधों और लोगों के बीच आदान-प्रदान को और बढ़ाने पर सहमत हुए हैं।

ब्रुनेई की राजधानी बांदर सेरी बेगावान और भारत के चेन्नई के बीच सीधी विमान सेवा शुरू होगी। यह एलान प्रधानमंत्री नरेंद्र की ब्रुनेई यात्रा के दौरान की गई ⇨ शेष पृष्ठ 2 पर ⇨

# भारत के नक्शे के साथ नेपाल ने नोट छापना किया शुरू!

**नई दिल्ली**, 4 सितम्बर (एजेंसियां)। सीमा विवाद को लेकर नेपाल और भारत के बीच भी तनातनी लगातार जारी है। पिछले दिनों नेपाल ने नोट पर नया नक्शा छापने को मंजूरी दी थी, जिसमें कई इलाके भारत के दिखाए गए थे। अब खबर है कि नेपाल ने इन नोटों को छापना शुरू कर दिया है। नेपाल खबर डॉट कॉम की रिपोर्ट के अनुसार, नेपाल का केंद्रीय बैंक अपडेट नक्शे वाले नोट छापने की तैयारी कर रहा है। इनमें भारत के विवादित इलाके

**सीमा विवाद को लेकर नेपाल व भारत में भी तनातनी**

भी छापे जाएंगे। रिपोर्ट में बताया गया कि बैंक के संयुक्त प्रवक्ता दिलीराम ने इसकी पुष्टि की है।

**कालापानी, लिपुलेख व लिंपियाधुरा को अपना बता रहा**–प्रवक्ता ने कहा कि नेपाल के बैंक ने नक्शे के साथ नोट छापने की प्रक्रिया को आगे बढ़ा दिया है। नए नक्शे में कालापानी, लिपुलेख और लिंपियाधुरा शामिल हैं, इन इलाकों पर भारत अपना कब्जा बताता है, जबकि नेपाल इसे अपने इलाके बता रहा है। ⇨ शेष पृष्ठ 2 पर ⇨

# नंदकुमार साय की बीजेपी की सदस्यता पर संशय - लखन देवांगन

## उद्योग मंत्री लखन देवांगन बोले साय खुद ऑनलाइन सदस्य बने है पार्टी तय करेगी उन्हें पार्टी में लेना है या नहीं

**गौरेला पेंड्रा मरवाही** 04 सितंबर (देशबन्धु)। एन विधानसभा चुनाव के वक्त भाजपा छोड़कर कांग्रेस प्रवेश करने वाले भाजपा के वरिष्ठ नेता नंदकुमार साय की भाजपा सदस्यता अब भी संसय में है छत्तीसगढ़ के श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन के बयान से ऐसा ही प्रतीत हो रहा है।

दरअसल बुधवार को सदस्यता अभियान के दौरान कुछ देर के लिए ही पेंड्रा पहुंचे छत्तीसगढ़ के उद्योग एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन का बयान नंद कुमार साय की सदस्यता पर सवालिया निशान लग रहा है, दरअसल नंदकुमार साय कल मंगलवार को भाजपा की ऑनलाइन सदस्यता ग्रहण की थी, इसके बाद आज मंत्री जी से उनकी सदस्यता को लेकर सवाल किया गया जिस पर मंत्री जी ने साफ कहा कि नंद कुमार साय भाजपा के वरिष्ठ नेता रहे हैं पर चुनाव के वक्त उन्होंने भाजपा छोड़कर कांग्रेस ज्वाइन कर ली थी और कल उन्होंने ऑनलाइन सदस्यता ग्रहण की है पर भाजपा में ऑनलाइन सदस्यता अभियान के बाद सभी सदस्य तो सभी सदस्यों की सदस्यता का सत्यापन होता है, इसलिए उनकी भी सदस्यता का सत्यापन होगा जिसे संगठन के अध्यक्ष मुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारी उनकी सदस्यता तय करेंगे या नहीं.. मंत्री जी के बयान से स्पष्ट है कि नंद कुमार साय के पूर्व में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के साथ-साथ अन्य महत्वपूर्ण पदों में रहने के बावजूद भाजपा छोड़ने के बाद अब उनकी सदस्यता का फैसला भाजपा संगठन के प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर के नेताओं के हाथ में है।




# शिक्षक दिवस पर पेंड्रा के अक्षय नामदेव को मिलेगा एकलव्य सम्मान

**समाज में उल्लेखनीय उपलब्धि एवं योगदान के लिए देश भर के 40 शिक्षक होंगे सम्मानित**

**गौरेला पेंड्रा मरवाही** 04 सितंबर (देशबन्धु)। शिक्षक दिवस पर मध्य प्रदेश के इटारसी में विपिन जोशी स्मारक समिति इटारसी द्वारा आयोजित 40 वें राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह में पेंड्रा के साहित्यकार एवं व्याख्याता अक्षय नामदेव को एकलव्य सम्मान से सम्मानित किया जा रहा है। यह सम्मान उन्हें उनकी ईमानदार शिक्षकीय सेवा के अलावा साहित्य सेवा एवं नदियों के संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों के लिए प्रदान किया जा रहा है। अक्षय नामदेव वर्तमान में गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला सकोला में हिंदी के व्याख्याता के रूप में पदस्थ हैं। श्री नामदेव को यह एकलव्य सम्मान मध्य प्रदेश के इटारसी स्थित द पार्क क्लब एण्ड रिसोर्ट में सायं 5 बजे से 10 बजे के बीच 5 सितम्बर को आयोजित समारोह में दिया जा रहा है जिसमें देश भर के शिक्षकों को सम्मानित करने हेतु प्रस्ताव प्राप्त हुए थे जिनमें अन्तिम रूप से चयनित 40 शिक्षक-शिक्षिकाओं का सम्मानित किया जायेगा। समारोह के संबंध में पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए समिति के अध्यक्ष रमेश के. साहू एडव्हाकेट ने सम्मानित होने वाले शिक्षक-शिक्षिकों की सूची जारी की जिसमें एकलव्य सम्मान के लिए अक्षय नामदेव पेंड्रा का भी नाम शामिल है। उल्लेखनीय है कि शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सकोला में हिंदी के व्याख्याता के रूप में पदस्थ बीते 30 वर्षों से आदिवासी अंचल गौरेला पेंड्रा मरवाही में शिक्षकीय सेवा प्रदान कर रहे हैं इसके साथ ही साहित्य एवं लेखन के क्षेत्र में भी सक्रिय हैं तथा विशेष रूप से नदियों के संरक्षण के लिए काम कर रहे हैं खासकर पेंड्रा में स्थित अरपा उद्गम के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए अरपा उद्गम बचाओ संघर्ष समिति पेंड्रा के संयोजक के रूप में लगातार सक्रिय हैं। सामाजिक क्षेत्र में अपने योगदान के लिए उन्हें 2 वर्ष पूर्व बिलासपुर की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था बिलासा कला मंच द्वारा बिलासा सेवा सम्मान एवं अरपा सेवा सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है।



**प्रथम पृष्ठ का शेष**

**जम्मू कश्मीर को राज्य का दर्जा...**

पूरी सरकार दो अरबपतियों के लिए चल रही- राहुल ने मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि पूरी सरकार दो अरबपतियों के लिए चल रही है। उन्होंने कहा कि आप देखें तो राज्य का जो दर्जा आपसे छीना गया है, उसका उद्देश्य सिर्फ दो अरबपतियों की मदद करना था। विधानसभा चुनाव में नेकां-कांग्रेस के अच्छे प्रदर्शन का भरोसा जताते हुए उन्होंने कहा कि एक बात तो तय है कि यहां कांग्रेस गठबंधन की सरकार आने वाली है। वे कहते थे कि यह तय है कि ऐसा होने जा रहा है।

उमर अब्दुल्ला ने गांदरबल से पर्चा भरा -जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने बुधवार गांदरबल विधानसभा सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। वहीं गांदरबल विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के एक बागी समेत छह अन्य उम्मीदवार भी मैदान में उतरे हैं। उमर अब्दुल्ला अपना नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए उत्तरी कश्मीर के गांदरबल विधानसभा क्षेत्र में पहुंचे थे। श्रीनगर से गांदरबल तक उनके साथ कई वरिष्ठ नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता और पार्टी कार्यकर्ता भी थे।

**एनआईए की अबूझमाड़ के ...**

करने में मदद करता है। वे सीपीआई (माओवादी) विचारधारा के प्रचार-प्रसार के लिए माड़ बचाओ मंच के बैनर तले विभिन्न बैठकें भी आयोजित करते हैं। फ्रंटल संगठन के सदस्य माओवादी कैडरों तक आवश्यक सामग्री आदि पहुंचाने का भी काम करते हैं।

मंगलवार को की गई तलाशी में फ्रंटल संगठन के चार संदिग्ध सदस्यों को निशाना बनाया गया और एनआईए की टीमों ने नारायणपुर जिले के कस्तूरमेटा, मदाली और मल्कल गांव के माओवाद प्रभावित संवेदनशील इलाकों में उनके परिसरों की तलाशी ली, जो सीपीआई (माओवादी) के माड डिवीजन के अंतर्गत आता है। मामले में आगे की जांच जारी है।

**जिला अधिवक्ता संघ के...**

कहा कि एक सप्ताह में दूसरी बार न्यायधानी बिलासपुर आने का मौका लगा है। उन्होंने कहा कि बिलासपुर का जिला अधिवक्ता संघ प्रदेश के अधिवक्तओं का सबसे पुराना संगठन है। फिलहाल साढ़े 3 हजार विद्वान अधिवक्ता इस संघ से जुड़े है। उन्होंने कहा कि इस संस्था का ऐतिहासिक महत्व रहा है। इनके सदस्यों ने आजादी की लड़ाई में सक्रिय रूप से हिस्सा लिया।

यही नहीं बल्कि बड़े-बड़े राजनेता और न्यायविद इस संगठन ने पैदा किये हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिवक्ताओं के समक्ष कई समस्याएं मौजूद हैं। लेकिन उन्होंने इनकी परवाह किये बिना लोगों को न्याय दिलाने में महती भूमिका अदा कर रहे हैं। गरीबी अमीरी का भेदभाव किये बिना सभी को समभाव से न्याय दिलाने में जिला अधिवक्ता संघ ने मिसाल पेश की है। मुख्यमंत्री ने संघ की मांग पर राजस्व मण्डल एवं स्थायी लोक अदालत में सदस्यों की नियुक्ति जल्द करने का आश्वासन भी दिया। उन्होंने तीजा एवं गणेश चतुर्थी महापर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी।

उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि मैं स्वयं अधिवक्ता रहा हूं। अधिवक्ताओं की समस्याओं से भली भांति अवगत हूं। उनकी तमाम समस्याएं शनैः शनैः दूर करने का प्रयास किया जायेगा। साव ने कहा कि जिला अधिवक्ता संघ का इतिहास गौरवशाली रहा है। यहां से निकले विधिवेत्ता और राजनेताओं ने बिलासपुर का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि पिछले 10-12 बरसों में न्यायालयों में सुविधाओं का तीव्र गति से विकास हुआ है। आगे भी यह सिलसिला जारी रहेगा ताकि लोगों को सुलभ तरीके से न्याय मिल सकेगा। जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष दाऊराम चंद्रवंशी ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने अधिवक्ताओं की दिक्कतों का उल्लेख करते हुए इनका समाधान करने का अनुरोध मुख्यमंत्री से किया। इस अवसर पर कलेक्टर अवनीश शरण, एसपी रजनेश सिंह सहित न्यायाधीश गण, अधिवक्ता एवं शहर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

**मध्यान्ह भोजन खाने के बाद ...**

खाने में छिपकली मिलते ही तत्काल भोजन खाने से बच्चों को रोक गया। लेकिन तब तक कई बच्चे आधे से अधिक खाना खा चुके थे। भोजन के थोड़ी देर बाद ही बहुत से स्कूली छात्रों को उन्हें सिर दर्द, उल्टी और चक्कर जैसी समस्याएं शुरू हो गईं। बच्चों की बिगड़ती स्थिति को देखते हुए प्रधान पाठक ने सभी छात्रों के परिजनों को सूचना दी और बच्चों को इलाज के लिए अमलीपदर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया।

ब्लॉक एजुकेशन ऑफिसर (बीईओ) महेश पटेल ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि बच्चों की स्वास्थ्य स्थिति हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि सभी बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और मामले की जांच की जाएगी। दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**छग की हीराबाई बघेल को...**

ढोकरा बेलमेटल शिल्पकार श्रीमती हीराबाई झरेका बघेल इसके पूर्व भी अपनी कलाकारी का डंका बजा चुकी है। श्रीमती बघेल को बेलमेटल शिल्प कला के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा वर्ष 2011-12 में पुरुस्कृत किया गया जा चुका है। उनके पति मिनकेतन बघेल को भी वर्ष 2006-07 में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सम्मानित किया गया था। पुरस्कार के लिए चयनित शिल्पी हीराबाई झरेका बघेल ने कहा कि मेरे पिता भुलाऊ झरेका व पति ही मेरी प्रेरणास्त्रोत है, जिन्होंने मुझे ढोकरा बेलमेटल कला सिखाया और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित किया।

**भारत-ब्रुनेई वाणिज्यिक संबंधों को ...**

है। सीधी विमान सेवा के अलावा दोनों देशों ने रक्षा, अंतरिक्ष और लोगों के लोगों के बीच संबंध के क्षेत्र में भी अपसी सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई है।

**भारत के नक्शे के साथ...**

रिपोर्ट में कहा गया है कि बैंक नोटों की छपाई 6 महीने से एक साल में पूरी हो जाएगी। तत्कालीन प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने 3 मई को इसे मंजूरी दी थी, जिसके बाद भारत सरकार ने इस पर आपत्ति दर्ज कराई थी।

100 रुपए के नोट पर छपेगा भारत का नक्शा-रिपोर्ट में दिलीराम ने दावा किया कि टेंडर के बाद छपाई की प्रक्रिया शुरू हो गई। नेपाली नोट इंडोनेशिया, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस और अन्य देशों में छापे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बैंक 100 रुपये का नोट छापेगा। हालांकि, बैंक ने यह नहीं बताया कि नए नक्शे वाले कितने नोट बाजार में आएंगे। हालांकि, 100 रुपए के नोट के बाद बैंक जरूरत के हिसाब से नए नक्शे के साथ और भी नोट छापता रहेगा। वहीं, भारत लगातार कहता आ रहा है कि लिपुलेख, कालापानी और लिंपियाधुरा उसके हिस्से हैं। इसको लेकर विदेश मंत्री जयशंकर ने भी आपत्ति जताई थी।

# कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय सीमा की बैठक

## जाति प्रमाण पत्र, पीएम-जनमन, किसान पंजीयन, अवारा पशुओं पर नियंत्रण, अतिक्रमण, मुआवजा, अनुकंपा नियुक्ति, पेंशन आदि प्रकरणों के त्वरित निराकरण के निर्देश





**गौरेला-पेंड्रा-मरवाही** 04 सितंबर (देशबन्धु)। साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ने कलेक्टर श्रीमती लीना कमलेश मंडावी ने विभागों में लंबित प्रकरणों और जन शिकायतों एवं जन समस्याओं के निराकरण की विभागवार समीक्षा की।

कलेक्टर के अरपा सभाकक्ष में आयोजित बैठक में उन्होंने विकास खण्डवार स्कूली बच्चों के लंबित आय एवं जाति प्रमाण पत्रों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि स्कूली बच्चों को जाति प्रमाण पत्र जारी करने में विलंब नहीं होना चाहिए। इसके लिए जिला शिक्षा अधिकारी और तहसीलदारों एवं एसडीएम को समन्वय से परीक्षण के बाद प्रमाण पत्र जारी करने कहा।

कलेक्टर ने पीएम-जनमन योजना के तहत गौरेला विकासखण्ड के सभी 13 ग्राम पंचायतों एवं 54 बसाहटों में निवासरत बैगा परिवारों को सभी विभागों द्वारा संचालित हितग्राही मूलक योजनाओं से लाभान्वित करने कहा। इसके साथ ही आकांक्षी ब्लॉक गौरेला में नीति आयोग द्वारा निर्देशित संपूर्ण स्वच्छता के तहत 6 इंडिकेटरों के अलावा 40 इंडिकेटरों को पूर्ण करने कहा। उन्होंने अनुकंपा नियुक्ति और पेंशन प्रकरणों की विभागवार समीक्षा करते हुए कहा कि कोई भी प्रकरण जिला स्तर पर लंबित नहीं होना चाहिए। उन्होंने खरीफ वर्ष 2024-25 में नए किसानों का पंजीयन और पूर्व में पंजीकृत किसानों को कैरिफारवर्ड करने कृषि, जिला सहकारी केन्द्रिय बैंक एवं राजस्व विभाग के समन्वय से समय-सीमा में करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने आगामी नगरीय निकायों एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में आरक्षण निर्धारण के लिए शहरी एवं ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में ओबीसी सर्वे का कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जलशक्ति अभियान, राशन कार्डों का नवीनीकरण, सड़कों पर से अवारा पशुओं को नियंत्रित करने की कार्रवाई सतत रूप से जारी रखने, नक्शा बटांकन, अतिक्रमण, भू-अर्जन अवार्ड, आरबीसी 6-4 आदि प्रकरणों को त्वरित रूप से निराकृत करने संबंधित विभागों को निर्देश दिए। बैठक में परियोजना निदेशक डीआरडीए के पी तेंदुलकर, संयुक्त कलेक्टर प्रिया गोयल, एसडीएम मरवाही दिलेराम डाहिरे एवं पेण्ड्रारोड अमित बेक सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

अनुबंध- ।।

बिलासपुर मंडल के रेलवे स्टेशनों पर कैटरिंग इकाईयों के अनुबंध के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की गई है। कैटेलॉग पहले ही आईआरईपीएस वेबसाइट (https://ireps.gov.in) पर दिनांक 22.08.2024 को प्रकाशित किया जा चुका है। विवरण इस प्रकार है।

| कैटेलॉग नं. | कोटि | नीलामी दिनांक और समय | लॉट क्रमांक | लॉट विवरण | अनुबंध की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| CAT- BSP-24-SMU | खानपान - विशेष लघु इकाई (एसएमयू) | 09.09.24 15:00 | Catg-BSP-JLW-SMU-157-23-1 | चाय की दुकान नं. टीएस/223/जेएलडब्ल्यू/पीएफ-2, झालवाड़ा आरक्षित | 1826 दिन |
| | | 09.09.24 15:10 | Catg-BSP-RIG-SMU-11-22-1 | चाय की दुकान संख्या टीएस/36/आरआईजी/पीएफ-1, रायगढ़ आरक्षित | |
| | | 09.09.24 15:20 | Catg-BSP-MWRN-SMU-162-23-1 | चाय की दुकान क्रमांक टीएस/242/ एमडब्ल्यूआरएन/पीएफ-1, मड़वारानी आरक्षित | |
| | | 09.09.24 15:30 | Catg-BSP-CHRM-SMU-126-23-1 | चाय स्टॉल नं. टीएस/144/सीएचआरएम/पीएफ-1/2, चिरमिरी आरक्षित | |
| | | 09.09.24 15:40 | Catg-BSP-RPD-SMU-165-23-1 | चाय की दुकान नं. टीएस/250/आरपीडी/पीएफ-1, रूपौंद आरक्षित | |
| | | 09.09.24 15:50 | Catg-BSP-TGQ-SMU-195-23-1 | पीएफ 1 टेंगनमाड़ा में टीजीक्यू स्टेशन पर चाय की दुकान आरक्षित | |
| | | 09.09.24 16:00 | Catg-BSP-JLW-SMU-191-23-1 | झालवाड़ा स्टेशन क्रमांक टीएस/2 की चाय की दुकान आरक्षित | |
| | | 09.09.24 16:10 | Catg-BSP-JTI-SMU-190-23-1 | चाय की दुकान क्रमांक TS/218/JTI/PF1, PF 1 जैतहरी आरक्षित | |
| | | 09.09.24 16:20 | Catg-BSP-BRJN-SMU-119-22-1 | चाय की दुकान नं. टीएस/135/बीआरजेएन/पीएफ नं. 1, ब्रजराजनगर आरक्षित | |
| | | 09.09.24 16:30 | Catg-BSP-CHRM-SMU-127-23-1 | चाय स्टॉल नं. आईएस/145/चार्म/ओएफ-1/2, चिरमिरी आरक्षित | |
| | | 09.09.24 16:40 | Catg-BSP-UMR-SMU-23-22-1 | उमरिया में चाय की दुकान संख्या TS/105/UMR/PF-2/3 आरक्षित | |

सीपीआर/10/218 — सहायक वाणिज्य प्रबंधक, द.पू.म.रेलवे, बिलासपुर



**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that, I Pranshu Goyal S/O Manoj Goyal residing at 167, Sardar Vallabh Bhai Patel Nagar, Jamnipali, Korba (C.G.)-495450. I have changed my old name Pranshu Goyal S/O Manoj Goyal. So, in future I should be recognized by my new name that is Pranshu Goyal S/O Manoj Kumar Agarwal in all government and other documents.

PRANSHU GOYAL S/O MANOJ KUMAR AGARWAL
167, Sardar Vallabh Bhai Patel Nagar, Jamnipali, Korba (C.G.)-495450



**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग बलरामपुर**
**जिला-बलरामपुर- रामानुजगंज (छ.ग.)**
**शुद्धि पत्र क्र. 1**

निविदा सूचना क्र.02/व.ले.लि./ 2024-25 दिनांक 14.08.2024 निविदा सिस्टम नं. 157626, 157628, 157629 (तृतीय आमंत्रण) विज्ञापन क्र. 242501853 में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है -

| स.क्र. | विवरण | पूर्व प्रसारित | संशोधन |
|---|---|---|---|
| 1. | Bid Due date & time | 02.09.2024, 17:30 Hours | 16.09.2024 17:30 Hours |
| 2. | Bid Open, Start date & time | 03.09.2024, 11:30 Hours | 18.09.2024, 11:30 Hours |

निविदा की अन्य शर्तें यथावत रहेगी।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग बलरामपुर
जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)
कृते- मुख्य अभियंता
हसदेव गंगा कछार जल संसाधन विभाग, अंबिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)

जी- 242502198/4



**कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा बिलासपुर संभाग, बिलासपुर (छ.ग.)**
**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

ज्ञा.क्र. 2979/ टेण्डर/ वलेलि/ ग्रा.यां.सेवा/ 2023 — बिलासपुर, दिनांक...........

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग के पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न दर्शित कार्या हेतु प्रमुख अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, द्वारा जारी एवं दिनांक 01.11.2021 से लागू दर अनुसूची के आधार पर फार्म 'ए' में ऑनलाईन (Online) निविदा प्रतिशत दर पर आमंत्रित की जाती है :-

| टेण्डर क्रमांक/ एनआईटी नं. | कार्य का नाम/ स्थान | अंतिम तिथि | ठेके की अनुमानित लागत लाख में | निविदा का क्रम |
|---|---|---|---|---|
| 158250 13/ 2024-25 | डब्ल्यूबीएम सड़क निर्माण सोनसरी से पड़सोढ़ी तक,सोनसरी (शेष कार्य), वि.ख.मस्तूरी | 18.09.2024 | 22.27 | प्रथम आमंत्रण |
| 158251 14/ 2024-25 | प्रा.शाला भवन निर्माण (छुईहा),खुरदर, वि.ख. कोटा | 10.09.2024 | 17.88 | तृतीय आमंत्रण |

Note -
01. निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति (परिशिष्ट- 2.10) एवं निविदा दस्तावेज (परिशिष्ट-2.13) यथा संशोधित व अन्य जानकारी वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in अथवा कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में उपस्थित होकर देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
संभाग बिलासपुर

जी- 242502229/5



**कार्यालय, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग, (वि./ यां.) संभाग अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)**
**निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक- 3182/ NIT-6 / 2024-25/ व.ले.लि./ — दिनांक : 02/09/2024

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि:- 12/09/2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 19/09/2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 20/09/2024 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक
कार्य हेतु :-

निविदा प्रपत्र का मूल्य :- 750.00 रूपये, निविदाकारों की श्रेणी :- ई-पंजीयन के अंतर्गत ''द'' से ''अ'' तक तथा कार्य की अवधि दिनांक 31.12.2024 तक वर्षा ऋतु सहित निर्धारित है।

| एनआईटी क्र.6 निविदाक्र. | कार्य का नाम/ NoOfCalls (द्वितीय आमंत्रण) | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) - अमानत राशि (रू. में)- बैंक साल्वेंसी (रू.में) |
|---|---|---|
| T0054 | जिला जशपुर में नवीन जिला परिवहन कार्यालय भवन का विद्युतीकरण कार्य (बजट कार्य) | 6.75-5100.00-101250.00 |
| T0055 | जशपुर जिले में ब्लाक पत्थलगांव के अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल भवन टिलडेगा में विद्युतीकरण कार्य। // सिविल जमा कार्य// | 5.81-5000.00-87150.00 |
| T0056 | जशपुर जिले में ब्लाक कुनकुरी के अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल कंडोरा का विद्युतीकरण कार्य। // सिविल जमा कार्य// | 5.81-5000.00-87150.00 |
| T0057 | जशपुर जिले के अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल भवन लुखी में विद्युतीकरण कार्य।// सिविल जमा कार्य// | 5.81-5000.00-87150.00 |
| T0058 | जशपुर जिले के अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल भवन रायकेरा में विद्युतीकरण कार्य। // सिविल जमा कार्य// | 5.81-5000.00-87150.00 |
| T0059 | एम.सी.बी.जिले में ब्लाक मनेन्द्रगढ़ के अंतर्गत ग्राम पंचायत नागपुर के रेल्वे स्टेशन से मुख्य मार्ग नागपुर में एरिया लाइटिंग कार्य। // जमा कार्य// | 9.75-7400.00-146250.00 |
| T0060 | माँ महामाया एअरपोर्ट अंबिकापुर के लिए 03 नग स्प्लिट टाइप एवं 01 टावर एयर कंडीशनर लगाये जाने के विद्युतीकरण कार्य। // जमा कार्य // | 2.76-2760.00-41400.00 |
| T0061 | शासकीय महाविद्यालय सनावल में प्राचार्य निवास1, प्राध्यापक निवास 2 तथा तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग आवास 2 कुल 5 आवासीय भवन में विद्युतीकरण कार्य //बजट कार्य// | 4.60-4600.00-69000.00 |
| T0062 | शासकीय महाविद्यालय वाड्रफनगर में प्राचार्य निवास1, प्राध्यापक निवास 2 तथा तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग आवास 2 कुल 5 आवासीय भवन में विद्युतीकरण कार्य //बजट कार्य// | 4.60-4600.00-69000.00 |

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (वि./यां.)
संभाग- अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ.ग.)

जी- 242502232/1



**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, DEEPAK KUMAR S/O PURUSHOTTAM resident of POST KUDURMAAL URAGA URGA KORBA (C.G.) have changed my old name DEEPAK KUMAR S/O PURUSHOTTAM so in future I should be recognized by my new name that is DEEPAK KUMAR SAHU S/O PURUSHOTTAM in all Government and other documents.

DEEPAK KUMAR SAHU
POST KUDURMAAL URAGA URGA KORBA (C.G.)



**न्यायालय नायब तहसीलदार-2 बिलासपुर**
**मामले की श्रेणी : राजस्व**

संदर्भ:- जिला-बिलासपुर तहसील-बिलासपुर प.ह.नं. 37 तोरवा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक - RD2023244001083OO167

**// ईश्तहार //**

तहसील बिलासपुर के प.ह.नं. 37 के अंतर्गत ग्राम तोरवा के वर्तमान भूमिस्वामी सौरेन्द्र नाथ घोष पिता उपेन्द्र नाथ घोष पता-सादेह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 879/15(0.0240) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता शुभोजीत घोष सुदीसो कुमार घोष पिता स्व. सौरेन्द्र नाथ घोष पता-हेमूनगर बिलासपुर, श्रीमती शोबाना घोष पिता/ पति स्व. सौरेन्द्र नाथ घोष पता-हेमूनगर बिलासपुर के नाम पर पंजीयन/ फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 27/09/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार-2 बिलासपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 04/09/2024 को जारी किया जाता है।

सील
Rahul sharma
नायब तहसीलदार,
बिलासपुर (छ.ग.)



**कार्यालय, प्रबंध संचालक, छ.ग.राज्य कृषि विपणन (मण्डी) बोर्ड**
''सरदार वल्लभ भाई पटेल भवन'' सेक्टर-24, कयाबांधा, अटल नगर, नया रायपुर-492018
फोन 0771 2990592, email-Indcgmandiboard@gmail.com, website-www.agriportal.cg.nic.in

क/ बी-6/ पंडरिया मंडी/ 10-2/23-24/ 3359 — नवा रायपुर, दिनांक 03/09/2024

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना**

Main Portal:http://eproc.cgstate.gov.in
Sub Portal :http://samb.eproc.cgstate.gov.in

कृषि उपज मंडी समिति पंडरिया, जिला कबीरधाम की ओर से छ.ग.राज्य कृषि विपणन (मण्डी) बोर्ड द्वारा ऑनलाईन निविदाएं छ.ग. लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत, सक्षम श्रेणी में पंजीकृत निविदाकारों से प्रपत्र 'अ' प्रतिशत दर पर अधोलिखित निर्माण कार्यों हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-

ऑनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि - 24.09.2024
फिजिकल सबमिशन की अंतिम तिथि - 30.09.2024

| क्र. | कार्य का नाम / स्थल | अनुमानित लागत (लाख में) | एस.ओ.आर.विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | कृषि उपज मंडी समिति पंडरिया मूल मंडी प्रांगण में 10 नग सेण्ड्रीशॉप निर्माण | 35.86 | लो.नि.वि.भवन कार्य हेतु दि. 01.01.2015 से एवं विद्युत कार्य हेतु 01.07.2015 से प्रभावशील एस.ओ.आर.पर |

उपरोकत निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य एवं विशेष शर्तें, धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in वेबसाईट पर निर्धारित तिथि तक देखे जा सकते हैं।

सही/ सचिव, कृषि उपज मंडी समिति पंडरिया, जिला कबीरधाम — संवाद- 41319/2 — सही/- भारसाधक अधिकारी, कृषि उपज मंडी समिति पंडरिया, जिला कबीरधाम

# देश

उवाच

"ड्रोन का उपयोग करके नागरिक आबादी और सुरक्षा बलों पर बम गिराना आतंकवाद का कृत्य है, और मैं इस तरह के कायरतापूर्ण कृत्यों की कड़े शब्दों में निंदा करता हूं। मणिपुर सरकार इस तरह के अकारण हमले को अत्यंत गंभीरता से लेती है।

**–एन. बीरेन सिंह, मणिपुर के मुख्यमंत्री**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 26° | 25° |
| मुंबई | 3° | 27° |
| कोलकाता | 31° | 27° |
| चेन्नई | 31° | 28° |

# महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण से होगी देश की प्रगति : द्रौपदी मुर्मू

## मुख्यमंत्री माझी लड़की बहिन योजना के लाभार्थियों को किया संबोधित

**मुंबई,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को महिलाओं के हक के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण से देश की प्रगति और विकास होगा। उन्होंने महिलाओं से केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए भी कहा। एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार की मुख्यमंत्री माझी लड़की बहिन योजना और शाशान आपल्या दारी कार्यक्रमों के लाभार्थियों को मुर्मू ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आर्थिक सशक्तिकरण से महिलाओं का व्यक्तिगत विकास होगा, जो देश की आबादी का आधा हिस्सा हैं।

**13 लाख महिलाओं को पहले ही लखपति दीदी बनाए जाने पर जताई खुशी**



केंद्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लें महिलाएं : **द्रौपदी मुर्मू**

**देश के कार्यबल में बढ़ रही महिलाओं की भागीदारी**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि पुरुषों को महिलाओं की क्षमता को समझना चाहिए और उन्हें अपने सपनों तथा आकांक्षाओं को प्राप्त करने में मदद करनी चाहिए। देश के कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ रही है। राष्ट्रपति मुर्मू ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि महाराष्ट्र सरकार ने 25 लाख महिलाओं को लखपति दीदी (प्रति वर्ष एक लाख रुपए से अधिक कमाने वाली महिलाएं) बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। उन्होंने कहा कि वह यह जानकार खुश हैं कि 13 लाख महिलाओं को पहले ही लखपति दीदी बनाया जा चुका है। उन्होंने कहा कि केंद्र ने लखपति दीदी के लक्ष्य को एक करोड़ से संशोधित कर तीन करोड़ कर दिया है। मुर्मू ने महिलाओं से अपने परिवारों की देखभाल करते हुए अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए कहा। उन्होंने कहा, अगर आप समृद्ध और स्वस्थ रहेंगे तो देश का विकास होगा और प्रगति होगी।

### राष्ट्रपति ने विश्वशांति बुद्ध विहार का किया उद्घाटन

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महाराष्ट्र के लातूर जिले के उदगीर में विश्वशांति बुद्ध विहार का उद्घाटन किया। राष्ट्रपति बुधवार सुबह नांदेड़ पहुंचीं, जहां से उन्हें हेलीकॉप्टर से उदगीर ले जाया गया। बुद्ध विहार के उद्घाटन के बाद वहां प्रार्थना का आयोजन किया गया। अधिकारियों ने बताया कि बुद्ध विहार में स्थापित भगवान बुद्ध की प्रतिमा का वजन 520 किलोग्राम है और यह 10.5 फुट ऊंची है। उद्घाटन समारोह में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले, राज्य मंत्री संजय बंसोडे और अदिति तटकरे और अखिल भारतीय भिक्षु संघ के सदस्य मौजूद थे। पार्टी के सूत्रों ने बताया कि उपमुख्यमंत्री अजित पवार अस्वस्थ होने के कारण कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके और मुंबई में अपने आवास पर आराम कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि बुद्ध विहार पड़ोसी कर्नाटक के कलबुर्गी में इसी तरह के प्रतिष्ठान की प्रतिकृति है। यह बुद्ध विहार 1.15 हेक्टेयर भूमि पर बनाया गया है और इसमें 1,200 लोग बैठ सकते हैं। इसका प्रवेश द्वार मध्य प्रदेश के सांची स्तूप के प्रवेश द्वार के डिजाइन पर आधारित है।

## जम्मू-कश्मीर में कल चुनावी घोषणापत्र जारी करेंगे शाह

**जम्मू,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह छह सितम्बर को जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी का घोषणापत्र जारी करेंगे और पार्टी के अभियान की शुरुआत करने के लिए जम्मू में रैलियों को संबोधित करेंगे जम्मू-कश्मीर में तीन चरणों में विधानसभा चुनाव 18 सितम्बर, 25 सितम्बर और एक अक्टूबर को होगा और मतगणना आठ अक्टूबर को होगी। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने कहा अमित शाह छह सितंबर को पार्टी का घोषणापत्र जारी करने और राजनीतिक रैलियों को संबोधित करने के लिए यहां आएंगे। उन्होंने कहा कि शाह का दौरा दो दिनों का होने की उम्मीद है जिसके दौरान वह सार्वजनिक रैलियों को संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि वह 6 सितम्बर को यहां एक होटल में स्थापित मीडिया वॉर रूम में घोषणापत्र जारी करेंगे। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि रैलियों के लिए स्थानों को अंतिम रूप दिया जा रहा है जिसके लिए पार्टी नेता बैठकें कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का दौरा भी प्रस्तावित है क्योंकि उनके जम्मू क्षेत्र के प्रमुख पहाड़ी जिलों में से एक में सार्वजनिक रैली को संबोधित करने की उम्मीद है जिसके लिए भी तैयारियां चल रही हैं।



## गुजरात में भारी बारिश से एक सप्ताह में 49 लोगों की गई जान

### राहत-बचाव एजेंसियों ने 37 हजार लोगों को बचाया

**अहमदाबाद,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। गुजरात इस समय बाढ़ का दंश झेल रहा है, राज्य के कई जिलों में बाढ़ के पानी के आम जनजीवन बहुत प्रभावित हुआ है। वहीं सरकारी आंकड़े के मुताबिक राज्य में अगस्त महीने में हुई भारी बारिश से 49 लोगों की मौत हो चुकी है। 25 से 30 अगस्त के बीच गुजरात के कई इलाकों में गहरे दबाव के कारण भारी से बहुत भारी बारिश हुई। राज्य राहत आयुक्त आलोक कुमार पांडे ने बताया कि गुजरात-राजस्थान सीमा पर बना दबाव धीरे-धीरे अरब सागर में चला गया (जो बाद में चक्रवाती तूफान असना में बदल गया) वहीं राज्य में भारी बारिश के मद्देनजर, राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल की 17 टीमें, राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) की 27 टीमें, सेना की नौ टुकड़ियां और भारतीय वायुसेना के साथ-साथ तटरक्षक बल की अतिरिक्त टीमें तैनात की गई हैं। उन्होंने बताया, इन टीमों ने 37,050 लोगों को सफलतापूर्वक बचाया है और 42,083 अन्य लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया है। राज्य राहत आयुक्त के अनुसार बारिश से प्रभावित जिलों में अस्थायी और स्थायी मकानों को हुए नुकसान का आकलन करने के लिए सर्वेक्षण किया जा रहा है, जिसमें आंशिक रूप से या नष्ट हुए मकान भी शामिल हैं। 4,673 प्रभावित मकानों और झोपड़ियों के मालिकों को 3.67 करोड़ रुपए की सहायता राशि वितरित की गई है। प्रभावित परिवारों और लोगों की संख्या के बारे में विवरण उपलब्ध होने पर जिला प्रशासन घरेलू सामान के नुकसान और आपातकालीन नकद राहत के लिए आगे के भुगतान की प्रक्रिया जारी रखेगा।



### 22 लोगों के परिजनों को दी गई सहायता राशि

गांधीनगर स्थित राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र (एसईओसी) में राज्य राहत आयुक्त आलोक कुमार पांडे ने बताया कि इस अवधि के दौरान, बिजली गिरने, दीवार गिरने और बाढ़ के पानी में डूबने जैसी बारिश से संबंधित घटनाओं में 49 लोगों की मौत हो गई। राज्य राहत आयुक्त ने कहा, 49 मौतों में से 22 के परिजनों को पहले ही नियमों के अनुसार मुआवजे के तौर पर 4-4 लाख रुपये दिए जा चुके हैं। मारे गए 2,618 पशुओं के मालिकों को 1.78 करोड़ रुपये की राशि वितरित की गई है।

## सार संक्षेप

### अलग राज्य की मांग को लेकर जीएनएलएफ ने किया प्रदर्शन

**दार्जिलिंग।** गोरखा नेशनल लिबरेशन फ्रंट (जीएनएलएफ) ने पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जिले के विभिन्न इलाकों में काले झंडे फहराकर अलग राज्य की मांग को लेकर बुधवार को प्रदर्शन किया। जीएनएलएफ ने राज्य और केंद्र सरकार पर अलग राज्य की मांग को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया है। काले झंडे फहराने के अभियान का तीसरा चरण नलिडंडा गेट से शुरू हुआ और मंगपु लठपंचर समुदाय, मंगपु रेसिपी मार्केट कटुवालगोली, निर्मला चौक, रवीन्द्र भवन और चालीस गेट तक पहुंचकर संपन्न हुआ।

### भूटान निर्यात करने ले जा रहे कफ सिरप जब्त

**जयगांव।** पश्चिम बंगाल के जयगांव के जहरना बस्ती में पुलिस ने अवैध कफ सिरप के कारोबार पर बड़ा एक्शन लिया है। पुलिस ने एक व्यक्ति के घर से 12 बोतल अवैध कफ सिरप बरामद किया है और तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने यह कार्रवाई की है। गिरफ्तार किए गए लोगों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है और उन्हें अदालत में पेश किया जाएगा।

### चेन्नई में सड़क हादसे में चार लोगों की मौत

**चेन्नई।** चेन्नई में ईस्ट कोस्ट रोड पर बुधवार सुबह कार दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस मुख्यालय में प्राप्त रिपोर्ट के मुताबिक दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई है। प्रारंभिक रिपोर्टों में कहा गया है कि पीड़ित दुर्घटना के समय पुदुचेरी से चेन्नई लौट रहे थे। इसी दौरान उनकी कार सेमेनचेरी के पास एक लॉरी से टकरा गई। मृतकों की पहचान की जा रही है। दुर्घटना के बाद इस व्यस्त मार्ग पर कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और शवों को पोस्टमार्टम के लिए चेंगलपट्टू सरकारी अस्पताल पहुंचाया। टक्कर के कारण दुर्भाग्यपूर्ण कार क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया।

### आईआईटी भुवनेश्वर की छात्रा ने की आत्महत्या

**भुवनेश्वर।** ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर स्थित आईआईटी में बीटेक की एक छात्रा ने परिसर में एक इमारत से कूदकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों ने बताया कि दिल्ली की कृतिका राज नाम ने मंगलवार रात चौथी मंजिल से कूदकर कथित आत्महत्या कर ली। आईआईटी भुवनेश्वर के अधिकारियों ने छात्रा के माता-पिता को इस बारे में जानकारी दे दी है। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए कैपिटल अस्पताल भेज दिया गया है।

## ओम बिरला ने दादाभाई नौरोजी की जयंती पर किया याद

**नई दिल्ली,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को दादाभाई नौरोजी की जयंती पर संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। राज्यसभा के उप सभापति, हरिवंश संसद सदस्य पूर्व सदस्यों और लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह ने भी दादाभाई नौरोजी को पुष्पांजलि अर्पित की।



दादाभाई नौरोजी, जिन्हें भारत के ग्रैंड ओल्ड मैन के नाम से भी जाना जाता है, हाउस ऑफ कॉमन्स (1892) के लिए चुने गए पहले ब्रिटिश भारतीय सांसद थे। उन्हें अपने धन की निकासी सिद्धांत के लिए व्यापक रूप से प्रशंसित किया गया है और वह भारतीय स्वतंत्रता के अग्रणी समर्थकों में से एक थे। दादाभाई नौरोजी के चित्र का अनावरण तत्कालीन लोक सभा अध्यक्ष जी.वी. मावलंकर ने 13 मार्च 1954 को संसद भवन (अब संविधान सदन) के केंद्रीय कक्ष में किया था।

संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में संसद पुस्तकालय में उपलब्ध दादाभाई नौरोजी की और उन पर लिखी पुस्तकों की एक प्रदर्शनी लगाई गई। इसके अतिरिक्त, लोक सभा सचिवालय द्वारा हिंदी और अंग्रेजी में प्रकाशित दादाभाई नौरोजी की जीवनवृत्त वाली पुस्तिका गण्यमान्य व्यक्तियों को प्रस्तुत की गई।

### बिहार में जमीन के सर्वो पर भड़के प्रशांत किशोर,कहा

# जमीन सर्वे से घर-घर में होंगे झगड़े व मुकदमे

**पटना/आरा,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। बिहार में बीते 20 अगस्त से शुरू हुए जमीन सर्वे को लेकर लोगों में भारी संशय की स्थिति है। जमीन का सर्वे कैसे होगा। कहीं लोगों की जमीनें छीन तो नहीं जाएंगी। वंशावली कैसे बनेगी। ऐसे कई तरह के सवाल लोगों के जेहन में चल रहे हैं। जमीन के सर्वे के दौरान विवाद बढ़ने की भी संभावना जताई जा रही है। जनसुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने इसके लेकर चिंता जताई है। उन्होंने जमीन सर्वे को नीतीश सरकार की ताबूत का आखिरी कील बताया है। बिहार में जमीन के सर्वे पर भड़के प्रशांत किशोर ने कहा है कि बिहार की सरकार बोतल से जिन्न निकालने की कोशिश कर रही लेकिन उसे यह भी पता नहीं है कि जिन्न को अगर बोतल में वापस डालना होगा तो वह बोतल में कैसे जाएगा। सरकार ने इतना बड़ा बखेड़ा कर दिया है कि नीतीश कुमार को पता ही नहीं चल रहा है कि यह खत्म होने वाला नहीं है।

**जनसुराज के संस्थापक ने विवाद बढ़ने की जताई संभावना**



बिहार में जमीन का सर्वे नीतीश सरकार के ताबूत में आखिरी कील साबित होगी : **प्रशांत किशोर**

उन्होंने कहा कि जमीन को लेकर परिवारों में झगड़ा-लड़ाई तुरंत शुरू होना है। नीतीश कुमार 6 महीने में अपने लिए बहुत बड़ी समस्या उत्पन्न करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नियती नीतीश कुमार से यह सब करा रही है। 18 साल से सरकार में थे तब उनको जमीन के सर्वे की चिंता नहीं थी लेकिन अब जब विदाई का वक्त आ गया है तो उससे पहले नियती ने उनसे यह काम करा दिया। प्रशांत किशोर ने कहा कि सत्ता से जाते जाते नियती ऐसा गलती करा देगी कि समाज झाड़ू मारकर उन्हें बाहर भगाएगा। बिहार में जमीन का सर्वे नीतीश सरकार के ताबूत में आखिरी कील साबित होगी। समाज को तो परेशानी होगी ही लेकिन किसी के कहने से वह इसको रोकने वाले नहीं हैं। राजस्व विभाग में रजिस्टर टू का सेकेंड रिकॉर्ड है ही नहीं ऐसे में विवाद बढ़ने की संभावना है। वंशावली को लेकर भी पीके ने सवाल उठाए।

उन्होंने कहा कि 20-30 साल से जिन जमीनों का बंटवारा नहीं हुआ है, उनकी वंशावली बनाना मुश्किल होगा। कई मामलों में तो बुआ या अन्य रिश्तेदारों की मृत्यु हो चुकी होगी और उनके वारिसों से सहमति लेना आसान नहीं होगा।

### जेडीयू के लोगों को दौड़ा-दौड़ाकर मारेंगे बिहार के लोग : प्रशांत किशोर

जनसुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने कहा कि जमीन सर्वे के बहाने ऊपर वाले ने नीतीश कुमार की विदाई तय कर दी है। जैसे ही जमीन को लेकर विवाद बढ़गा तो बिहार के लोग जेडीयू के लोगों को दौड़ा-दौड़ाकर मारेंगे। बिहार में न तो कानूनन बेटियों को जमीन दी गई और ना ही उन्होंने मांगा है। अब जब जमीनों के दाम बढ़ गए हैं, उसका परिवार कभी भी जमीन देने के लिए तैयार नहीं होगा। वंशावली बनेगी नहीं और सारे जमीन विवाद में चले जाएंगे।

## बिहार में दो नए सूचना आयुक्तों की नियुक्ति पर हुआ फैसला

**पटना,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। पटना में बुधवार को करीब आठ महीने बाद चाचा-भतीजे की मुलाकात हुई। नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव एक दूसरे से मिले। मामला दो नए सूचना आयुक्तों की नियुक्ति का था। सूचना आयुक्तों की नियुक्ति के लिए बनी कमेटी में मुख्यमंत्री के साथ-साथ नेता प्रतिपक्ष भी शामिल होते हैं। राज्य सचिवालय में हुई इस बैठक में बिहार में दो नए सूचना आयुक्तों की नियुक्ति का फैसला ले लिया गया। सूत्रों से मिल रही जानकारी के मुताबिक नीतीश-तेजस्वी की बैठक में राज्य के पूर्व मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा को सूचना आयुक्त बनाने पर सहमति बन गई। ब्रजेश मेहरोत्रा तीन दिन पहले बिहार के मुख्य सचिव पद से रिटायर हुए हैं। नीतीश कुमार ने सत्ता में आने के बाद रिटायर होने वाले आला अधिकारियों को सेट करने की परंपरा बना रखी है। इसी परंपरा के तहत ब्रजेश मेहरोत्रा को सूचना आयुक्त का पद मिलने जा रहा है। इस बैठक में दूसरे सूचना आयुक्त की नियुक्ति पर भी सहमति बनी। प्रकाश कुमार को सूचना आयुक्त बनाने का फैसला लिया गया है। वे फिलहाल एक न्यूज चैनल में कार्यरत हैं। सरकार ने उन्हें सूचना आयुक्त बनाने का फैसला लिया है।



- ब्रजेश मेहरोत्रा व प्रकाश कुमार के नाम पर मंजूरी
- राज्य सचिवालय में नीतीश-तेजस्वी संग बैठक में लिया गया फैसला

### बिहार में सूचना आयुक्त के दो पद थे खाली

बता दें कि सूचना आयुक्त की नियुक्ति तीन साल के लिए होती है। उन्हें राज्य सरकार के सचिव की तरह वेतन, भत्ता से लेकर गाड़ी और बंगला मिलता है। बिहार में सूचना आयुक्त के दो पद खाली थे, जिन्हें भरने पर सहमति बन गई है। मुख्य सूचना आयुक्त के पद पर पूर्व मुख्य सचिव त्रिपुरारी शरण पहले से ही नियुक्त हैं।

## कलकत्ता हाईकोर्ट ने भास्कर घोष को सुरक्षा प्रदान की

**कोलकाता,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। कलकत्ता हाईकोर्ट की एकल-न्यायाधीश पीठ ने बुधवार को पश्चिम बंगाल सरकार के कर्मचारियों के संयुक्त मंच के नेता भास्कर घोष को सुरक्षा प्रदान की। घोष के खिलाफ नबन्ना अभिजन (राज्य सचिवालय तक मार्च) में भाग लेने के लिए एफआईआर दर्ज की गई थी, जो 27 अगस्त को आरजी कर मेडिकल कॉलेज में एक जूनियर डॉक्टर के बलात्कार और हत्या के विरोध में आयोजित किया गया था।

केंद्र सरकार के कर्मचारियों के बराबर महंगाई भत्ते और उस पर अर्जित बकाया मांग को लेकर लंबे समय से आंदोलन चला रहे विभिन्न राज्य सरकार के कर्मचारियों की एक संयुक्त संस्था ज्वाइंट फोरम ने 2 सितंबर को न्यायमूर्ति राजर्षि भारद्वाज की एकल-न्यायाधीश पीठ से गुहार लगाई थी। नबन्ना अभिजन में भाग लेने के लिए उनके कुछ सदस्यों के खिलाफ दर्ज की गई एफआईआर के बाद बलपूर्वक पुलिस कार्रवाई के खिलाफ सुरक्षा की मांग की गई थी। फोरम ने छात्रों के एक समूह द्वारा बुलाए गए नबन्ना अभिजन का समर्थन किया और 27 अगस्त को फोरम के कई सदस्य भी विरोध मार्च में शामिल हुए।

## शोभा करंदलाजे ने तमिलनाडु के लोगों से मांगी माफी

### रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामला

**चेन्नई,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी के नेता और केंद्रीय श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे विस्फोट से तमिलनाडु के लोगों को जोड़ने वाली अपनी टिप्पणी के लिए मद्रास उच्च न्यायालय में माफी मांगी है और कहा है कि उनका कभी भी तमिलनाडु के लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का इरादा नहीं था। करंदलाजे ने मद्रास उच्च न्यायालय में एक हलफनामा दायकर कर माफी मांगी। उन्होंने यह हलफनामा मदुरै पुलिस द्वारा उनके खिलाफ दर्ज की गई प्राथमिकी को रद्दद्द करने की उनकी याचिका सुनवाई के दौरान दायर की। हलफनामे में उन्होंने कहा कि अगर इस साल मार्च में बेंगलुरु में रामेश्वरम कैफे विस्फोट के दौरान मीडिया को दिए गए उनके बयानों से तमिलाडु के लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंची है, तो वह माफी मांगती हैं। बेंगलुरु में रामेश्वरम कैफे बम विस्फोट मामले के बारे में मीडिया को संबोधित करते हुए तमिलनाडु के लोगों के बारे में की गई कथित टिप्पणी तमिलनाडु के लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने के इरादे से नहीं की गई थी।



उन्होंने कहा कि उन्होंने पहले ही अपनी पिछली टिप्पणियों को वापस ले लिया है और अगर उनकी टिप्पणियों से तमिलनाडु के लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंची है, तो वह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से इसके लिए माफी मांगती हैं।

**राजनीति** | *जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में उमर अब्दुल्ला के लिए आसान नहीं गंदरबल का रण*

# जमायते इस्लामी के नेता सरजन बरकती बढ़ाएंगे चुनौती

- **सुरेश एस डुग्गर**

**नई दिल्ली, 4 सितम्बर (देशबन्धु)। हाल ही में हुए लोकसभा चुनावों में शिकस्त खाने वाले पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला अब गंदरबल विधानसभा क्षेत्र से किस्मत आजमाने चुनाव मैदान में उतरे हैं। हालांकि उनके मुकबाले में जमायते इस्लामी के नेता सरजन बरकती उर्फ फ्रीडम चाचा मैदान में उतरने की चुनौती देने लगे हैं।**

नेशनल कांफ्रेंस के उपाध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को गंदरबल विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए अपना नामांकन कराया। उन्होंने अपनी जीत का विश्वास जताते हुए कहा कि शेख इश्फाक जब्बार को अगर वर्ष 2014 में हम यहां चुनाव लड़ाने के लिए टिकट नहीं देते तो कभी विधायक नहीं बन पाते। और यह सच है कि जम्मू-कश्मीर में गंदरबल सीट पर मुकाबला काफी रोचक होने वाला है क्योंकि प्रतिबंधित जमायते इस्लामी के जेल में बंद नेता सरजन अहमद वागे उर्फ सरजन बरकती उर्फ आजादी चाचा ने शोपियां जिले में अपना नामांकन रद होने के बावजूद चुनाव लड़ने का अपना इरादा नहीं बदला है और वे अब गंदरबल से मैदान में उतरने की घोषणा कर चुके हैं। उल्लेखनीय है कि शेख इश्फाक जब्बार ने पिछले वर्ष नेशनल कांफ्रेंस से त्यागपत्र दिया था और उन्होंने जम्मू कश्मीर यूनाइटेड मूवमेंट नामक एक संगठन बनाया है। वह भी गंदरबल से चुनाव लड़ने जा रहे हैं। इस अवसर पर उमर अब्दुल्ला ने कहा कि मैने वर्ष 2008 में गंदरबल से चुनाव जीता था और यहां कई विकास कार्य शुरू कराएं। हमने शेख इश्फाक जब्बार को चुनाव में अपना उम्मीदवार बनाने का वादा किया था, इसलिए हमने 2014 में उन्हें यहां से चुनाव लड़ाया। इश्फाक जब्बार यहां से चुनाव जीत भी गए लेकिन विधायक बनने के बाद वह स्थानीय लोगों की उम्मीदों पर पूरा नहीं उतर पाए। इस बीच दक्षिण कश्मीर में जिला शोपियां के रहने वाले सरजन अहमद बरकती ने पहले जेनपोरा विधानसभा सीट पर चुनाव लड़ने के लिए अपना नामांकन कराया था। जेनपोरा में पहले चरण के तहत 18 सितम्बर को मतदान होना है जबकि गंदरबल में दूसरे चरण में 25 सितम्बर को मतदान होगा। दूसरे चरण के लिए नामांकन जमा कराने की समय सीमा पांच सितम्बर गुरूवार को समाप्त हो जाएगी। नेशनल कांफ्रेंस के उपाध्यक्ष ने कहा कि कश्मीर में जो निर्दलीय उम्मीदवारों की संख्या मे बढ़ोतरी नजर आ रही है, वह भाजपा का एक षड्यंत्र हैं। भाजपा चाहती है कि जम्मू कश्मीर में ज्यादा से ज्यादा निर्दलीय चुनाव लड़ें ताकि वह उनके सहारे सरकार बना सके। लेकिन मुझे नहीं लगता कि आम मतदाता भाजपा के इस मंसूबे को पूरा होने देगा। जब चुनाव परिणाम आएंगे तो सभी को पता चल जाएगा। बारामुल्ला संसदीय सीट पर हार का मुंह देख चुके उमर अब्दुल्ला के लिए गंदरबल सीट पर चुनाव जीतना बहुत जरूरी है । उन्हें पहले ही यहां पीडीपी और जम्मू कश्मीर यूनाइटेड मूवमेंट के उम्मीदवार की तरफ से कड़ी टक्कर मिलती नजर आ रही है।



- **गंदरबल से मैदान में उतरने की घोषणा कर चुके हैं सरजन बरकती**

देशबन्धु संस्कारधानी

5 बिलासपुर

गुरुवार, 5 सितंबर 2024

उल्टा पुल्टा

गोलू अपनी मोटी बीवी से- जरा ये बताओ, तड़प-तड़प कर मरना अच्छा होता है या जल्दी मरना अच्छा होता है।
बीवी- जल्दी मरना अच्छा होता है।
गोलू- तो एक काम कर, अपना दूसरा पैर भी मेरे ऊपर रख दें।

# जिला अधिवक्ता संघ के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय






## अधिवक्ताओं के लिए नये सामुदायिक भवन बनाने की घोषणा

**बिलासपुर,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज जिला अधिवक्ता संघ के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। उन्होंने संघ के नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री ने संघ की मांग पर जिला न्यायालय परिसर में नये सामुदायिक भवन बनाने की घोषणा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष दाऊराम चंद्रवंशी ने की। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री अरूण साव मौजूद थे। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में महाधिवक्ता प्रफुल्ल एन भारत, विधायक अमर अग्रवाल, धरमलाल कौशिक, दिलीप लहरिया, अटल श्रीवास्तव सुशांत शुक्ला, महापौर रामशरण यादव, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती नीता यादव, संरक्षक अधिवक्ता संघ एसके सिन्हा एवं प्रतिनिधि भारतीय विधिज्ञ परिषद शैलेन्द्र दुबे उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जिला अधिवक्ता संघ के नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि एक सप्ताह में दूसरी बार न्यायधानी बिलासपुर आने का मौका लगा है। उन्होंने कहा कि बिलासपुर का जिला अधिवक्ता संघ प्रदेश के अधिवक्तओं का सबसे पुराना संगठन है। फिलहाल साढ़े 3 हजार विद्वान अधिवक्ता इस संघ से जुड़े है। उन्होंने कहा कि इस संस्था का ऐतिहासिक महत्व रहा है। इनके सदस्यों ने आजादी की लड़ाई में सक्रिय रूप से हिस्सा लिया। यही नहीं बल्कि बड़े-बड़े राजनेता और न्यायविद इस संगठन ने पैदा किये हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिवक्ताओं के समक्ष कई समस्याएं मौजूद हैं। लेकिन उन्होंने इनकी परवाह किये बिना लोगों को न्याय दिलाने में महती भूमिका अदा कर रहे हैं। गरीबी अमीरी का भेदभाव किये बिना सभी को समभाव से न्याय दिलाने में जिला अधिवक्ता संघ ने मिसाल पेश की है। मुख्यमंत्री ने संघ की मांग पर राजस्व मण्डल एवं स्थायी लोक अदालत में सदस्यों की नियुक्ति जल्द करने का आश्वासन भी दिया। उन्होंने तीजा एवं गणेश चतुर्थी महापर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी। उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि मैं स्वयं अधिवक्ता रहा हूं। अधिवक्ताओं की समस्याओं से भली भांति अवगत हूं। उनकी तमाम समस्याएं शनैः शनैः दूर करने का प्रयास किया जायेगा। श्री साव ने कहा कि जिला अधिवक्ता संघ का इतिहास गौरवशाली रहा है। यहां से निकले विधिवेत्ता और राजनेताओं ने बिलासपुर का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि पिछले 10-12 बरसों में न्यायालयों में सुविधाओं का तीव्र गति से विकास हुआ है। आगे भी यह सिलसिला जारी रहेगा ताकि लोगों को सुलभ तरीके से न्याय मिल सकेगा। जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष दाऊराम चंद्रवंशी ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने अधिवक्ताओं की दिक्कतों का उल्लेख करते हुए इनका समाधान करने का अनुरोध मुख्यमंत्री से किया। इस अवसर पर कलेक्टर अवनीश शरण, एसपी रजनेश सिंह सहित न्यायाधीश गण, अधिवक्ता एवं शहर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## संपादकीय

### गणेश पर्वः पर्यावरण का रखें ख्याल

*हर साल की तरह गणेशोत्सव का समय लगभग आ ही पहुंचा है। शनिवार को घर-घर में और अनेक सार्वजनिक स्थलों पर गजानन महाराज की स्थापना हो जायेगी। इसके साथ ही 10 दिवसीय उत्सव की शुरुआत भी होगी जिस दौरान लोगों की आस्था एवं उमंग का प्रदर्शन होगा। देश भर की तरह ही छत्तीसगढ़ के भी ज्यादातर स्थानों में गणेशोत्सव के दौरान कई तरह के कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस दौरान प्रशासन द्वारा जारी विभिन्न प्रकार के निर्देशों का पालन करना तो आवश्यक है ही, सभी तरह के पर्यावरण के संरक्षण के साथ यह त्यौहार मनाया जाना चाहिये।*

*सबसे पहला ध्यान तो यह रखना होगा कि बिना प्रशासकीय अनुमति के सार्वजनिक तौर पर उत्सव न मनाये जायें। इसकी जो विधिवत प्रक्रिया होती है, वह पूरी करनी चाहिये। सार्वजनिक पंडालों एवं शामियानों के कारण यातायात प्रभावित न हो, इसे भी ख्याल में रखना होगा। सड़कों को इस तरह से न घेरा जाये कि वाहनों को आने-जाने में दिक्कत हो। इन आयोजनों के पास वाहन पार्किंग की व्यवस्था ज़रूरी है। साथ ही, आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा तथा सुरक्षा का पूरा ख्याल रखा जाना चाहिये। किसी भी तरह की अनहोनी न हो, इसके मुकम्मल उपाय कर रखने चाहिये। इतना ही नहीं, अगर भगदड़ मचती है या किसी भी प्रकार की दुर्घटना होती है तो उससे कैसे निपटा जाये- यह भी पहले से तय कर रखा जाये।*

*घरों में बैठाये जाने वाले गणपति बप्पा को लेकर तो कोई समस्या ही नहीं, पाया यह गया है कि सार्वजनिक कार्यक्रम कई बार पुलिस द्वारा निर्धारित समय सीमा के बाद भी आयोजित किये जाते हैं। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम होते हैं। वे देर रात तक तो चलते ही हैं, उनमें बजने वाले गाने या संगीत का वॉल्यूम भी बहुत ज्यादा रहता है। इससे आसपास रहने वालों को समस्या होती है। छात्र-छात्राओं को अध्ययन करना मुश्किल हो जाता है। विशेष रूप से बीमार और बुजुर्गों को तेज ध्वनि के चलते कई प्रकार की मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। उन्हें नींद नहीं आती। जिन्हें रक्तचाप की समस्या है या हृदय सम्बन्धी कोई बीमारी है, उनके लिये तो इस आवाज को सहन करना भी सम्भव नहीं होता। बेशक, लोग गीत-संगीत का मज़ा लें पर वह नियंत्रित और निर्धारित डेसिबल में ही बजना चाहिये।*

*गणेश की मूर्तियों को प्लास्टर ऑफ पेरिस का नहीं बनाया जाना चाहिये। इससे वहां का जल बहुत प्रदूषित हो जाता है जहां उन्हें विसर्जित किया जाता है। ज्यादातर शहरों, कस्बों एवं गांवों में नदियों या तालाबों में ये मूर्तियां विसर्जित की जाती हैं। इसके कारण किनारों पर मूर्तियों तथा उनकी सजावट की ज्यादातर सामग्रियां पानी को प्रदूषित और किनारों को गंदा कर देती हैं। बेहतर हो कि पर्यावरण के अनुकूल वस्तुएं उपयोग में लाई जायें जिनका घर या जलकुंडों में विसर्जन किया जाये।*

## सार-संक्षेप

### नॉन इंटरलॉकिंग कुछ ट्रेनों का परिचालन प्रभावित




**बिलासपुर** , 4 सितम्बर (देशबन्धु)। अधोसंरचना विकास हेतु पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर रेल मंडल के सतना रेलवे स्टेशन में नॉन इंटरलोकिंग का कार्य किया जायेगा । इस कार्य के लिए कुछ यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा । यहा कार्य दिनांक 17 से 26 सितम्बर, 2024 तक (विभिन्न तिथियो में) किया जायेगा । इस कार्य के पूर्ण होते ही गाडियों की समयबद्धता एवं गति में तेजी आयेगी । इस कार्य के फलस्वरूप दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की कुछ यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा । जिसका विवरण इस प्रकार है।

#### रद्द होने वाली गाडियां

19, 21, 24 एवं 26 सितम्बर, 2024 को चिरिमिरी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 05755 चिरिमिरी- अनूपपुर पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी । 19, 21, 24 एवं 26 सितम्बर, 2024 को अनूपपुर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 05756 अनूपपुर ङ्कचिरिमिरी पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी ।

### श्रम विभाग द्वारा श्रमिक पंजीयन के लिए शिविर 27 तक

**बिलासुपर,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। जिले के विभिन्न भवन निर्माण स्थलों में कार्यरत श्रमिकों का छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल (बीओसी) में उनके कार्य के प्रवर्ग के अनुसार शत-प्रतिशत पंजीयन हेतु श्रम विभाग द्वारा 27 सितंबर 2024 तक जिले में कुल 28 शिविरों का आयोजन किया जाएगा। जनपद कार्यालय बिल्हा एवं सेंट्रल लाइब्रेरी के पास, 04 सितंबर 2024 को एमएम फन सिटी लगरा, महामाया रेसीडेंसी सेंदरी एवं विनायक नेत्रालय के सामने निर्माण कार्य, 06 सितंबर 2024 को पुराना बस स्टैंड, जनपद कार्यालय बिल्हा के सामने एवं समृद्धि विहार सेंदरी, 10 सितंबर 2024 को बहतराई चौक, मोपका बाईपास सेंदरी एवं चकरभाठा एयरपोर्ट, 12 सितंबर 2024, को एस एस स्कूल बिल्हा, हाई कोर्ट कॉलोनी बोदरी एवं हाउसिंग कॉम्प्लेक्स छठघाट, 13 सितंबर 2024 को साहू मोहल्ला सेंदरी, 17 सितंबर 2024 को आदिवासी भवन तेलीपारा, हाउसिंग देवरीखुर्द एवं अरपा ग्रीन सेंदरी, 20 सितंबर को तहसील भवन सीपत, बरतोरी एवं गीतांजलि सिटी, 23 सितंबर 2024 को राजकिशोर नगर, 24 सितंबर 2024 को अंडरग्राउंड पार्किंग बोदरी, 25 सितंबर 2024 को मस्तूरी, 27 सितंबर 2024 को नचिकेता सिलपहरी एवं गणपति होम्स मापका में शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में ऐसे समस्त श्रमिकों का भी पंजीयन किया जाएगा जिनका पूर्व में ई-श्रम कार्ड बना हुआ है। उनके कार्य के प्रवर्ग के अनुसार उनका पंजीयन छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मण्डल में पंजीयन किया जाएगा। उक्त शिविरों में कोई भी श्रमिक केवल अपने आधार कार्ड एवं बैंक खाता व मोबाईल नंबर की जानकारी प्रस्तुत कर श्रम विभाग में अपना पंजीयन करा सकता है।

### आंगनबाड़ी सहायिका पद हेतु दावा-आपत्ति 19 सितम्बर तक

**बिलासपुर,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। एकीकृत बाल विकास परियोजना शहरी अंतर्गत वार्ड क्रमांक 25, 44, 45, 46, 37, 30, 53, 21, 60, 28, 41 एवं वार्ड क्र. 66 में सहायिका पद की नियुक्ति हेतु दावा-आपत्ति आमंत्रित किये गये है। इस संबंध में दावा आपत्ति 19 सितम्बर तक एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय बिलासपुर में कार्यालीयन समय में जमा किये जा सकते है।

# पीएम जनमन योजना से खुले विकास के रास्ते

## हीरमति बाई का पक्के आवास का सपना साकार



**बिलासपुर,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना से दूर-दराज गांवो में निवास कर रहे जनजाति समूह के पक्के आवास का सपना साकार किया है। शासन की मंशा है कि विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय को सामाजिक क्षेत्र में विशेष अधिकार प्रदान कर मुख्य धारा से जोड़ना ताकि वे भी आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त बने। ग्रामीण इलाकों के सभी पात्र हितग्राहियों के ग्रामवासियों का घर पीएम आवास योजना के तहत बनाया जा रहा है। ऐसे ही आवास योजना से जनजाति समूह की हितग्राही श्रीमती हीरमति बाई बैगा भी लाभान्वि हुई है। उन्हे अपने पक्के आवास का सपना पूरा होते हुए देख बड़ी खुशी हुई है और वे अपने परिवार सहित अपने पक्के मकान में खुशी से जीवन यापन कर रहीं हैं।कोटा ब्लॉक के ग्राम धूमा के सुदूर इलाकों में निवास करने वाली जनजाति समूह से हीरमत बाई बैगा को शासन के कल्याणकारी योजना का लाभ मिला है। उनके पक्के आवास का सपना साकार हुआ है। वे बताती है कि उनके लिए अपने पक्के आवास का सपना पूरा करना असंभव था। वे बताती है कि उनके घरों में बरसात का पानी गिरने से उनके छत से पानी टपकने लगता था। पानी टपकने से उनके उठने, बैठने की सुविधा भी नहीं हो पाती थी वे टपकती छत से ही अपना गुजारा करते थे। उनके बच्चों के भी पढ़ाई में परेशानियां आते रहती थी और मिट्टी का घरा होने के कारण कभी भी दीवार गिरने का खतरा बना रहता था। उनके घरों के आस-पास से भी जहरीले जीवों के निकलने का खतरा बना रहता था। वे बताती है कि सुदूर एवं वनांचल इलाका होने के कारण शासन की योजनाओं का प्रचार-प्रसार भी उनके ग्रामों तक नहीं पहुंच पाता था। लेकिन पीएम जनमन योजना के तहत अब सुदूर एवं वनांचल इलाकों में भी प्रचार-प्रसार के साथ समय पर योजनाओं का लाभ उन्हें और उनके ग्रामों में सभी हितग्राहियों को मिल रहा है।श्रीमती हीरमति बाई बैगा ने शासन के इस अभिनव पहल पर उनका धन्यवाद देते हुए उनके कार्यो की प्रशांसा करते नहीं थक रहीं है। वे अपने पक्के आवास में अपने परिवारजों के साथ सकुशल बिना डर भय के निवास कर रहीं है।



### शिक्षक दिवस पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन आज

**बिलासपुर,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर अवनीश शरण के निर्देश पर भारतीय रेडक्रास सोसायटी द्वारा 05 सितंबर को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का आयोजन प्रार्थना सभाकक्ष में सवेरे 11 बजे से किया गया है। कलेक्टर ने सभी स्कूलों एवं कॉलेजों के शिक्षकों से अपील की है कि वे अधिक-से अधिक संख्याा में इस स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में अपना सहयोग प्रदान करें और 5 सितम्बर शिक्षक दिवस को यादगार बनाएं।

## कलेक्टर ने महिला अधिकारी-कर्मचारियों की बैठक लेकर सुनी उनकी समस्याएं



**बिलासपुर,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर अवनीश ने आज यहां मंथन सभाकक्ष में कलेक्टोरेट सहित विभिन्न विभागों में कार्यरत महिला अधिकारियो-कर्मचारियों की बैठक लेकर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने कहा कि उनकी मांग और सुझाव पर तत्परता से निराकरण किया जाएगा। बैठक में नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार, जिला पंचायत सीईओ आर पी चौहान, एडीएम शिव कुमार बनर्जी, डिप्टी कलेक्टर रजनी भगत सहित महिला कर्मचारी मौजूद थे।कलेक्टर ने सभी से परिचय लिया और काम-काज की जानकारी लेकर उनकी समस्याएं सुनी। कलेक्टर ने कहा कि इस बैठक का उददेश्य महिला अधिकारियों-कर्मचारियों के कामकाज में आ रही दिक्कतों को जानना था। आप लोग सभी लोग अच्छा काम कर रहे हैं। किसी प्रकार की समस्या हो तो बता सकते हैं। मीटिंग में कुछ महिलाओं ने स्वच्छ प्रसाधन की मांग की। इसी प्रकार कुछ महिलाओं ने झूलाघर की मांग की। कलेक्टर ने उन्हें आश्वस्त किया कि आपकी जो भी मांगे हैं उन्हें जल्द ही पूरा किया जाएगा।

## वार्ड क्रमांक 42 की समस्याओं को लेकर निगम आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

**बिलासपुर,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। मस्तुरी विधानसभा एवं बिलासपुर नगर पालिका निगम के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 42 की समस्याओं को लेकर आज़ाद युवा संगठन द्वरा निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन मे वार्ड क्रमांक 42 नहर किनारे में लगभग 20 बीजली पोल, सड़क नही होने के कारण महोल्ला मे कीचड़ से निजात के लिए सड़को में मलबा डालने की मांग, पानी की समस्या से जूझ रहे माहौलेवाशियो के लिये एक बोर या हैंड पंप की मांग के अलावा सतबहिनिया मंदीर के पास एक राशन दुकान की मांग को लेकर नियम आयुक्त को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से आज़ाद युवा संगठन प्रमुख इशहाक कुरैशी के अलावा श्रीमती उर्वशी पालेकर संगठन जिला उपाध्यक्ष, जतिराम गोंड, कमलेश चौहान, गोवर्धन गंधर्व, रुखमणि मानिकपुरी, पिंकी सडेन, रंजीता, कुमार चौहान, देवलाल निषाद, शुकवारा बाई गोंड, मीना डोमा, रमिन बाई साहू, सुगम बाई भोई, सविता तिवारी, उत्तरा बाई चौहान, राजकुमार तिवारी, राजू खान, वंदना, पुसाइया बाई यादव, आदि लोग उपस्थित रहे।

# रेत का अवैध परिवहन करते 4 हाईवा व 1 ट्रैक्टर जब्त

## कलेक्टर के निर्देश पर खनिज विभाग की टीम ने 10 जगहों पर की छापामार कार्रवाई



**बिलासपुर,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर अवनीश शरण के आदेश पर खनि अमला बिलासपुर द्वारा नदी का पानी उतरने पर अवैध रेत उत्तखनन की सम्भावना के दृष्टिगत रखते हुये लगातार चिहाँकित क्षेत्रों की निगरानी में लगा है द्य खनि अमला ने आज सुबह 5 बजे से ग्राम लोधीपारा, कोनी, सेंदरी, कछार, लोफंदी, मंगला, धुरीपारा,

लोखंडी, निरतू, घुटकू , क्षेत्र मे रेत खदान एवं खनिज परिवहन कर रहे वाहनों की सघन जांच किया गया। जांच मे 2 हाईवा को खनिज रेत और भसुवा मिट्टी तथा 01 ट्रेक्टर को ईट(मिट्टी) का अवैध परिवहन करते पाये जाने पर पुलिस थाना कोनी की अभिरक्षा में रखा गया है। इसी तरह तीन दिवस पूर्व ही कछार क्षेत्र मे खनिज रेत/भसुवा मिट्टी का अवैध परिवहन करते पाये जाने पर 02 हाईवा को जप्तकर पुलिस थाना कोनी के ही अभिरक्षा में रखा गया है। खनि अमला द्वारा ग्राम सेंदरी, लोफंदी, कछार, निरतू, घुटकू, लामेर मे खनिज रेत के अवैध उत्खनन को रोकने हेतु नदी से रेत परिवहन मार्ग को जेसीबी मशीन से काटकर गड्ढा नियमित रूप से किया जा रहा है तथा लगातार उसकी जाँच भी की जा रही है। गड्ढा पाटे जाने पर पुनः गड्ढा बना कर रेत परिवहन मार्गो को बाधित किया जा रहा है।

जांच में मिली जानकारी अनुसार सम्बंधित ग्राम के ही व्यक्तियों के द्वारा उक्त कार्य किया जा रहा है ।परन्तु जब अमला कार्यवाही के लिए जाता है तो ग्राम का कोई व्यक्ति, सरपंच, पंच के द्वारा रेत अवैध उत्तखनन या भंडारण करने वालों की जानकारी नहीं दिया जाता।

इस स्थिति को देखते हुये खनिज विभाग जिला खनिज टास्क फोर्स की बैठक आयोजित कर कुछ नये कड़े कदम उठाने की तैयारी में लगा है ।5 वाहन चालकों/मालिकों के विरूद्ध वैध अभिवहन पास/रायल्टी पर्ची के बिना खनिजों का परिवहन किये जाने के कारण छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के नियम 71/खान एवं खनिज(विकास एवं विनियमन) अधिनियम की धारा 21 के तहत खनिज के अवैध परिवहन का प्रकरण दर्ज किया गया है।

## सार-संक्षेप

### चिरायु की टीम स्कूल व आंगनबाड़ी पहुंचकर दे रही सेवा



**कोरबा,** 04 सितंबर (देशबन्धु)। चिरायु योजना (राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम) छत्तीसगढ़ सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है। इस योजना के तहत 0 से 18 वर्ष तक के बच्चों में जन्मजात हृदय रोग, मोतियाबिन्द, कटे-फटे होठ, टेढ़े-मेड़े हाथ पैर सहित 44 गंभीर बिमारियों के इलाज शासन द्वारा कराया जाता है।

जिले में चिरायु की 12 टीमें कार्य कर रही है जिनके द्वारा जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों और स्कूल में जाकर अध्ययनरत बच्चों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है एवं गंभीर बिमारियों से ग्रसित बच्चों का निःशुल्क इलाज किया जाता है। स्वास्थ्य विभाग का चिरायु दल बच्चों की स्क्रीनिंग कर शासन को रिपोर्ट भेजते है। समय रहते उपचार से मरीज की स्थिती और अधिक नहीं बिगड़ती और साथ ही आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को इलाज और जाँच में अधिक व्यय नहीं करना पड़ता है। कलेक्टर अजीत वसंत एवं सीएमएचओ डॉ.एस.एन.केशरी ने उपरोक्त बीमारियों से ग्रसित बच्चों के अभिभावकों से अपील किए है कि वे अपने बच्चों को 5 एवं 7 सितंबर को स्कूल एवं आँगबाड़ी केन्द्र अवश्य भेजें जिससे उनकी जाँच की जा सके।

### सेवानिवृत्ति एवं पदोन्नति पर विदाई समारोह का आयोजन



**कोरबा,** 04 सितंबर (देशबन्धु)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रजगामार में पूर्व में कार्यरत सेवानिवृत्त प्राचार्य घनश्याम जाटवर एवं प्रधान पाठक पदोन्नत सुश्री मानकी लहरे और शिव कुमार दिवाकर को विद्यालय परिवार की ओर से विदाई दी गई। विद्यालय परिवार द्वारा इनको शाल, श्रीफल स्मृति चिन्ह एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर विदाई दी गई। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य एवं समस्त विद्यालय परिवार द्वारा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य रामनाथ बघेल, व्याख्याता श्रीमती एन. धनलक्ष्मी, गोपाल प्रसाद भारद्वाज, राजेंद्र प्रसाद तिवारी, श्रीमती सरोज पाण्डेय, अहिल्या साहू, नेहा चंद्रा, हीरा दास रात्रे, नीलम रात्रे, डी आर कुर्रे, रोहित साहू, चंद्रभूषण डनसेना सहित विद्यालय के स्टाफ उपस्थित थे।

### रेणुका चंद्रा का कॉलेज में टॉप और यूनिवर्सिटी में पांचवां स्थान



**कोरबा,** 04 सितंबर (देशबन्धु)। मिनीमाता कन्या महाविद्यालय ही नहीं वरन पूरे कोरबा को गौरवान्वित करते हुए बचपन से मेधावी छात्रा रही रेणुका कुमारी चंद्रा ने वर्ष 2022-23 की मुख्य परीक्षा में अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय की प्रावीण्य सूची के शीर्ष 5 में अपना स्थान प्राप्त किया है। विश्वविद्यालय परिसर बिलासपुर में आयोजित पंचम दीक्षांत समारोह में न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा (भारतीय सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश) के मुख्य आतिथ्य तथा राज्यपाल रमेन डेका की अध्यक्षता तथा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, राज्यमंत्री तोखन साहू व राज्य की प्रथम महिला रानी डेका काकोटी के अति विशिष्ट आतिथ्य में कुलपति आचार्य एडीएन वाजपेयी तथा शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय के उपकुलपति ललित प्रकाश पटेरिया ने रेणुका को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

भदरापारा बालको नगर निवासी अशोक कुमार चंद्रा एवं श्रीमती महेश्वरी चंद्रा की पुत्री रेणुका ने हिंदी साहित्य में स्नातकोत्तर की परीक्षा 80.12 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण किया हे। डीएवी स्कूल बालको से विद्यालयीन और मिनीमता कन्या महाविद्यालय से शिक्षा प्राप्त करने वाली रेणुका ने भविष्य में सिविल सर्विसेज में सेवा देने की इच्छा ज़ाहिर करते हुए अपनी सफ़लता का पूरा श्रेय माता-पिता, परिजनों व गुरूजनों को दिया है।

### स्कूटी की डिक्की खोलकर सोना-नगदी की चोरी

**कोरबा,** 04 सितंबर (देशबन्धु)। मुख्य मार्ग में एक सराफा दुकान में गए जेवरात कारीगर की स्कूटी की डिक्की खोलकर चोरी को अंजाम दिया गया।

जानकारी के अनुसार बालकोनगर इंदिरा मार्केट निवासी शेख सनोवर अली पिता शेख रूहुल अली 44 वर्ष सोने-चांदी के आभूषणों की कारीगरी का काम करता है। 2 सितम्बर को अपने बालको स्थित दुकान से ग्राहक का 11 ग्राम सोना लेकर दोपहर लगभग 2:30 बजे कोरबा के गांधी चौक स्थित ज्वेलर्स दुकान में सोना का डाईस कटाने के लिए अपने स्कूटी क्र.- सी.जी. 12-एडी 5058 से निकला था। शाम लगभग 5 बजे स्कूटी को मंगलम ज्वेलर्स के सामने खड़ी कर डाईस लेने गया था तब मंगलम ज्वेलर्स वाले ने बताया कि लाल रंग की स्कूटी को कोई अज्ञात व्यक्ति खोल रहा है। वह तुरन्त बाहर अपने स्कूटी के पास आया और अपनी चाबी से स्कूटी का डिक्की खोल कर देखा तो लगभग 11 ग्राम गलाया गया सोना, लाल रंग का चूड़ी का नाप, पांच हजार रूपये नगद और चश्मा कुल कीमत 65 हजार रुपये किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चोरी कर लिया गया। तुरंत मंगलम ज्वेलर्स में लगे सीसीटीव्ही कैमरे में चेक किया तो देखा कि एक मोटर सायकल में दो व्यक्ति आये, जिसमें से एक व्यक्ति डिक्की को खोल कर उसमें रखा सोना को चोरी करके भाग गया है। कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के विरुध्द धारा 303 (2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर पतासाजी प्रारंभ की है।

# एनीकट निर्माण साइट से लूट करने वाले 6 आरोपी पकड़े गए, अन्य की तलाश

### लूट का सामान बिलासपुर में कबाड़ी के पास बेच दिया




**कोरबा-बांगो,** 04 सितंबर (देशबन्धु)। तान नदी पर एनीकट निर्माण स्थल से निर्माण में प्रयुक्त होने वाली सामाग्रियों की लूट करने वाले आरोपियों में से एक नाबालिग सहित कुल 6 लोगों को पकड़ कर कार्रवाई की गई है। पांच आरोपी जेल दाखिल करा दिए गए हैं जबकि छठवें नाबालिग को बाल संप्रेक्षण गृह भेजा गया है। मुख्य आरोपी व अन्य की तलाश की जा रही है। कबाड़ी के विरुद्ध भी कार्रवाई की बात कही गई है।

जानकारी के अनुसार घटना की रिपोर्ट ठेकेदार जयेश मिश्रा ने दर्ज कराया था। एनीकट बनाने का काम बांगो थाना क्षेत्र के ग्राम पचरा के तान नदी में चल रहा है।

31 अगस्त की रात करीबन 1 बजे तीन नकाबपोश उसके साइट कैम्प में घुसकर सुपरवाईजर विजय साहू तथा चौकीदार पिता हेमंत कुमार तंवर के हाथ बांधकर बाहर में रखे 4 नग बैटरा, 2 नग पानी पंप तथा बाहर में रखे 80 नग लोहे का सेंटरिंग प्लेट, विजय साहू के रूम के गद्दा के नीचे पर्स में रखे 14 हजार रुपए को चोरी कर ले गये। वारदात करने वाले लोग टी-शर्ट और बरमूड़ा पहने थे और देहाती छत्तीसगढ़ी में बात कर रहे थे। कैम्प से लगभग डेढ़ लाख की लूट व चोरी को अंजाम देने के मामले में धारा 331(4), 309(4), 310 (2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर पतासाजी शुरू की गई।

### मोटरसायकल से पहुंचे थे वारदात करने, पिकअप में लोड कराया

पतासाजी के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि वारदात की रात दो पिकअप में राजू मरकाम, रविन्द्र आचार्य, आयुष, सूरज, अभिषेक सारथी के साथ मिलकर सामान लोड कर ले गये हैं। आरोपी राहुल मरकाम, राजू मरकाम, रविन्द्र आचार्य, आयुष, सूरज एवं अपचारी बालक ये सभी घटनास्थल में मोटर सायकल से गये थे। सामान चोरी करने के पश्चात अभिषेक सारथी, राहुल मरकाम दोनों पिकअप में सामान लोड कर बिलासपुर में कबाड़ी के पास बेच दिये। आरोपीगणों से वारदात में प्रयुक्त पिकअप वाहन सीजी 12 बीई 9104, मोटर सायकल हीरो एचएफ डीलक्स सीजी 12 बीई 0993 तथा नगदी रकम 4700 रूपये जप्त किया गया। सभी आरोपीगणों को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। मुख्य आरोपी घटना के बाद से फरार हैं। मामले को सुलझाने में एएसआई ओमप्रकाश परिहार, गिलेटबीन कुमार, आरक्षक अशोक खरे, जय प्रकाश यादव एवं सायबर टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## ठेका कंपनी को समय पर एचपीसी दर से वेतन देने के निर्देश
### प्रबंधन ने कहा उल्लंघन हुआ तो बिल से कटौती कर ली जाएगी



**कोरबा,** 04 सितंबर (देशबन्धु)। एसईसीएल की कुसमुंडा परियोजना में ठेका कंपनी के अधीन कार्यरत कामगारों को सही समय पर वेतन नहीं मिलने, वेतन भुगतान में एचपीसी दर का पालन नहीं करने और रोजगार के मुद्दे पर त्रिपक्षीय वार्ता आयोजित की गई। मांगों को लेकर खदान बंदी व प्रदर्शन की चेतावनी के बाद यह त्रिपक्षीय वार्ता कुसमुंडा जीएम कार्यालय में हुई जिसमें ठेका कंपनी को नोटिस जारी करते हुए निराकरण का आश्वासन दिया गया है।

पिछले दिनों जीएम कार्यालय का घेराव कर नीलकंठ कंपनी में स्थानीय लोगों को रोजगार देने तथा अन्य ठेका कंपनियों में वेतन भुगतान संबंधी गड़बड़ी की शिकायत प्रभावित भू-विस्थापितों के द्वारा दर्ज कराई गई थी। इसके पश्चात खदान बंदी की चेतावनी दी गई थी जिसे लेकर आज प्रबंधन की ओर से सहायक कार्मिक अधिकारी श्री मलिक के द्वारा बैठक की गई। इसमें नीलकंठ कंपनी में रोजगार के लिए सभी वाहन चालकों की सूची जमा करने की बात कही गई। बरसात के बाद मौसम खुलते ही अन्य कंपनियों में भी रोजगार का आश्वासन प्रबंधन ने दिया। स्थानीय बेरोजगारों को पहले रोजगार देने व राज्य से बाहर के मजदूरों की भर्ती पूर्ण रूप से बन्द करने की बात प्रमुखता से रखी गई। वरिष्ठ कार्मिक प्रबंधक के द्वारा बताया गया कि शिकायत के आधार पर मेसर्स एस एस एस जेव्ही कंपनी कैम्प कुसमुंडा को अधीनस्थ कर्मचारियों का पिछले दो माह से एचपीसी दर से वेतन भुगतान करने निर्देशित किया गया साथ ही कहा गया कि सभी भुगतान संबंधी दस्तावेज उनके समक्ष जमा किया जाए अन्यथा प्रबंधन द्वारा कांट्रेक्ट लेबर एक्ट-1977 के तहत सख्त कार्यवाही की जाएगी व कर्मचारियों को प्रबंधन द्वारा वेतन भुगतान कर कटौती कंपनी के बिल से कर ली जाएगी। इस बैठक में एपीएम मलिक, नीलकंठ से अश्वनी सिंह सहित प्रभावितों की ओर से अतुल दास महंत, विनोद सारथी, नरेश महंत, किरण निराला, आरिफ खान, नौशाद खान, सिजू, राजू, रूपेश निरंजन आदि वाहन चालक उपस्थित रहे।

## रिटायर्ड सीएसईबी कर्मी व रेलवे कर्मी के घर चोरी

**कोरबा,** 04 सितंबर (देशबन्धु)। अज्ञात चोरों ने मानिकपुर पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम दादर स्थित हाऊसिंग बोर्ड कालोनी के अगल-बगल स्थित दो मकानों में चोरी को अंजाम दिया। रिटायर्ड सीएसईबी कर्मी आरपी साहू के घर का ताला तोड़कर 25 हजार रुपए नगद के अलावा करीब डेढ़ लाख रुपए कीमती जेवरातों की चोरी कर ली गई। बताया गया कि आरपी साहू पत्नी का इलाज कराने रायपुर गया है जबकि घर की देखरेख के लिए चाबी रिश्तेदार को दी गई है। आज सुबह रिश्तेदार घर की देखरेख करने पहुंचा तो चोरी का पता चला। सूचना मिलते ही मानिकपुर चौकी पुलिस एक्सपर्ट के साथ घटनास्थल पहुंची। पुलिस के खोजी डॉग बाघा की भी मदद ली गई व आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को भी खंगाला गया है। कैमरे में चार लोग नजर आ रहे हैं जो नकाब और कपड़ा ओढ़कर अपने चेहरे को ढके हुए हैं। माना जा रहा है कि इन्हीं चोरों ने वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस के हाथ कुछ अहम सुराग लगे हैं।

### रेलवे कर्मी ने बाद में बताया चोरी हुई

इस मामले की तफ्तीश के दौरान बगल में रहने वाले रेलवे कर्मी ने अपने घर में भी नगद 15 हजार रुपए की चोरी होना बताया। रात 3 बजे ड्यूटी खत्म कर रेलवे कर्मी घर लौटा था जबकि उसकी पत्नी ताला बंद कर अपने परिचित के यहां



डिलीवरी होने पर मिलने के लिए अस्पताल गई हुई थी। सूने घर का ताला तोड़कर चोरी का पता चलने के बाद भी रेलवे कर्मी ने किसी तरह की सूचना 112, पुलिस या आसपास के लोगों को नहीं दी थी। जांच-पड़ताल के दौरान उसने यह बात बताई। मजे की बात तो यह रही कि जिस समय चोर उसके घर घुसे थे, वह उसी वक्त घर पहुंचा था और चोरों से आमना-सामना भी हुआ, उसका ध्यान भटकाने के लिए दो चोरों ने उस पर पत्थर फेंके तो उसने भी जवाब में पत्थर फेंका और इसका फायदा उठाकर घर में मौजूद दोनों चोर बाहर निकले व चारों लोग बाउंड्रीवॉल फांद कर फरार हो गये। जाते-जाते एक नकली पिस्तौल चारदीवारी पर रख गये, जिसे असली समझ कर वह डरता रहा।

# कलेक्टर दयानंद की प्रेरणा ने बदल दी पहाड़ी कोरवा ममता की जिंदगी

**कोरबा,** 04 सितंबर (देशबन्धु)। आठ साल पहले स्कूल खुलने के दिन यानी एक जुलाई को ग्राम आंछीमार की पहाड़ी कोरवा ममता तब कक्षा दसवीं पास करके कक्षा 11वीं में ही पहुंची थीं। तब वह बहुत असमंजस में थी कि 11 वीं में कौन सा विषय लिया जाए, जो विषय ली है, वह ठीक है या नहीं..? उसके समाज में कोई ऐसा परिचित भी उन्हें नहीं मिल रहा था कि वह उससे पूछ सकें...। विषय चयन सहित आगे की पढ़ाई को लेकर एक मोड़ पर उलझी ममता के लिए अचानक से कलेक्टर का घर आना उनके भविष्य के लिए एक नया रास्ता था।

उसे यकीन ही नहीं हो रहा था कि पहाड़ी कोरवाओं की इस छोटी सी बस्ती और तंग गली में कभी मोटर सायकल भी नहीं आता-जाता, उस गली से होकर उनके द्वार तक कलेक्टर की गाड़ी और स्वयं कलेक्टर आए हैं। ममता की खुशी का ठिकाना नहीं था। कलेक्टर ने जब उनसे पूछा...कौन से क्लास में हो...नाम क्या है ? मैं कोरबा कलेक्टर पी दयानंद हूं...तो सबसे पहले ममता ने मुस्कुराते हुए हाथ मिलाया और नाम बताते हुए कहा...तो सर आप ही कलेक्टर..है.! कलेक्टर से हाथ मिलाते ही उलझनों के मोड़ में उलझी ममता को प्रोत्साहन मिला कि उसकी जिंदगी बदल गई। कलेक्टर ने तब उन्हें एक शिक्षक की तरह समझाते हुए बायोलॉजी सब्जेक्ट चयन करने और इससे बनने वाले कैरियर के विषय में बताते हुए एकाग्रता के साथ मन लगाकर पढ़ाई करने तथा पहाड़ी कोरवा समाज की अन्य बेटियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनने की बात कही। कलेक्टर की बातों को गांठ बांधकर पूरा ध्यान पढ़ाई में लगाया और बायोलॉजी से पहले 11वीं और 12वीं पास करने के बाद



बीएससी, डीसीए, एमए की पढ़ाई पूरी की। किसी शिक्षक के रूप में एक कलेक्टर से मिले ज्ञान और अपनी पढ़ाई की बदौलत ममता ने आखिरकार कामयाबी हासिल की। अब वह शिक्षिका बन गई है और प्रभारी प्रधानपाठक का दायित्व सम्हालने के साथ ही ग्रामीण विद्यार्थियों को ज्ञान की किताब पढ़ा रही है। कोरबा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम आंछीमार की पहाड़ी कोरवा ममता शिक्षिका के रूप में प्राथमिक शाला चीतापाली में पढ़ाती है।

ममता ने 12वीं पास लड़के से विवाह किया है। उन्होंने समाज के बच्चों को स्कूल जाने वाले मन लगाकर पढ़ाई करने तथा शिक्षकों को भी बच्चों को पढ़ाई के प्रति प्रेरित करने की अपील की।

## जो धर्म की रक्षा करता है, धर्म उसकी रक्षा करता है : आचार्य मृदुलकांत



**कोरबा,** 04 सितंबर (देशबन्धु)। ब्रज मंडल वृंदावन के कथावाचक आचार्य मृदुल कांत शास्त्री ने कहा है कि जो धर्म की रक्षा करता है धर्म उसकी रक्षा करता है। विभिन्न युग में हमारे अवतारों ने इससे साबित किया है। भक्तों की पुकार पर उनकी रक्षा के लिए भगवान स्वयं उपस्थित हुए और वचन को निभाया।

ट्रांसपोर्ट नगर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय संस्कृतिक भवन आशीर्वाद पॉइंट में कबुलपुरिया परिवार के द्वारा आयोजित हो रहे श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ अवसर पर मृदुलकांत शास्त्री ने बिंदुओं को रखा और बताया कि दुशासन और दुर्योधन जैसी आसुरी शक्तियों ने अपने पत्ते फेंके और सज्जन शक्ति को परेशान करने का काम किया। यह सब दुष्ट आखिरकार पराजित हुए और भगवान श्री कृष्ण ने द्वापर में अपने भक्तों की रक्षा करने के साथ साबित किया कि धर्म और सत्य के आगे दूसरी सभी चीज बौनी है। आचार्य मृदुलकांत शास्त्री ने महाभारत युद्ध की परिस्थितियों को उधृत करते हुए यह भी कहा कि कौरव सेना के सफाये के बाद दुर्योधन इस सोच में था कि पूर्वजों को तर्पण देने का कार्य आखिर कौन करेगा? उस समय भी सबसे बड़ी चिंता और चिंतन इस बात को लेकर थी। सामान्य कारण के लिए युद्ध लड़े जाते हैं लेकिन इनके परिणाम घातक होते हैं और यह पूरी सभ्यता का विनाश कर देते हैं, इसलिए यथासम्भव विश्व को इनसे बचने की नितांत आवश्यकता है। इससे पहले आज प्रात: 8 बजे गायत्री मंदिर सीएसईबी चौक से भव्य कलश यात्रा निकाली गई जिसमें कबुलपुरिया परिवार की सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया। कथा स्थल पहुंचकर कलश यात्रा को विश्राम दिया गया। व्यासपीठ की स्थापना व पूजा-अर्चना के साथ भगवान गणेश एवं श्रीकृष्ण सहित सभी देवताओं का आव्हान किया गया। इसके पश्चात कथा प्रारंभ हुई।

## आज भव्य कलश यात्रा के साथ मेहर वाटिका में प्रारंभ होगी भागवत कथा
### श्रीराम मंदिर पुराना बस स्टैण्ड से उठेगा कलश, दुल्हन की तरह सजा कथा स्थल मार्ग



**कोरबा,** 04 सितंबर (देशबन्धु)। ठण्डुराम परिवार (कादमा वाले) कोरबा के द्वारा श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का आयोजन मेहर वाटिका, अग्रसेन मार्ग में 5 से 12 सितंबर तक कराया जा रहा है। कथा आयोजन की भव्य तैयारी आयोजक परिवार द्वारा पूरी कर ली गई है। कथा स्थल मेहर वाटिका जाने वाले मार्ग को दुल्हन की तरह आकर्षक विद्युत झालरों से सुसज्जित कराया गया है एवं व्यासपीठ भी आकर्षक रूप से मनोहारी छटा बिखेरते हुए सुसज्जित कराई गई है जहां से आचार्य कथा का श्रवण कराएंगे।

भागवत कथा का शुभारंभ 5 सितंबर गुरूवार को प्रात: 9 बजे से श्रीराम जानकी मंदिर पुराना बस स्टैण्ड में पूजा-अर्चना पश्चात प्रारंभ होने वाली भव्य कलश यात्रा के साथ होगा। कलश यात्रा मंदिर से प्रारंभ होकर अग्रसेन चौक होते हुए मेहर वाटिका में कथा स्थल पहुंचकर विराम लेगी। इसके पश्चात कथावाचक आचार्य अतुल कृष्ण भारद्वाज व्यासपीठ पर विराजमान होंगे एवं गणेश पूजन श्रीमद् भागवत कथा महात्म्य एवं गोकरण व्याख्यान के साथ कथा प्रारंभ होगी। प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से कथा व्यासपीठ से आचार्य अतुल कृष्ण भारद्वाज द्वारा श्रवण कराई जाएगी।

श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के आयोजक रामचन्द्र रघुनाथ प्रसाद अग्रवाल, लक्ष्मीनारायण रामानंद अग्रवाल, कांशीराम रामावतार अग्रवाल, प्यारेलाल रामनिवास अग्रवाल ने भव्य कलश यात्रा एवं भागवत कथा श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित करने नगरजनों से सपरिवार उपस्थिति का आग्रह किया है।

## तहि मोर आशिकी फिल्म रोमांस-एक्शन-कॉमेडी से भरपूर
### पूरे छत्तीसगढ़ में एक साथ कल होगी रिलीज

**कोरबा,** 04 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ी मूवी तहि मोर आशिकी के प्रोड्यूसर गुलशन बघेल, शुभम गुप्ता डायरेक्टर, अभिषेक सिंह और स्टार कास्ट ने बुधवार को प्रेस क्लब तिलक भवन में पत्रकारों से चर्चा की।



प्रोड्यूसर शुभम गुप्ता ने बताया कि कर्मा फिल्म प्रोडक्शन के बैनर तले धमाकेदार मोस्ट रोमांटिक परिवारिक छत्तीसगढ़ी फिल्म तहि मोर आशिकी के बाद 3 नयी फिल्मों पर जल्दी काम शुरू किया जायेगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में एक ही पैटर्न की फिल्में बन रही है जिसे देखकर दर्शक बोर हो चुके हैं। उनकी इस फिल्म में रोमांस, एक्शन, कॉमेडी का पूरा मजा दर्शकों को मिलेगा। डायरेक्टर अभिषेक सिंह ने बताया उन्होंने भोजपुरी और बॉलीवुड में भी अपनी पहचान बनाई है। यह फिल्म छत्तीसगढ़ की सबसे बड़ी रोमांटिक फिल्म होगी जो आज तक पर्दे पर देखने को नहीं मिली है। फिल्म की डिओपी की जिम्मेदारी मुंबई के कुणाल कदम ने संभाली उन्होंने बॉलीवुड की वेब सीरीज और बड़े-बड़े शो किए हैं। फिल्म के ट्रेलर में कुणाल कदम की सिनेमैटोग्राफी बखूबी नजर आ रही है जो फिल्म को एक अलग लेवल देती है। इसके लीड रोल में लक्षित झांजी नजर आएंगे क्योंकि छत्तीसगढ़-भोजपुरी इंडस्ट्री के जाने-माने स्टार रजनीश झांजी के वे बेटे हैं। इससे पहले राजस्थानी और कई छत्तीसगढ़ी फिल्मों में भी नजर आए हैं। पिता-पुत्र फिल्मी पर्दे पर भी इसी रिश्ते से एक्टिंग करते दिखेंगे।उनके अपोजिट एल्सा घोष हैं जो साउथ के साथ छत्तीसगढ़ी फिल्मों में भी अपनी दमदारी से अलग पहचान बन चुकी हैं। अपनी एक से एक छत्तीसगढ़ी हिट फिल्में उन्होंने दी है। सपोर्टिंग कलाकारों में भी कई जाने-माने चेहरे शामिल किए गए हैं। उपासना वैष्णो, मनीष वर्मा, विवेक चंद्र, पप्पू चंद्राकर, जीत शर्मा जैसे दिग्गज कलाकार देखने को मिलेंगे। फिल्म से जुड़े इन सभी लोगों ने कहा कि छत्तीसगढ़ी फिल्मों में एक नया इतिहास रचने वाली फिल्म तहि मोर आशिक 6 सितंबर को पूरे प्रदेश में रिलीज की जाएगी।

## भाजपा के सदस्यता महापर्व का नेताम ने किया शुभारंभ



कोरबा, 04 सितंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के नवीन सदस्यता अभियान का कोरबा जिले में शुभारंभ बुधवार को सीएसईबी क्लब में मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री राम विचार नेताम एवं पूर्व गृह मंत्री ननकी राम कंवर के द्वारा किया गया।

मुख्य अतिथि ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तथा प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को भाजपा का सदस्य बनाने से हो चुका है। भाजपा के नियमों के अनुरूप सभी की पुरानी सदस्यता समाप्त हो जाती है और इसके पश्चात सभी नए-पुराने सदस्यों को फिर से सदस्यता लेना पड़ता है। प्रत्येक बूथ पर 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य तय किया गया है।

कार्यक्रम को ननकी रामकंवर, जिला संगठन प्रभारी गोपाल साहू, कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, जिलाध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, जोगेश लाम्बा, राजेंद्र पांडे, अशोक चावलानी, जिला महामंत्री संतोष देवांगन, सदस्यता जिला संयोजक गोपाल मोदी व अन्य सदस्य भी मंचस्थ रहे।

## सार-संक्षेप

### फ्लोरोसिस शिविर 79 लोगों का किया गया परीक्षण



**कोरिया**, 4 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय फ्लोरोसिस रोकथाम नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखण्ड बैकुंठपुर के डुमरिया जामपारा में फ्लोरोसिस शिविर का आयोजित कर स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

शिविर में जिला एवं विकासखण्ड स्तर की संयुक्त टीम द्वारा 79 लोगों का परीक्षण किया गया। जिसमें डेंटल फ्लोरोसिस के 33, स्केलेटन फ्लोरोसिस के 14 मरीजों का पहचान की गई। शिविर में फ्लोरोसिस या पानी में फ्लोराइड की अधिकता से लोगों को स्वास्थ्य संबंधी होने वाली समस्याओं की अवगत कराया गया। जागरूकता के तहत लोगो को कैल्शियम व विटामिन सी युक्त आहार का सेवन करने की सलाह दी गई। फ्लोराइड युक्त पानी का सेवन और दैनिक उपयोग के लिए मना किया गया।

### सरगुजा संभागायुक्त ने स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, कुनकुरी के प्रभारी प्राचार्य को किया निलंबित

**अम्बिकापुर**, 4 सितंबर (देशबन्धु)। सरगुजा संभागायुक्त द्वारा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, कुनकुरी जिला जशपुर के प्रभारी प्राचार्य इकबाल अहमद खान द्वारा जिम्मेदार पद में कार्यरत होने के उपरान्त भी अशासकीय विद्यालय के छात्रों को अपने विद्यालय में अनाधिकृत प्रवेश की अनुमति देने पर तत्काल निलंबित कर दिया गया है।

उन्होंने बताया कि उक्त कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम-3 के सर्वथा विपरीत है। अतएव उन्हें छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 (1) (क) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, जशपुर नियत किया जाता है। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

### हिमांशु गुप्ता का एमबीबीएस में हुआ चयन

**करगी रोड कोटा**, 4 सितंबर (देशबन्धु)। सफलता लगन और मेहनत के साथ आसानी से हासिल की जा सकती है उसके लिए कोई विशेष संसाधनों की आवश्यक्ता की जरूरत नही है द्य एमबीबीएस में यह सफलता मोपका बिलासपुर के हिमांशु गुप्ता नें हासिल की है हिमांशु कोटा के मुकेश गुप्ता कामर्स कोचिंग शिक्षक के भांजे है।



हिमांशु गुप्ता हजारीलाल गुप्ता के पोते दिनेश गुप्ता और निर्मला गुप्ता (निम्मो) के पुत्र है। मोपका के सरस्वती शिशु मंदिर से अपनी पढाई पूरी की है और आज एमबीबीएस में सफलता हासिल कर समाज परिवार और अपने नगर का मान बढाया है द्य हिमांशु को सरकारी मेडिकल कॉलेज, अंबिकापुर में एमबीबीएस के लिए चयनित किया गया है। इस शानदार उपलब्धि के पीछे उनके प्रियजनों का अटूट समर्थन और मार्गदर्शन रहा है। एवं आशीर्वाद और प्रोत्साहन, उनके लिए स्तंभों की तरह रहे हैं। इस शानदार उपलब्धि पर और उनके भविष्य के प्रयासों के लिए इस्ट मित्र व परिवार जनों नें शुभकामनाएं दी।

### बड़ी संख्या में आहरण एवं संवितरण अधिकारियों ने लिया प्रशिक्षण



**कोरिया**, 4 सितंबर (देशबन्धु)। पेंशन एवं भविष्य निधि, संचालनालय एवं कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी के निर्देशानुसार आज जिला कोषालय द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण सह-कार्यशाला का आयोजन, जिला पंचायत के ऑडिटोरियम में किया गया।

जिला कोषालय अधिकारी श्री पद्माकर सिंह परिहार ने बताया कि जिले के विभिन्न विभागों से आए बड़ी संख्या में आहरण एवं संवितरण अधिकारियों और शाखा लिपिकों को प्रशिक्षण दिया गया है। श्री परिहार ने बताया कि मास्टर ट्रेनर श्री ओंकार साय द्वारा पुरानी पेंशन योजना के अंतर्गत विकल्प चयन करने वाले कर्मचारियों के मामलों, मृत्यु और अशक्तता के प्रकरणों में पेंशन तैयार करने और इडब्लूआर समायोजन की प्रक्रिया को बारीकी से जानकारी दी। इसके अलावा, एन.पी.एस. राशि का समायोजन, सामान्य भविष्य निधि के अंतिम भुगतान, पेंशन प्रकरणों के त्वरित निराकरण, ई-बिल देयक तैयार करने और जी.एस.टी. नंबर इंद्राज करने जैसे कार्यों के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। बता दें मास्टर ट्रेनर ओंकार साय से प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न विभागों से आए अधिकारियों-कर्मचारियों ने सवाल किए व कार्य के दौरान होने वाली समस्याओं का ज़िक्र भी किया। इस पर श्री साय ने सभी कर्मियों के सवालों व परेशानियों को बेहद सरल व सहज तरीके से उदाहरण देकर जानकारी दी, वहीं सेवानिवृत्त जिला सहायक कोषालय अधिकारी श्री अनिरुद्ध प्रसाद शर्मा ने भी पेंशन प्रकरण के सम्बंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी।

श्री परिहार ने कहा कि यह प्रशिक्षण निश्चित ही अधिकारियों व शाखा लिपिको को पेंशन व वित्तीय प्रबंधन से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं को समझने में आसानी होगी साथ ही वित्तीय नियमों का उचित पालन होगा और अधिक दक्षता के साथ अपने कार्यों को बेहतर कर पाएंगे।

### एनपीएस के मृत कर्मचारियों को परिवार पेंशन देने की प्रक्रिया हुई प्रारंभ

**बलरामपुर**, 4 सितंबर (देशबन्धु)। राज्य शासन के ऐसे मृत कर्मचारी जिनकी भर्ती शुद्ध रूप से एनपीएस में हुई थी तथा मृत्यु भी एनपीएस में ही हो गई है, उन सभी मृतकों के परिजनों को परिवार पेंशन स्वीकृति किया जाना है। इस संबंध में राज्य शासन के द्वारा आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई हैं।

इसी क्रम में जिला कोषालय अधिकारी संतोष सिंह के द्वारा जिला पंचायत के सभाकक्ष में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विभिन्न कार्यालयों में ऐसे प्रकरणों के निराकरण की प्रक्रिया बताई गई। राज्य शासन के निर्देशानुसार परिवार पेंशन भुगतान के पूर्व ऐसे मृत कर्मचारियों के प्रकरणों में एनपीएस अंतर्गत जमा धनराशि को पहले शासकीय खजाने में सेटलमेंट कराना होगा जो ईडब्लूआर के माध्यम से की जावेगी। श्री सिंह के द्वारा ईडब्लूआर प्रक्रिया को विस्तार से जानकारी दी गई तथा ऐसे सभी मृत कर्मचारियों के परिवार के सदस्यों से अपील की गई है की वे इस प्रक्रिया में अपना सहयोग दें तथा संबंधित कार्यालय में उपस्थित होकर निर्धारित फॉर्म शीघ्रता से भर लें ताकि शासन के मंशानुरूप उन्हें शीघ्र परिवार पेंशन का लाभ मिल सके।

# तीन स्थानों पर छापेमारी कर 90 लीटर महुआ शराब जब्त

## खरसिया पुलिस द्वारा नशे की सौदागरों के खिलाफ लगातार की जा रही है कार्रवाई

**खरसिया**, 4 सितंबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देशन एवं एसडीओपी प्रभात कुमार पटेल के मार्ग दर्शन पर अवैध शराब निर्माण पर अंकुश लगाने के दिये गये निर्दोशो पर दिनांक 02.09.2024 व 03.09.2024 को थाना प्रभारी खरसिया कुमार गौरव साहू के नेतृत्व में तीन अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान कुल 90 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की गई और तीन आरोपियों को मौके पर ही गिरफ्तार किया गया।




### प्रथम मामला

ग्राम गीधा बेलभाठा में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 02 सितंबर को गिरधारी डनसेना के घर पर छापेमारी की। मौके पर आरोपी को रंगे हाथ महुआ शराब बनाते हुए पकड़ा गया। गिरधारी डनसेना के घर से 24 लीटर महुआ शराब, जिसमें 12 प्लास्टिक बोतलों में 2-2 लीटर और एक 15 लीटर का कंटेनर शामिल है, बरामद किया गया। इसके अलावा शराब बनाने के उपकरण और 2000 रुपये नकद भी जब्त किए गए।

### दूसरा मामला

उसी दिन, ग्राम गीधा बेलभाठा में ही शिव प्रसाद डनसेना के घर पर भी छापेमारी की गई। शिव प्रसाद को भी शराब बनाते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया। इस छापेमारी में पुलिस ने 41 लीटर महुआ शराब जब्त की, जिसमें 15 बोतलें और एक 15 लीटर का कंटेनर शामिल थे। इसके अलावा शराब बनाने के उपकरण और 2500 रुपये नकद भी बरामद किए गए।

### तीसरा मामला

03 सितंबर को ग्राम आमाडोल में पुलिस ने मोहन पटेल के खिलाफ कार्रवाई की। आरोपी अपने होटल में महुआ शराब लेकर बेचने जा रहा था। पुलिस ने उसके पिट्ठू बैग से 9 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद की, जिसकी कीमत 1800 रुपये बताई गई है।

इन सभी मामलों में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 505/24, 506/24, 517/24 के तहत धारा 34(2), 59 (क) आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज कर कार्यवाही की।

शराब रेड कार्यवाही में थाना प्रभारी खरसिया कुमार गौरव साहू, उनि अमरनाथ शुक्ला, सउनि हेमत कश्यप, प्र.आर. 584 बिरीछ राम साण्डे, म.प्र.आर. 397 सरोजनी राठौर, आर 55 सत्यनारायण सिदार, आर. 875 रमेश बरेठ, आर. 677 योगेन्द्र सिंह सिदार, आर. 490 पवन जाटवर, आर. 133 अशोक कंवर आर 40 रविलाल शामिल थे।

## नशा मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने विभाग समन्वय से करें कार्य - कलेक्टर



'एमसीबी' 4 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशन में आज कार्यालय कलेक्टर के सभा कक्ष में समाज कल्याण विभाग द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के तहत बैठक का आयोजन किया गया। इसके साथ ही कलेक्टर ने नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जिले में नशा मुक्ति के लिए हर संभव प्रयास करने के लिए कहा। इसके लिए जिले के सभी विभाग के अधिकारियों को समन्वय के साथ कार्य करने को कहा उन्होंने जिले के युवाओं को विशेष रूप से नशा से बचाने के लिए सघन अभियान चलाने के निर्देश दिए। इसके अलावा जिले के कालरी क्षेत्र चिरमिरी, खोंगापानी, नई लेदरी, झगराखांड़ जैसे क्षेत्रों में टीम बनाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

नशामुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत इस जिले में माह सिंतबर से लेकर माह मार्च 2025 तक शासन के निर्देशानुसार कार्ययोजना नशामुक्त भारत करने के लिए जिला प्रशासन के द्वारा जिले के समस्त विभागों को दायित्व सौंपा गया है। जिसमें समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नगरीय निकाय, उच्च शिक्षा विभाग, तकनीकी शिक्षा विभाग, चिकित्सा विभाग, पुलिस अधीक्षक, खाद्य एवं औषधि विभाग, एनसीसी एवं एनएसएस संगठन, शिक्षा पालक सम्मेलनों में नशामुक्ति पर चर्चा, सिविल सर्जन अस्पताल अधीक्षक, सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण विभाग, जिला कार्यक्रम अधिकारी, उप संचालक जनसंपर्क, सर्व विभाग प्रमुख, यूनीसेफ नेहरू युवा केंद्र, विधिक सेवा प्राधिकरण को नशामुक्त भारत अभियान से जोड़ा गया है।

## संपूर्णता अभियान के तहत भरतपुर में शिविर का आयोजन

### विभिन्न योजनाओं से किया गया लाभान्वित

**बलरामपुर**, 4 सितंबर (देशबन्धु)। जिले में ''संपूर्णता अभियान'' अन्तर्गत नीति आयोग द्वारा चयनित आकांक्षी ब्लॉक योजना के तहत् विकासखण्ड शंकरगढ़ के ग्राम पंचायत भरतपुर में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन शासन द्वारा संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं और सेवाओं का लाभ ग्रामीणों को प्रदान करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। शिविर में जनपद पंचायत शंकरगढ़ के अध्यक्ष श्री शिव शंकर मरावी, विधायक प्रतिनिधि श्री मुकेश कश्यप, डीपाडीह खुर्द ग्राम पंचायत के सरपंच, जनपद पंचायत शंकरगढ़ के सीईओ श्री संजय दुबे सहित क्षेत्र के निर्वाचित जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, अधिकारी-कर्मचारी व बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित हुए।

शिविर का शुभारंभ जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री शिव शंकर मरावी द्वारा किया गया। इस दौरान उन्होंने बाल विवाह की रोकथाम के लिए ग्रामीणों को शपथ दिलाई। उन्होंने बाल विवाह के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए सभी से इसे रोकने के लिए जागरूकता फैलाने की अपील की। शिविर में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने ग्रामवासियों से उनकी समस्याओं के बारे में सीधा संवाद किया और उन्हें सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इस आयोजन के माध्यम से ग्रामवासियों को न केवल आवश्यक दस्तावेज और सेवाएं प्राप्त हुईं, बल्कि सरकारी योजनाओं के प्रति उनकी जागरूकता भी बढ़ी। शिविर में विभिन्न योजनाओं और सेवाओं के लिए आवेदन स्वीकार किए गए। शिविर में 43 लोगों के आधार कार्ड, 25 आयुष्मान कार्ड, 3 किसान सम्मान निधि योजना, 1 किसान क्रेडिट कार्ड, 2 पीएम मातृ वंदना योजना, और 10 राशन कार्ड के आवेदन प्राप्त हुए। इन योजनाओं के माध्यम से ग्रामीणों को सरकारी सुविधाओं का लाभ प्राप्त करने में मदद मिलेगी। स्वास्थ्य सेवाओं के तहत 75 लोगों की सिकल सेल जांच भी की गई। सिकल सेल एनीमिया के बारे में जानकारी देते हुए ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. आफताब अंसारी ने बताया कि इस बीमारी के लिए समय पर जांच और उपचार आवश्यक है, और इसके प्रति जागरूक रहना अत्यंत महत्वपूर्ण है। ज्ञातव्य है कि आकांक्षी विकासखण्ड, वे विकासखण्ड हैं जो पिछड़े व सामाजिक आर्थिक संकेतकों से प्रभावित हैं। ऐसे क्षेत्रों के विकास के लिए नीति आयोग द्वारा 04 जुलाई से 30 सितंबर 2024 तक 03 महीने का ''संपूर्णता अभियान'' आरंभ किया गया है, जिसका उद्देश्य देश भर के आकांक्षी जिलों और आकांक्षी ब्लॉकों में 06 प्रमुख संकेतकों की परिपूर्णता अर्जित करने के लिए निरंतर प्रयास करना है।



इस ''सम्पूर्णता अभियान'' के तहत देश के सभी आकांक्षी ब्लॉकों में 06 चिन्हित केपीआइ पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इसके अंतर्गत पहली त्रैमासिक अवधि के दौरान प्रसव पूर्व देखभाल (एएनसी) के लिए पंजीकृत गर्भवती महिलाओं का प्रतिशत, ब्लॉक में लक्षित जनसंख्या के मुकाबले मधुमेह की जांच कराने वाले व्यक्तियों का प्रतिशत, ब्लॉक में लक्षित जनसंख्या के मुकाबले उच्च रक्तचाप के लिए जांचे गए व्यक्तियों का प्रतिशत, आईसीडीएस कार्यक्रम के अंतर्गत नियमित रूप से पूरक पोषण लेने वाली गर्भवती महिलाओं का प्रतिशत, मृदा नमूना संग्रहण लक्ष्य के मुकाबले सृजित मृदा स्वास्थ्य कार्डों का प्रतिशत तथा ब्लॉक में कुल स्व-सहायता समूहों का प्रतिशत शामिल है।

## 33 पाव अंग्रेजी और देशी शराब के साथ युवक गिरफ्तार

### रायगढ़ चौक के पास घेराबंदी कर आरोपी युवक को पुलिस ने पकड़ा



**खरसिया**, 4 सितंबर (देशबन्धु)। खरसिया चौकी प्रभारी उप निरीक्षक संजय नाग के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर चौकी खरसिया पुलिस ने रायगढ़ चौंक के पास घेराबंदी कर शराब रेड की कार्रवाई की, जहां एक व्यक्ति को बैग में अवैध शराब की तस्करी करते पकड़ा गया। जब पुलिस ने उससे पूछताछ की, तो उसने अपना नाम संदीप पटेल पिता भोजराम पटेल उम्र 28 वर्ष, निवासी ग्राम चपले बायंक चौक बताया।

आरोपित संदीप पटेल से 28 पाव गोल्डन गोवा सुपीरियर व्हिस्की, 05 पाव देशी मसाला मदिरा मिला।

पुलिस ने उक्त शराब के संबंध में कागजात प्रस्तुत करने नोटिस लिखित में दी। इसके बाद अवैध शराब की जप्ती कर, संदीप पटेल के खिलाफ धारा 34(2) और 59(क) आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे विधिवत गिरफ्तार किया गया। खरसिया पुलिस की अवैध शराब के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## मेंहदी प्रतियोगिता में निशा को मिला पहला स्थान, खुशबू द्वितीय

**एमसीबी**, 4 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में महिलाओं के सबसे बड़े त्यौहार हरितालिका तीज के पूर्व जिले के मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ में आदर्श पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट के छात्र छात्राओं के लिये मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सभी बच्चों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

आदर्श पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट के आमाखेरवा रोड स्थित परिसर मे आयोजित इस मेहंदी प्रतियोगिता मे संस्था की सभी छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। सभी छात्राओं ने अपने और आये निर्णायकों के हाथो पर अलग अलग सुन्दर मेहंदी रचा कर प्रतियोगिता जितने के लिये अपनी पुरजोर दावेदारी प्रस्तुत की। आपको बता दें इस प्रतियोगिता मे संस्था की 15 छात्राओं ने हिस्सा लिया जिनमे से विजेताओं में प्रथम स्थान पर निशा द्वितीय स्थान पर खुशबू पाल तृतीय स्थान पर पार्वती, सांत्वना अंजली यादव और मीना का चयन संस्थान की सह संचालक श्रीमती संजू सोनी और निर्णायक श्रीमती पूजा वस्त्रकार द्वारा किया गया। इस अवसर पर आदर्श पैरामेडिकल संस्था की सह संचालक संजू सोनी ने कहा की हिंदू धर्म में हरितालिका तीज पर्व का विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि यह त्योहार जहाँ मनुष्य को प्रकृति से जोड़ता है वही शादीशुदा महिलाएं अपनी पति की लंबी आयु, सुख-समृद्धि के लिए शिव जी और मां पार्वती की आराधना करती हैं। व्रत रखकर प्रकृति, हरियाली की भी पूजा करती हैं साथ ही हरे रंग के वस्त्र, चूड़ियां पहनकर अपनी सखियों के साथ झूला झूलती हैं। पारंपरिक गाने गाकर एक-दूसरे को बधाइयां भी देती हैं। मेहंदी प्रतियोगिता की निर्णायक श्रीमती पूजा वस्त्रकार ने इस अवसर पर कहा की हरितालिका तीज हमारी संस्कृति का प्रतीक है और हर साल की तरह इस बार भी संस्था में तीज के त्योहार के मौके पर मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। पूजा वस्त्रकार ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को हरितालिका तीज की बधाई दी और छात्राओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि मेहंदी प्रतियोगिता से छात्राओं की क्रियाशीलता, सृजनात्मकता, एकाग्रता एवं मिलकर कार्य करने की क्षमता का विकास होता है। आदर्श पैरामेडिकल संस्था के संचालक रमेश सोनी ने सभी छात्राओं और महिलाओं को हरितालिका तीज की बधाई दी और कहा की इस तरह के कार्यक्रमों से आपस में एकता का संचार होता है एवं हमें अपनी संस्कृति को मजबूत बनाने की इच्छा जागृत होती है। शिक्षक सोहन यादव ने इस अवसर पर अपने विचार रखते हुए कहा की हिंदू परंपरा में हरतालिका तीज व्रत का विशेष महत्व है।



## बचपन प्ले स्कूल में आयोजित किया गया फैंसी ड्रेस कंपटीशन

**मनेंद्रगढ़**, 4 सितंबर (देशबन्धु)। शहर के प्रतिष्ठित विद्यालय बचपन प्ले स्कूल में कक्षा एलकेजी एवं यूकेजी के छात्र-छात्राओं के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।जिसमें कक्षा यूकेजी में इंडिपेंडेंस डे थीम रखा गया। तथा एलकेजी कक्षा में जन्माष्टमी थीम रखा गया।

संस्था की काउंसलर श्रीमती सोनाली दास ने बताया कि हमारी संस्था कई प्रकार की गतिविधियों पर केंद्रित है ।विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं को आयोजित कर बच्चों में छुपी हुई प्रतिभाओं को निखारने का काम करती है। कक्षा यूकेजी के लिए आयोजित की गई फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में कक्षा यूकेजी %अ% से अर्ना गुप्ता प्रथम, अयंतिका अग्नि सिंह एवं मोहम्मद शेख जायान द्वितीय स्थान पर रहे, तथा नव्या सिंह तृतीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार अच्छा यूकेजी %ब% से मोहम्मद शेख जोहैर प्रथम, भानवी जैन द्वितीय, ओजल दहायत तृतीय स्थान पर रहे ।इसी क्रम में कक्षा एलकेजी के छात्र-छात्राओं के लिए श्री कृष्ण जन्माष्टमी थीम मे कक्षा एलकेजी %अ% से धानिश कोरी प्रथम सौभाग्य सिंनहा द्वितीय स्पीहा अग्रवाल तृतीय स्थान पर रहे। अंशिका गुप्ता एवं अर्पिता अग्रवाल प्रथम स्थान पर रहे ।हर्षिल छत्तानी तृतीय स्थान पर रहे ।विदिका अग्रवाल एवं वृंदा पोद्दार तृतीय स्थान पर रहे। इसी क्रम में कक्षा एल.के.जी %स% से ख्याति दुबे प्रथम सानवी सिंह द्वितीय एवं वीरजा ताम्रकार तृतीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका संस्था की डायरेक्टर्स ने निभाई। संस्था की डायरेक्टर श्रीमती ज्योति ताम्रकार ने बताया की छोटी उम्र से ही प्रतियोगिताओं में भाग लेने से बच्चों में संकोच दूर होता है। एवं आत्मविश्वास बढ़ता है। संस्था की डायरेक्टर्स श्रीमती आशी कक्कड़ ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से छात्र-छात्राओं में मंच एवं माइक का डर समाप्त हो जाता है ।तथा संस्था की डायरेक्टर श्रीमती तोशी अग्रवाल ने समस्त विजय छात्र-छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। साथ कहां की जो बच्चे आज नहीं जीत पाए हैं उन्हें निराश होने की जरूरत नहीं है और भी अवसर आएंगे। और भी जीतने का अवसर मिलेगा। प्रतियोगिताओं को सफल बनाने में संस्था की शिक्षिकाओं रश्मि प्रसाद, वैष्णवी जायसवाल, प्रतिमा वर्मा, नेहा मिश्रा, प्रियंका सिंह, राशि गुप्ता, एरिका खान, रुचि सेन, एलिना परवीन का सराहनीय योगदान रहा।




## स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने फार्मेसी काउंसिल के आनलाइन पंजीयन सुविधा का किया लोकार्पण

### पंजीयन कराने के लिए आवेदकों को फार्मेसी काउंसिल का नहीं लगाना पड़ेगा चक्कर

**एमसीबी**, 4 सितंबर (देशबन्धु)। स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने छत्तीसगढ़ स्टेट फार्मेसी काउंसिल के पंजीयन की आनलाइन सुविधा का शुभारंभ किया है। अब फार्मेसी काउंसिल का पंजीयन सिस्टम आनलाइन हो गया है। इससे फार्मेसी छात्र तथा फार्मासिस्टों को पंजीयन अथवा नवीनीकरण के लिए रायपुर स्थित फार्मेसी काउंसिल का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। अब पंजीयन कराने के लिए आनलाइन आवेदन के बाद आवेदक को केवल एक बार दस्तावेजों के वेरीफिकेशन के लिए काउंसिल कार्यालय आना होगा।



कार्यक्रम का लोकार्पण करते हुए स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि पंजीयन कार्य के आनलाइन हो जाने से आवेदकों को अब काउंसिल के चक्कर नहीं लगाने होंगे, जिससे उन्हें काफी सहूलियत मिलेगी। उन्होंने कहा कि फार्मासिस्ट डाक्टर और मरीज के बीच की एक महत्वपूर्ण कड़ी होती है जिस पर सही दवा एवं खुराक के निर्धारण की जिम्मेदारी होती है।

अभी तक फार्मेसी काउंसिल में पंजीयन के लिए राज्य के सभी जिलों के विभिन्न स्थानों के फार्मेसी उत्तीर्ण छात्र फार्मासिस्ट पंजीयन के लिए रायपुर स्थित काउंसिल कार्यालय आते थे। इसी प्रकार पंजीकृत फार्मासिस्टों को नवीनीकरण के लिए रायपुर आना पड़ता था। अब पंजीयन तथा नवीनीकरण की व्यवस्था आनलाइन हो जाने से राज्य के सभी फार्मेसी छात्र एवं पंजीकृत फार्मासिस्टों को लाभ मिलेगा। वर्तमान में राज्य में लगभग 33 हजार 300 फार्मासिस्ट पंजीकृत हैं। ये फार्मासिस्ट रिटेल दवा दुकान, थोक दवा दुकान, दवा निर्माण इकाइयों जैसे कार्यों को संचालित कर रहे हैं। इसके साथ ही ये विभिन्न फार्मेसी शिक्षण संस्थानों में शिक्षक के रूप में कार्यरत हैं।

### मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी, अमेरिका से आमंत्रण

#### 10 से 22 सितंबर तक स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी में आयोजित है ईपीपीआई कॉन 2024 कांफ्रेंस

छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को 10 से 22 सितंबर तक स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी में आयोजित ईपीपीआई कॉन 2024 कांफ्रेंस में शामिल होने का आमंत्रण मिला है। आईआईएम रायपुर के तत्वाधान में स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के ग्लोबल आउटरीच के डायरेक्टर ने स्वास्थ्य मंत्री को इस कांफ्रेंस में शामिल होने का आमंत्रण दिया है



इस कांफ्रेंस के माध्यम से छत्तीसगढ़ की स्वास्थ्य व्यवस्था पर चर्चा करने के साथ ही राज्य की प्राथमिक स्वास्थ्य इकाइयों (आशा कार्यकर्ता एवं मितानिन) को मजबूत करने की योजना पर कार्य होगा। कांफ्रेंस के मुख्य उद्देश्य के अनुसार आशा एवं मितानिन कार्यकर्ताओं को डिजिटल साक्षर बनाने के लक्ष्य पर काम करना है तथा उन्हें आईआईएम, आईआईटी, एम्स एवं एनएनएलयू के साथ मिलकर ट्रेनिंग देकर और सक्षम बनाना है ताकि राज्य मे निचले स्तर पर ही बुनियादी एवं प्रशिक्षित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध रहें।

# दो लड़कियों ने पी ली कीटनाशक दवाई एक ने तोड़ा दम

## एक गंभीर को किया गया सिम्स बिलासपुर रेफर

**जांजगीर,** 04 सितंबर (देशबन्धु)। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में मंगलवार की शाम को एक नाबालिग व एक युवती ने मिलकर कीटनाशक दवा पी ली। इससे एक नाबालिग की मौत हो गई। वहीं दूसरे की जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद सिम्स बिलासपुर रेफर कर दिया है। इधर, मामले को लेकर क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।

सिटी कोतवाली पुलिस के अनुसार मंगलवार की शाम युवती के घर में दो अनजान युवक मिलने आए। इसकी जानकारी आसपास के ग्रामीणों को हो गई। ग्रामीणों ने इसका विरोध करते हुए शोरगुल शुरू कर दिया। मोहल्लेवासियों का कहना है कि हर रोज मकान में दो युवक आते हैं। इससे गांव का माहौल खराब हो रहा है। मोहल्लेवासी घर के सामने हल्ला करने लगे। इसकी जानकारी परिजनों को हुई। वे लोग भी बाहर निकले, मोहल्लेवासियों ने इसकी जानकारी परिजनों को दिए। इसके बाद एक पिता अपने पुत्री को डांटने लगा। इसके बाद डरी सहमी दोनों लड़कियों ने घर में रखे कीटनाशक दवा पी लिया। दोनों को गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने नाबालिग को मृत घोषित कर दिया। साथ ही एक अन्य युवती का प्राथमिक उपचार किया गया। इसके बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए सिम्स बिलासपुर रेफर कर दिया गया। कोतवाली पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

आपको बता दें कि जिले में जहर सेवन कर खुदकुशी की दूसरी बड़ी घटना हो गई। चार दिन पहले जांजगीर में एक ही परिवार के चार लोगों ने जहर सेवन कर खुदकुशी ली थी। वहीं मंगलवार को फिर दो लड़कियों ने जहर सेवन किया।



## आत्म हत्या के लिए उत्प्रेरित करने के आरोप में दो गिरफ्तार

मृतिका नाबालिक बालिका जहर सेवन उपरान्त इलाज के दौरान जिला अस्पताल जांजगीर में मृत्यु होने से जांजगीर पुलिस द्वारा मर्ग जांच कर पंचनामा कार्यवाही में लिया गया। जांच दौरान पाया गया कि नाबालिक बालिका मृतिका एवं पीड़िता को आरोपी पालेश्वर कंवर एवं भोजराम श्रीवास दोनो निवासी जर्वे थाना नगरदा को उकसाने के कारण मृतिका एवं पीड़िता के द्वारा लोक लाज के डर से जहर सेवन करने से एक की मृत्यु होना जिस पर थाना जांजगीर में धारा 107,65, 3 (5) बीएनएस एवं 4, 6 पास्को एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए विवेक शुक्ला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में तत्काल जांजगीर पुलिस द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण किया गया कथनानुसार आरोपी पालेश्वर कंबर एवं भोजराम श्रीवास दोनो निवासी जर्वे थाना नगरदा के विरूद्ध अपराध धारा सदर का साक्ष्य पाये जाने से हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पूछताछ कर मेमोरण्डम कथन लिया गया जिन्होने अपने अपने कथन में मृतिका और पीड़िता के साथ प्रेम संबंध बनाकर दैहिक शोषण करना मृतिक के मोहल्ले वालो को जानकारी होने पर उनको आत्म हत्या के लिए उत्प्रेरित करना जुर्म स्वीकार कियें जाने से तथा मृतिका एवं पीड़िता से बात करने के लिए उपयोग किये गये मोबाईल को तथा घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल को मृतिका के घर के पास छोडकर भाग जाने से मोटर सायकल पल्सर को बरामद किया जाकर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही में निरी. प्रवीण कुमार द्विवेदी थाना प्रभारी जांजगीर, सहायक उप निरीक्षक राम प्रसाद बघेल, प्रधान आरक्षक राकेश तिवारी एवं आरक्षक वीरेंद्र भैना का योगदान रहा।

# सार-संक्षेप

## स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी एवं हिन्दी मीडियम स्कूल में टीचर पालक मीटिंग का आयोजन

**डभरा,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेज़ी माध्यम विद्यालय डभरा में 4 सितंबर को पालक टीचर मीटिंग का आयोजन किया गया। प्राचार्य हेमचरण पटेल ने बताया कि अभी हाल ही में हुई एफए-1 की परीक्षा सम्पन्न हुआ है जिसके बाद पालको के विद्यालय में आकर अपने बच्चों उत्तर पुस्तिकाओं को देखकर संबधित कक्षा शिक्षक एवं विषय शिक्षकों से चर्चा होना निष्चित ही पहले से बेहतर परिणाम देगी। जिसमें प्रथम पाली मे कक्षा 1 ली से 12 वीं अंग्रेजी माध्यम के बच्चों के पालको को तथा द्वितीय पाली मे कक्षा 9 वीं से 12 वीं हिंदी माध्यम के सभी बच्चों के पालको को आंमत्रित किया गया था। उपरोक्त मीटिंग में पालको के साथ विस्तार से चर्चा परिचर्चा की गई। जिसमें बच्चों की नियमित उपस्थिति तथा आगामी परीक्षाओ में शत प्रतिशत परिणाम लाना चर्चा के प्रमुख बिंदु रहे। पालको ने भी अपना अपना सुझाव दिया। महिला पालकों की उपस्थिति सराहनीय रही। पालकों और शिक्षकों द्वारा सकारात्मक कार्य करने का निर्णय लिया गया। संस्था के प्राचार्य हेमचरण पटेल, वरिष्ठ व्याख्याता के के भोई, रामबिहारी साहू, मित्रा सिंह राठिया, बेनुधर नायक, रीतिका विश्वकर्मा, मीनाक्षी दाहट, श्रीमती विजयलक्ष्मी ठाकुर, भूपेन्द्र कुमार पटेल, लक्ष्मी कांत साहू, विमल शर्मा ललित पटेल कार्तिकेश देवांगन, अनिलकुमार चंद्रा हेमकुमार बरेठ सुभाश कुमार पटेल ऋषिकेश यादव एवं अन्य समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने पालको को एक-एक बच्चों की उपलब्धि के बारे में रूबरू कराया तथा पालकों को भरोसा दिलाया गया कि निरंतर बेहतरी के लिए कार्य करते रहेंगें।

## विकासखंड स्त्रोत समन्वयक ने प्राथमिक शाला का औचक निरीक्षण




**डभरा,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। पीएम श्री जनपद प्राथमिक शाला कटेकोनी कला का आकस्मिक निरीक्षण विकासखंड स्त्रोत समन्वयक प्रमेश पटेल ने किया उन्होंने विद्यालय में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं से जनरल नॉलेज एवं पढ़ाई से संबंधित कई प्रश्न भी पूछे जिसका उत्तर छात्र-छात्राओं ने बड़े ही उत्साह के साथ दिया उन्होंने स्कूल में चल रहे शासन की कई योजनाओं का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर स्कूल के प्रधान पाठक छबिलाल पटेल भी उपस्थित थे आपको बता दें कि विकासखंड डभरा के अंतर्गत चुनिंदा स्कूलो में कटेकोनी कला को शासन द्वारा पी एमश्री स्कूल के रुप में चयनित किया गया है तब से स्कूल के प्रधान पाठक छबि लाल पटेल द्वारा लगातार बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान दे रहे है साथ में खेल कूद मानसिक विकास कला संस्कृति अच्छी शिक्षा अच्छा व्यवहार की तालीम दे रहे हैं इस दिशा में सार्थक पहल भी किया जा रहा है जिसका लाभ छात्र-छात्राओं को मिलना शुरू हो गया है। स्कूल में पदस्थ शिक्षक भारती चंद्रा राजू कुमार गौतम दुर्गेश चंद्रा मालती जांगड़े कुमारी उषा चौहान एवं स्वीपर देश कुमार सारथी विद्यालय में मौजूद रहे।

## डभरा ब्रांच के मैनेजर ने रत्ना वारेन को 277 875 रुपए की सहायता राशि प्रदान की




**डभरा,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। भारत देश के सातवें नंबर की बीमा कंपनी श्रीराम लाइफ इंश्योरेंस के रायगढ़ शाखा सीनियर डिवीजनल मैनेजर पोखन लाल वर्मा एवं डभरा ब्रांच के मैनेजर लोचन प्रसाद पटेल के प्रयास से ग्राम कोटमी निवासी स्वर्गीय उत्तरा कुमार वारेन के पत्नी रत्ना वारेन को 277 875 रुपए की सहायता राशि प्रदान की गई है आपको बता दें कि क्षेत्र के एजुकेटिव सेल्स ऑफिसर श्रीमती प्रेमलता इंद्र कुमार पटेल ने यह बीमा राशि उनके घर जाकर 16352 रुपए का वार्षिक किस्त किया था उनका आकस्मिक निधन हो जाने पर यह राशि प्रदान की गई है जिससे उनके परिवार को आर्थिक सहायता प्राप्त हुई है।

## शिवरतन शर्मा ने लिया प्रेसवार्ता, पत्रकारों ने रेल लाईन, एनएच सडक व घोषणा पत्र पर किए सवाल



**सारंगढ,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। आज शाम भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने वृहत सदस्यता अभियान को लेकर प्रेस वार्ता रखी जिसमें उन्होंने वृहत सदस्यता अभियान को लेकर बताया कि दो सितंबर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सदस्यता लेकर इस अभियान की शुरुआत किया इसके बाद केन्द्रीय व प्रदेश स्तर पर यह अभियान चलेगा। पत्रकारों ने बलौदाबाजार सारंगढ रेल लाईन पर सवाल किया जिस शर्मा ने कहा की इस लाईन के सर्वे के लिए टोकन एमाऊंट जारी हो गया है वहीं क्षेत्र के एनएच सडकों की दुर्दशा के प्रश्न पर शर्मा ने कहा कि सरकार को कुछ ही महीनों की है तथा धीरे धीरे सडकों की स्वीकृति हुई है जिसमें हरदी से दानसरा सडक भी है। इस दौरान पूर्व विधायक निर्मल सिंहा जिलाध्यक्ष सुभाष जालान महामंत्री अजय गोपाल पूर्व विधायक केराबाई मनहर ज्योति पटेल पुनीत चौहान मनोज जायसवाल त्रिलोक देवांगन दिनेश जांगडे कमल चौहान व जिला प्रेस क्लब अध्यक्ष दीपक थवाईत सहित अन्य पत्रकारगण उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय पोषण माह

## ग्राम पंचायतों, नगर पंचायतों एवं नगरपालिकाओं में एनीमिया जांच शिविर का किया गया आयोजन

**जांजगीर,** 04 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशन में राष्ट्रीय पोषण माह के तहत जिले समस्त ग्राम पंचायतों, नगर पंचायतों एवं नगरपालिकाओं की मलिन बस्तियों में एनीमिया जांच कैम्प एवं शिविर का आयोजन किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि एनीमिया जांच कैम्प के माध्यम से किशोरी बालिकाओं, गर्भवती महिलाओं एवं शिशुवती माताओं के स्वास्थ्य की रक्षा हेतु उचित पोषण आहार के महत्व के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुये एनीमिया जांच किया गया साथ ही राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर छुटे हुये बच्चों हेतु मॉपअप दिवस का आयोजन किया गया।

## धारदार हथियार लहराते युवक को अकलतरा पुलिस ने किया गिरफ्तार



**जांजगीर,** 04 सितंबर (देशबन्धु)। ग्राम सोनादुला प्राथमिक स्कूल के पास सार्वजनिक जगह में धारदार हथियार लहराते युवक को अकलतरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कर कार्यवाही कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

मामले पर पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिला कि सोनादुला प्राथमिक स्कूल के पास में मन्नू यादव द्वारा एक लोहे का तलवार नुमा चाकू हथियार लेकर लहराते हुए आने जाने वाले लोगो को भयाक्रांत कर रहा है। सूचना मिलने पर अकलतरा पुलिस द्वारा रेड कार्यवाही किया गया मौके पर आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा जिसके कब्जे से का एक लोहे का तलवार नुमा हथियार बरामद किया गया। आरोपी मन्नू यादव उम्र 19 वर्ष निवासी सोनादुला के विरूद्ध थाना अकलतरा में धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध कायम कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक मणीकांत पाण्डेय, प्र.आर.निसार परवेज आर. शेषनारायण साहू का योगदान रहा।

## भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता अभियान का जांजगीर में हुआ शुभारंभ

**जांजगीर,** 04 सितंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी जिला जाँजगीर चाम्पा के सदस्यता अभियान की शुरुआत हो गई है वरिष्ठ नेता धरमलाल कौशिक ने जिलाध्यक्ष गुलाब चंदेल को सदस्यता दिलाकर इस अभियान की शुरुआत की गई। पार्टी ने जिले से डेढ़ लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है।

भारतीय जनता पार्टी का इतिहास बताते हुए कहा कौशिक ने कहा कि हमारी पार्टी की शुरुआत 1951 मे भारतीय जनसंघ के रूप मे हुई थी। आज केंद्र मे राजग गठबंधन सहित 13 राज्यो मे भारतीय जनता पार्टी की सरकार है कार्यकर्ता हमारी रीढ़ है हमारी विचारधारा की पार्टी है पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने कहा था कि जो आज हमारा विरोधी है कल वह हमारा समर्थक बनेगा आज हमारा समर्थक कल हमारा मतदाता बनेगा और आज हमारा जो मतदाता है अपने कुशल व्यवहार से उसके अंदर ऐसी संस्कृति पैदा करे ऐसा परिवारिक सम्बन्ध बनाए कि कल हमारा कार्यकर्ता बन जाए इसी भाव को लेकर हम नीचे तक जायेंगे तो सफलता निश्चित मिलेगी। जिलाध्यक्ष गुलाब चंदेल ने अभियान को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने सदस्यता अभियान का शुभारंभ एक महायज्ञ के रूप मे किया इस महापर्व का शुभारंभ हमारी राष्ट्रीय कार्यशाला 17 तारीख से प्रदेश स्तरीय कार्यशाला 20 तारीख से और जिले मे मंडल स्तर से लेकर शक्ति केन्द्र व मतदान केन्द्रो तक इसकी शुरुआत हुई। सदस्यता अभियान को एक सफल अभियान बनाकर सशक्त भाजपा विकसित भारत के सपने को साकार करेंगे। पूर्व विधायक सौरभ सिंह ने कहा कि हमारी पार्टी का डिजिटल सदस्यता अभियान वर्ष 2014 मे शुरू हुआ था लेकिन साल 2020 मे कोरोना के कारण हम इसे पुरा नही कर सके और इस लक्ष्य को हमने बढ़ा दिया है। सदस्यता अभियान के माध्यम से पार्टी बुथो को भी मजबूत करेगी जहा सभी मतदान केंद्रो पर हमको न्यूनतम 200 सदस्य बनाने होंगे। सासंद कमलेश जांगडे ने अभियान को सफल बनाने का आग्रह करते हुए हुए उपस्थित कार्यकर्ताओ से कहा कि हमारी पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व मे यह देश विकसित भारत के सपने को 2047 तक पूरा कर लेंगे। इसलिए हमको पार्टी का सदस्य बनकर पिछले बार के लक्ष्य को भी पारकर अपने ही बनाए रिकार्ड को तोड़ना है और विकसित भारत के सपने को पूरा करना है।




सदस्यता अभियान मे अन्य अतिथियो ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया उक्त अभियान कार्यक्रम का संचालन सदस्यता अभियान के सहसंयोजक नंद चौधरी एवं आभार नगर पालिका अध्यक्ष अकलतरा व सदस्यता अभियान सहसंयोजक शांति भारते ने किया। अभियान कार्यक्रम मे अतिथि के रूप मे पूर्व सांसद कमला पाटले, जिला संगठन प्रभारी गिरधर गुप्ता, सोशल मीडिया प्रदेश प्रभारी प्रशांत सिंह ठाकुर, डा धनेशवरी, जागृति प्रेमलता कौशिक, जमुना रात्रे, प्रदीप पाटले, उमा सोनी, शिवचमन सिंह, भुवनेश्वर साहु, राजशेखर सिंह, पुष्पेनदर प्रताप सिंह, खमहन तिवारी, शैलेन्द्र पांडेय, अजित गढ़वाल, धर्मेंद्र राणा, रितेश अग्रवाल, योगेश चौरसिया सहित कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

## 24 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता का हुआ समापन

### रायपुर संभाग रहा ओवरऑल चौंपियनशिप में प्रथम स्थान पर



**जांजगीर,** 04 सितंबर (देशबन्धु)। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 24 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता 2024 का समापन हाई स्कूल मैदान जांजगीर में संपन्न हुआ। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में जांजगीर-चांपा विधायक व्यास नारायण कश्यप शामिल हुए उन्होंने प्रतियोगिता में विजेता टीम के खिलाड़ियों एवं सभी प्रतिभागियों को बधाई एवं शुभकामनांए दी और कहा कि खेलकूद जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है खेल कूद से शिक्षा भी बेहतर होती है।

उन्होंने कहा कि शरीर को स्वस्थ रखने के लिए खेल बहुत ज़रूरी हैं। हमें अपने जीवन मे लक्ष्य लेकर चलना चाहिए चाहे वह कोई भी क्षेत्र हो। इस दौरान कलेक्टर आकाश छिकारा ने सभी खिलाड़ियों के उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन को सराहा एवं सभी को शुभकामनाएं दी।

## भोथिया क्षेत्र में अवैध शराब प्रतिबंध को लेकर आबकारी विभाग नहीं दिखा रहा रुचि



**सक्ती,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। यहां के ग्रामीण इलाकों में इन दिन अवैध कच्छी (महुवा) शराब से लेकर देशी मदिरा शराब का व्यापार जोरों पर है। जिससे लेकर यहां की जिम्मेदार वृत्त प्रभारी द्वारा किसी प्रकार की शराब कारोबार से लिप्त लोगों पर अंकुश लगाने में सफल नहीं दिख रहे है। भोथिया क्षेत्र के गग्रामीण इलाकों के गांव में शाम ढलते ही चौक चौराहों में शराबियों का जसन खुलेआम देखो मिल रहा है। यहां क्षेत्र में पान ठेलों की तरफ अवैध देशी से लेकर महुआ शराब का व्यापार किया जाता है। जिससे जिम्मेदार अधिकारी जान कर भी अनदेखी कर शराब बेचोलियों को सह देने का प्रयास जा रहा है, तभी तो भोथिया क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में आबकारी विभाग के जिम्मेदार अधिकारी झांकने तक नहीं आते। आपको बता दे आबकारी विभाग निस्कृयता के चलते यहां शराब कारोबारियों के संख्या दिनों दिन बड़ने लगा है यहां के ग्रामीण क्षेत्रों में बेखौफ शराब का करोबार धड्डुले से किया जा रहा है। नतीजा गांव गांव बिकने वाली शराब के चपेट में अब नव युवा भी आ कर अपने भविष्य से वंचित होते जा रहे है। संधीय कालीन के समय जगह-जगह मदिरा प्रेमियों के जमावड़ से गांव के ग्रामीण भी अपने घरों से निकलने में भयभीत नजर आते है। क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री प्रतिबंध को लेकर आबकारी विभाग धृतराष्ट्र की भूमिका निभा रही है। जिसका असर ग्रामीण क्षेत्रों के भोले भाले लोग के जीवन पर पढ़ने लगा है। ग्रामीण इलाकों के गांव में रहने वाले नागरिकों ने बता की यहां आबकारी विभाग शराब कारोबारियों को लेकर कोई कार्यवाही नहीं करते जिसके चलते अवैध शराब बेचने वालों के मान में किसी प्रकार का डर नहीं रहा और भरी मात्रा में शराब को बेच कर गांव गांव का माहोल खराब कर रखें है।

**शिकायत मिली है जल्द कार्यवाही किया जायेगा।**

**घनश्याम प्रधान**
**वृत्त प्रभारी आबकारी विभाग**

## सक्ती विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 के संबंध में राजनीतिक दलों की बैठक हुई आयोजित

### 29 अक्टूबर को मतदाता सूची का होगा प्रारंभिक प्रकाशन

**सक्ती,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में आज मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 के संबंध में राजनीतिक दलों की बैठक ली गई। बैठक में कलेक्टर श्री तोपनो ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 के संबंध में निर्देश जारी किया गया है। जिसके अनुसार 20 अगस्त 2024 से बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन किया जा रहा है, जो कि 18 अक्टूबर 2024 तक किया जाना है द्य 29 अक्टूबर 2024 को निर्वाचक नामावली का प्रारम्भिक प्रकाशन एवं 06 जनवरी 2025 को निर्वाचन नामावलियों का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। राजनितिक दलों की बैठक में संयुक्त कलेक्टर श्री दुष्यंत रायस्त ने इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 20 अगस्त से 18 अक्टूबर 2024 तक बीएलओ द्वारा डोर-टू-डोर जाकर मतदाता सूची ईपीक कार्ड में विसंगतियों को दूर किया जाएगा। इस दौरान 01 जनवरी 2025 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले लोंगों का नाम मतदाता सूची में जोड़ने की कार्यवाही सहित अन्य आवश्यक कार्य की जाएगी। पुनरीक्षण गतिविधियों के तहत 29 अक्टूबर 2024 को एकीकृत प्रारूप मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया जाएगा। 29 अक्टूबर 2024 से 28 नवंबर 2024 तक दावा-आपत्ति दाखिल की जा सकेंगी। 09, 10, 16 एवं 17 नवंबर 2024 को विशेष अभियान चलाया जाएगा। 24 दिसंबर 2024 तक प्राप्त दावा-आपत्तियों का निराकरण किया जाएगा एवं 06 जनवरी 2025 को निर्वाचन नामावलियों का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। उन्होंने जिले के सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों से बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करने का आग्रह किया। बैठक में अपर कलेक्टर श्री बीरेंद्र लकड़ा, संयुक्त कलेक्टर श्री दुष्यंत रायस्त, एसडीएम सक्ती श्री अरुण सोम, तहसीलदार बाराद्वार श्री विद्या भूषण साव, तहसीलदार सक्ती श्री मनमोहन सिंह, श्रीमती सुशीला साहू, तहसीलदार जैजैपुर श्री लक्ष्मीकांत कोरी, तहसीलदार डभरा श्री रविशंकर राठौर, तहसीलदार चंद्रपुर श्री आशीष पटेल, निर्वाचन शाखा के श्री श्रवण गभेल सहित अन्य सभी तहसीलदार और विभिन्न राजनितिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।



## डिजीटल फसल सर्वेक्षण के लिए प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

### जिला सक्ती के तहसील नया बाराद्वार में होगा डिजीटल फसल सर्वेक्षण

**सक्ती,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में जिला सक्ती के तहसील नया बाराद्वार में डिजीटल फसल सर्वेक्षण कराया जा रहा है। डिजीटल फसल सर्वेक्षण के सुचारू रूप से क्रियान्वयन के लिये कलेक्टर श्री तोपनो की उपस्थिति में आज तहसील नया बाराद्वार के चयनित ग्रामों के सर्वेयर, सुपरवाईजर (पटवारी), सत्यापनकर्ता (राजस्व निरीक्षक) एवं जांचकर्ता अधिकारी के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। एग्रीस्टेक परियोजना अंतर्गत भारत सरकार कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्रालय द्वारा जिला सक्ती अंतर्गत डिजीटल फसल सर्वेक्षण हेतु तहसील नया बाराद्वार का चयन किया गया है। डिजीटल फसल सर्वेक्षण के संबंध में आयेजित प्रशिक्षण में संयुक्त कलेक्टर श्री दुष्यंत रायस्त के द्वारा उपस्थित सभी सर्वेयर, सुपरवाईजर, सत्यापनकर्ता एवं जांचकर्ता अधिकारियों को विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि सर्वेयर के द्वारा द्दह्र्द्वह्यह्लङ्खह्य श्र्श्च के माध्यम से किसानों या भूमिस्वामियों के सर्वेक्षण नंबर में जीपीएस मैप के माध्यम से पहुंचेगा। सर्वेयर प्लाट में पहुंचकर फसल का फसल विवरण की जानकारी प्रविष्ट करेगा एवं फोटोग्राफ अपलोड करेगा। जिसे सुपरवाईजर के द्वारा स्वीकृत किया जायेगा। भू-अभिलेख शाखा सक्ती से प्राप्त जानकारी अनुसार तहसील नया बाराद्वार में कुल 35 ग्राम हैद्य जिसमें से 29 ग्रामों में डिजीटल फसल सर्वेक्षण किया जायेगा। इन चयनित 29 ग्रामों में 53727 खसरा एवं 16082 खाताधारक है। इन ग्रामों से सर्वेक्षण हेतु स्थानिय सर्वेयर (महिला व पुरुष) के द्वारा डिजीटल फसल सर्वेक्षण कराया जायेगा। प्रत्येक ग्राम में आवश्यकतानुसार सर्वेयर कार्य करेंगे। भूमिस्वामी या किसान स्वेच्छा से अपने सर्वेक्षण नबर (खेत का) सर्वे भी कर सकेंगे। सर्वेयर को तहसीलदार के द्वारा प्रतिदिन सर्वेक्षण हेतु सर्वेक्षण नंबर आबंटित किया जायेगा। कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित प्रशिक्षण में अपर कलेक्टर श्री बीरेन्द्र लकडा, संयुक्त कलेक्टर श्री दुष्यंत रायस्त, डिप्टी कलेक्टर श्री विश्वास कुमार, तहसीलदार नया बाराद्वार श्री विद्याभूषण साव, अधीक्षक भू-अभिलेख श्री बैजू लाल कंवर, विभिन्न राजस्व निरीक्षक, पटवारी एवं चयनित ग्रामों के सर्वेयर उपस्थित थे।



## कलेक्टर ने नशा मुक्त भारत अभियान के संबंध में संयुक्त विभागीय बैठक ली



**सारंगढ़,** 4 सितंबर (देशबन्धु)। कल्याण विभाग के तत्वाधान में नशा मुक्त भारत अभियान अंतर्गत कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने जिला स्तरीय समिति की बैठक ली। बैठक में जिले की नशा मुक्ति संबंधी कार्ययोजना के अधीन विभागवार दायित्वों के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर ने दवाई दुकानों और अन्य संदिग्ध स्थानों में विभागीय जांच और संयुक्त रूप से जांच करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक, वनमंडल अधिकारी, परियोजना निदेशक पंचायत एवं ग्रामीण विकास, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, उप संचालक समाज कल्याण, आबकारी अधिकारी, प्रभारी महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, एसडीएम, एसडीओपी, उप संचालक अभियोजन, नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन के अधिकारी, यातायात एवं परिवहन अधिकारी, कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास, सभी नगरपालिका अधिकारी, एसडीओ राष्ट्रीय राजमार्ग व लोक निर्माण विभाग, नोडल अधिकारी पशुधन विकास विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी और सभी तहसीलदार उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि समाज कल्याण विभाग ने इस अभियान के संबंध में अगस्त माह में भी जनपद पंचायत सारंगढ़ के सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई थी। प्रभारी अधिकारी समाज कल्याण विनय तिवारी के द्वारा नशा मुक्ति अभियान के संबंध में विस्तार से बताया गया और नशा मुक्ति के संबंध में शपथ संकल्प दिलाया गया।

## उत्तर कोरिया ने यूनिसेफ के सहयोग से शुरू किया टीकाकरण अभियान

**सियोल।** उत्तर कोरिया ने संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) के सहयोग से बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए राष्ट्रीय टीकाकरण अभियान शुरू किया है। यह अभियान उन लोगों के लिए शुरू किया गया है जो कोविड-19 महामारी के कारण महत्वपूर्ण टीकों से वंचित रह गए थे। इस अभियान के तहत 8,00,000 से अधिक बच्चों और 1,20,000 गर्भवती महिलाओं को जीवन रक्षक टीका लगाया जाएगा। इस दौरान डिप्थीरिया, खसरा, रूबेला और हेपेटाइटिस के टीके लगाए जाएंगे। समाचार एजेंसी योनहाप यूनिसेफ से जारी प्रेस विज्ञप्ति के हवाले से यह जानकारी दी। यूनिसेफ के कार्यकारी प्रतिनिधि रोलैंड कुप्का ने कहा कि यह अभियान हमारे प्रयासों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

# देश विदेश

# श्री टेमासेक में सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग से मिले मोदी

**सिंगापुर,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को सिंगापुर के अपने समकक्ष लॉरेंस वोंग के साथ ऐतिहासिक श्री टेमासेक में मुलाकात की, जो सिंगापुर के प्रधानमंत्री का आधिकारिक निवास है। दो देशों की यात्रा पर गए पीएम मोदी बुधवार को ब्रुनेई से सिंगापुर पहुंचे। यहां

■ **प्रधानमंत्री मोदी का आज सिंगापुर के संसद भवन में आधिकारिक स्वागत किया जाएगा**

पहुंचने के कुछ घंटे बाद वह प्रधानमंत्री वोंग से मिले। प्रधानमंत्री मोदी की सिंगापुर की यह पांचवीं यात्रा है। वह आखिरी बार 2018 में यहां आए थे। पीएम मोदी का गुरुवार को सिंगापुर के संसद भवन में आधिकारिक स्वागत किया जाएगा। वह राष्ट्रपति थर्मन शनमुगरत्नम से मुलाकात करेंगे और प्रधानमंत्री वोंग से मिलेंगे, जिनके पास वित्त मंत्रालय भी है। प्रधानमंत्री मोदी एमेरिटस वरिष्ठ मंत्री गोह चोक टोंग से भी मिलेंगे द्विपक्षीय बैठकों के बाद, प्रधानमंत्री सिंगापुर



बिजनेस फेडरेशन द्वारा आयोजित एक गोलमेज सम्मेलन में भी हिस्सा लेंगे, जिसमें सिंगापुर की कंपनियों के शीर्ष अधिकारी मौजूद रहेंगे। वह सिंगापुर के सेमीकंडक्टर क्षेत्र की महत्वपूर्ण हस्तियों के साथ बातचीत करेंगे और भारत में इंटर्नशिप करने वाले इंडिया रेडी टैलेंट प्रोग्राम में सिंगापुर के छात्रों तथा सिंगापुर की कंपनियों में ओडिशा वर्ल्ड स्किल्स सेंटर के प्रशिक्षुओं से मिलेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी ब्रुनेई की दो दिवसीय ऐतिहासिक यात्रा पूरी करने के बाद बुधवार दोपहर सिंगापुर पहुंचे। यह ब्रुनेई में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली द्विपक्षीय यात्रा है। सिंगापुर पहुंचने पर, प्रधानमंत्री मोदी का गृह मामलों और कानून विभाग के मंत्री के. शानमुगम ने स्वागत किया। होटल में, प्रवासी भारतीयों ने पारंपरिक महाराष्ट्रीयन नृत्य और ढोल के साथ प्रधानमंत्री का जोरदार स्वागत किया।सिंगापुर होटल के बाहर अप्रवासी भारतीय बड़ी संख्या में दिखाई दिए। पीएम मोदी के स्वागत में कलाकारों ने सांस्कृतिक नृत्य भी प्रस्तुत किए। सिंगापुर पहुंचने पर प्रधानमंत्री मोदी का अलग ही अंदाज देखने को मिला। वह महाराष्ट्र के रंग में रंगे नजर आए। पीएम मोदी ने वहां मौजूद कलाकारों के साथ महाराष्ट्रीयन धुन पर जमकर ढोल बजाया। इतना ही नहीं वह खुद ढोल बजाकर प्रवासी भारतीयों के साथ झूमते हुए भी दिखे। प्रधानमंत्री का यह वीडियो सोशल मीडिया पर छाया हुआ है। इस वीडियो पर सोशल मीडिया यूजर्स अलग-अलग रिएक्शन भी दे रहे हैं।

## सिंगापुर में मोदी का दिखा अलग अंदाज, ढोल बजाया, राखी भी बंधवाई

**नई दिल्ली।** ब्रुनेई दौरा पूरा करने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को सिंगापुर की दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर चांगी हवाई अड्डे पर पहुंचे। जहां भारतीय समुदाय ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। सिंगापुर होटल के बाहर अप्रवासी भारतीय बड़ी संख्या में दिखाई दिए। पीएम मोदी के स्वागत में कलाकारों ने सांस्कृतिक नृत्य भी प्रस्तुत किए। सिंगापुर पहुंचने पर प्रधानमंत्री मोदी का अलग ही अंदाज देखने को मिला। वो महाराष्ट्र के रंग में रंगे नजर आए। पीएम मोदी ने वहां मौजूद कलाकारों के साथ महाराष्ट्रियन धुन पर जमकर ढोल बजाया। इतना ही नहीं वो खुद ढोल बजाकर प्रवासी भारतीयों के साथ झूमते हुए भी दिखे। प्रधानमंत्री का यह वीडियो सोशल मीडिया पर छाया हुआ है। इस वीडियो पर सोशल मीडिया यूजर्स अलग-अलग रिएक्शन भी दे रहे हैं। सिंगापुर के होटल के बाहर से पीएम मोदी का एक और वीडियो सामने आया है। जिसमें



एक महिला प्रधानमंत्री मोदी को राखी बांध रही है। इसके अलावा पीएम मोदी के साथ सेल्फी लेने के लिए लोगों में काफी होड़ भी दिखाई दी। पीएम मोदी जिस होटल में ठहर रहे हैं, वहां मौजूद एक शख्स को उन्होंने ऑटोग्राफ भी दिया। अपनी यात्रा के दौरान पीएम मोदी सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग से मिलेंगे। साथ ही उनकी सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शनमुगरत्नम से भी मुलाकात होगी। इसके अलावा पीएम मोदी सिंगापुर के व्यवसायियों से भी मुलाकात करेंगे। इससे पहले पीएम मोदी का ब्रुनेई की राजधानी बंदर सेरी बेगवान का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें वो बच्चियों की बनाई पेंटिंग को देखकर काफी खुश नजर आए थे।

## सुडोकू 6667


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | 7 | 3 | | | |
| | | | | | 2 | 3 | 5 | |
| 3 | | | | | | | 7 | |
| | | 2 | 8 | | | | 1 | |
| 6 | 4 | | | | | | 2 | 9 |
| | 8 | | | | 4 | 7 | | |
| | 7 | | | | | | | 6 |
| | 5 | 8 | 6 | | | | | |
| | | | 4 | 1 | 8 | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6667



**बायें से दायें:-**

१. हिमाकत, हानिकर या अनुचित, साहस,धृष्टता
३. कानूनी,विधिसम्मत
५. अवहेलना, अवसान
६. खुशामद बसंद (उर्दू)
७. देखना
९. एक तीक्ष्ण गंध वाला खनिज जिससे बारूद आदि बनाया जाता है
१०. वह यज्ञ जिसमें मनुष्यों की बलि दी जाती है
१२. बढ़िया,श्रेष्ठ
१३. वगैरह
१४. फैलाना
१६. पर्यन्त
१८. वरयात्रा
२०. निषेध
२१. रुचि के अनुकूल
२३. श्रीकृष्ण, शिव

**ऊपर से नीचे:-**

१. अपशब्द, गाली
२. आक्रमणकारी
३. विज्ञान संबंधी, विज्ञान का ज्ञाता
४. झरना
५. एक पौधा, जिसकी जड़ दवा के काम आती है
८. नाना का पिता
१०. पुत्री का पुत्र
११. भेड़ या बकरी का बच्चा
१२. ऊगा हुआ
१३. ठेका, पट्टा, एकाधिकार
१४. मशविरा
१५. जिसमें खून न हो
१७. दाग, धब्बा
१८. एक प्रकार का खाद्यान्न
१९. वृक्ष, पेड़
२२. ध्वनि, शब्द

## वर्ग पहेली-6666



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : गुरूवार 5 सितम्बर, 2024 भाद्र शुक्ल पक्ष 3**

### राशिफल

मेष - लंबी अवधि की आर्थिक योजना के लिए दिन अनुकूल है। आर्थिक और व्यावसायिक दृष्टि से दिन लाभदायक होगा। शारीरिक और मानसिक स्फूर्ति और ताजगी का अनुभव होगा। मित्रों तथा स्वजनों की ओर से उपहार मिलेगा।

वृषभ - आज आपकी वाणी का जादू किसी को अभिभूत करके आपको लाभ दिलाएगा। वाणी की सौम्यता नए संबंध स्थापित करने में सहायक होगी। नए काम करने की प्रेरणा मिलेगी।

मिथुन - मानसिक दुविधा में होने के कारण आप महत्वपूर्ण निर्णय नहीं ले सकेंगे। वैचारिक तूफानों से मानसिक अस्वस्थता का अनुभव होगा। अत्यधिक भावनाशीलता आपकी दृढ़ता को कमजोर करेगी।

कर्क - शारीरिक और मानसिक ताजगी के साथ घर में भी आनंद का वातावरण रहेगा। मित्रों एवं स्नेहीजनों के साथ मुलाकात होगी। दोस्तों से लाभ होगा। शुभ काम का आरंभ करने के लिए आज का दिन अनुकूल है।

सिंह - पारिवारिक सदस्यों के साथ सुख-शांति में दिन व्यतीत होगा। उनका सहयोग मिलेगा। स्त्री मित्रों से विशेष मदद मिल सकेगी। दूरस्थ मित्र और स्नेहीजनों के साथ संपर्क लाभदायक साबित होंगे।

कन्या - आज आपकी वैचारिक समृद्धि बढ़ेगी। मीठी वाणी से आप लाभप्रद सौहार्द्रपूर्ण संबंध विकसित कर सकेंगे। उत्तम भोजन, भेंट उपहारों और वस्त्रों की प्राप्ति होगी। शारीरिक तथा मानसिक स्वस्थता बनी रहेगी।

तुला - आज के दिन ज़रा सा भी असंयमित और अनैतिक व्यवहार आपको तकलीफ में डाल सकते हैं। दुर्घटना से बचें। वाणी की शिथिलता के कारण उग्र तकरार हो सकती है। सगे- संबंधियों के साथ अनबन होगा।

वृश्चिक - नौकरी- धंधे या व्यवसाय में लाभ की प्राप्ति होगी। मित्रों के साथ मुलाकात, प्रवास का आयोजन होगा। विवाहोत्सुक युवक-युवतियों के लिए सुनहरे अवसर आएंगे। पुत्र तथा पत्नी से लाभ होगा। घर के बुजुर्गों के जरिए लाभ मिलेगा।

धनु - आज आपकी यश, कीर्ति और प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में उच्च अधिकारियों के खुश रहने से पदोन्नति की संभावना बढ़ेगी। स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। परिवार में आनंद का वातावरण रहेगा। पिता तथा सरकार से लाभ मिलेगा।

मकर - बौद्धिक काम या साहित्य लेखन जैसी प्रवृत्तियों के लिए आज अनुकूल दिन है। आपके व्यवसाय में नई विचारधारा आपके कामों को नया स्वरूप देंगे। शारीरिक थकान महसूस होगी। संतान की समस्या आपको परेशान करेगी।

कुंभ - आज आपको नकारात्मक विचारों से दूर रहने की सलाह दी जाती है। झगड़े-विवाद से बचें, क्रोध और वाणी पर संयम रखें। पारिवारिक वातावरण दूषित रहेगा। आर्थिक तंगी का अनुभव होगा।

मीन - दैनिक कामों से बाहर आकर आज आप बाहर घूमने-फिरने और मनोरंजन प्रवृत्तियों के लिए समय निकालेंगे। इसमें परिजनों और मित्रों को भी शामिल करेंगे, जो उनके लिए भी आनंदप्रद रहेगी।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## उत्तर कोरिया में बाढ़ रोकने में नाकाम रहने पर 30 अधिकारियों को फांसी का आदेश

**प्योंगयांग,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने एक बार फिर तानाशाही फरमान जारी किया है। उन्होंने बाढ़ और भूस्खलन रोकने में नाकाम रहने वाले 30 अधिकारियों को फांसी देने का आदेश दिया है।

■ **बाढ़ और भूस्खलन के कारण एक हजार लोगों की मौत हो गई है**

स्थानीय मीडिया ने बताया कि देश में बाढ़ और भूस्खलन के कारण एक हजार लोगों की मौत हो गई है। उत्तर कोरिया के टीवी चोसुन ने एक अधिकारी के हवाले से बताया कि भ्रष्टाचार और काम में लापरवाही बरतने के आरोप में 20 से 30 अधिकारियों को मौत की सजा सुनाई गई है। अधिकारी ने टीवी चोसुन को बताया कि पिछले महीने के अंत में बाढ़ प्रभावित इलाके में 20 से 30 कैडरों को मौके पर ही फांसी दे दी गई थी। इससे पहले किम जोंग उन ने बाढ़ और भूस्खलन के कारण मृत्यु दर में हुई बढ़ोत्तरी और 15 हजार से अधिक लोगों के विस्थापित होने के बाद अधिकारियों को कड़ी सजा देने का आदेश दिया था। सिनुइजू और उत्तरी फ्योंगान प्रांत के उइजू काउंटी में भारी बारिश हुई। इसके चलते 4,100 घर; 7,410 एकड़ कृषि भूमि और कई इमारतें, सड़कें और रेल पटरियां जलमग्न हो गई थीं। दक्षिण कोरियाई मीडिया आउटलेट्स ने बताया कि बाढ़ और भूस्खलन के कारण मरने वालों या लापता लोगों की संख्या लगभग एक हजार से अधिक हो सकती है। हाल ही में किम जोंग उन ने बाढ़ पीड़ितों से मिलने और सहायता प्रदान करने के लिए उइजू काउंटी का दौरा किया था।



उन्होंने उत्तर कोरिया में बाढ़ से हुए भयंकर नुकसान पर आई दक्षिण कोरियाई मीडिया की रिपोर्टों की निंदा की थी। किम ने इन रिपोर्टों को मनगढ़ंत और राजनीति से प्रेरित बताया था। इस बीच उत्तर कोरिया को चीन, रूस और दक्षिण कोरिया से सहायता की पेशकश की गई थी, लेकिन किम जोंग ने किसी भी तरह की सहायता लेने से इनकार कर दिया था। हालांकि, उन्होंने मदद की पेशकश के लिए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का आभार जताया था। किम ने कहा कि वह जरूरत पड़ने पर मदद मांगेंगे। कोविड-19 के बाद से उत्तर कोरिया में फांसी की सजा की घटनाएं बढ़ गई हैं। कोरिया टाइम्स के अनुसार, महामारी से पहले देश में हर साल औसतन 10 लोगों को फांसी दी जाती थी, महामारी के बाद बढ़कर 100 तक पहुंच गई है।

## भारत और बांग्लादेश के बीच व्यापार 47 दिन बाद बहाल

**ढाका,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। भारत और बंगलादेश के बीच व्यापार 47 दिन तक निलंबित रहने के बाद बुधवार को रेलमार्ग से बेनापोल लैंड पोर्ट के माध्यम से फिर से शुरू हो गया। 'ढाका ट्रिब्यून' द्वारा प्रकाशित यूएनबी समाचार एजेंसी की रिपोर्ट में बेनापोल लैंड पोर्ट के उप निदेशक रेजाउल करीम के हवाले से बताया गया कि दोनों देशों के उच्च-स्तरीय अधिकारियों के बीच चर्चा के बाद व्यापार बहाल किया गया है। बंगलादेश में जुलाई में सरकार विरोधी छात्र आंदोलन और सार्वजनिक विरोध के दौरान भारत सरकार ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए कई उपाय एहतियाती किये थे। इन उपायों में 19 जुलाई से दोनों देशों के बीच रेलवे द्वारा माल परिवहन और यात्रा को निलंबित करना शामिल था।

गौरतलब है कि बंगलादेश में पांच अगस्त को सार्वजनिक विद्रोह के बाद अवामी लीग सरकार का पतन हो गया और प्रधानमंत्री शेख हसीना को देश छोड़कर जाना पड़ा। इसके बाद देश में एक अंतरिम सरकार की स्थापना की गयी और स्थिति सामान्य हो गयी। बंगलादेश के रेल अधिकारियों ने 12 अगस्त को अपने भारतीय समकक्षों को एक पत्र भेजकर व्यापार और यात्री सेवाओं को फिर से शुरू करने का आह्वान किया। बेनापोल आयात-निर्यात संघ के अध्यक्ष मोहसिन मिलन ने कहा कि लैंड पोर्ट के माध्यम से रेलमार्ग से व्यापार फिर से शुरू होने से व्यापारियों को बड़ी राहत मिली है।

## कैमरून सड़क दुर्घटना में 8 की मौत, 50 से अधिक घायल

**याउंडे,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। कैमरून में बुधवार को एक सड़क दुर्घटना में कम से कम 8 लोगों की मौत हो गई और 50 से अधिक घायल हो गए। पुलिस ने कहा कि यह सड़क दुर्घटना क्षेत्र के दसचांग शहर में हुई। तेज रफ्तार यात्री बस के पहाड़ी से उतरते समय ब्रेक फेल हो जाने के कारण हादसा हुआ।

बस फोम्बन शहर से निकली थी और देश के सबसे बड़े शहर डौआला की ओर जा रही थी। चश्मदीद ने शिन्हुआ को बताया कि पीड़ितों में से कुछ छात्र छुट्टियों से लौट रहे थे। दुर्घटना के कारण की अभी भी जांच चल रही है। देश के परिवहन मंत्रालय के अनुसार, अफ्रीकी देश में हर साल लगभग 1,500 लोगों की सड़क दुर्घटना में मौत हो जाती है। जून में कैमरून ने देश में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाए थे। अतिरिक्त यातायात अधिकारियों की तैनाती समेत सख्त उपायों की शुरुआत करते हुए सड़क सुरक्षा और रोकथाम अभियान शुरू किया गया।23 फरवरी को, कैमरून में एक राजमार्ग पर बस की दूसरे वाहन से आमने-सामने टक्कर हो गई थी। उस सड़क दुर्घटना में भी कई लोगों के गंभीर रूप से घायल होने की खबर सामने आई थी। कैमरून में सड़क दुर्घटनाएं आम हैं जो अक्सर लापरवाही से गाड़ी चलाने, वाहनों और सड़कों की खराब स्थिति के साथ-साथ ओवरलोडिंग के कारण होती हैं।

## यमन में हाउती विद्रोहियों की एक और मिसाइल तंत्र किया नष्ट : अमेरिका

**सना,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। अमेरिका की केंद्रीय कमान ने बुधवार को यमन में अमेरिकी नौसेना द्वारा हाउती विद्राहियों के एक मिसाइल तंत्र को नष्ट करने का दावा किया। यूएससीईएनटीकॉम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि पिछले 24 घंटों में बलों ने यमन के हाउती-नियंत्रित क्षेत्र में ईरान समर्थित हाउती मिसाइल प्रणाली को सफलतापूर्वक नष्ट कर दिया। यह निर्धारित किया गया था कि यह प्रणाली अमेरिकी और गठबंधन बलों और क्षेत्र में व्यापारिक जहाजों के लिए एक बड़ा खतरा पेश करती है। पिछले दो दिनों में अमेरिकी सैन्य हमलों द्वारा नष्ट की गई यह तीसरी हाउती मिसाइल प्रणाली थी। इस बीच, यमन के मध्य प्रांत इब्ब के निवासियों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बताया कि एक लड़ाकू जेट ने मंगलवार को प्रांत में हाउती -नियंत्रित अल-हमजा सैन्य प्रतिष्ठान को निशाना बनाकर हवाई हमला किया। हाउती समूह, जो इब्ब और राजधानी सना सहित कई अन्य उत्तरी प्रांतों को नियंत्रित करता है, ने इस बारे में अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है।

**जंग** रूस ने यूक्रेन पर किया मिसाइल हमला

# हमले में 51 लोगों की मौत, 271 घायल

**कीव, 4 सितम्बर (एजेंसियां)। रूस ने यूक्रेन पर कई मिसाइल हमले किए। हमले में 51 लोगों की मौत हो गई और 271 से ज्यादा लोग घायल हो गए। यह हमला यूक्रेन के मध्य भाग में स्थित एक सैन्य शिक्षण संस्थान पर किया गया था। यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद से यह अब तक का सबसे घातक हमला में से एक है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने एक पोस्ट में बताया कि उन्हें पोल्टावा में एक रूसी हमले की जानकारी मिली है। हमले में एक शैक्षिक संस्थान और एक नजदीकी अस्पताल को निशाना बनाया।**

हमले में दूरसंचार संस्थान की एक बिल्डिंग भी आंशिक रूप से नष्ट हो गई। राष्ट्रपति ने कहा कि हम उन लोगों से बार-बार कह रहे हैं जो इस आतंक को रोक सकते हैं कि यूक्रेन को हवाई हमलों से बचाने के लिए हवाई रक्षा प्रणाली और मिसाइलों की जरूरत है। उन्हें यह जल्दी से जल्दी मिलनी चाहिए, न कि उन्हें किसी गोदाम में रखा जाए। उन्होंने कहा कि मुझे पोल्टावा में रूसी हमले की शुरुआती रिपोर्ट मिली है। दो बैलिस्टिक मिसाइलों ने क्षेत्र पर हमला किया। पोल्टावा क्षेत्र के सैन्य प्रशासन के प्रमुख फिलिप प्रोनिन ने टेलीग्राम पर लेटेस्ट मृतकों की संख्या की घोषणा की है। बताया कि बचाव दल मलबे को साफ करने और दबे हुए लोगों को खोजने में लगे हुए हैं। उनका कहना है कि मलबे के नीचे 18



■ **बचाव दल दबे हुए लोगों को खोजने में लगे हुए हैं**

और लोग हो सकते हैं। सैन्य शैक्षिक संस्थान के कम से कम 10 आवासीय भवनों को नुकसान पहुंचा है। मॉस्को ने इस हमले पर कोई टिप्पणी नहीं की है, लेकिन एक प्रसिद्ध रूसी सैन्य ब्लॉगर व्लादिमीर रोज़ोव ने मंगलवार को रिपोर्ट किया कि रूस ने पोल्टावा में एक सैन्य स्कूल पर हमला किया। राष्ट्रपति ने हमले के बाद राहत कार्य में मदद करने वालों के प्रति आभार भी व्यक्त किया।

### यूक्रेन के विदेश मंत्री ने इस्तीफा दिया

**कीव।** यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। यूक्रेनी संसद के अध्यक्ष रुसलान स्टेफनचुक ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यूक्रेन के वेरखोव्ना राडा (संसद) को विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा के इस्तीफे पर उनका बयान मिला है। उनके अनुरोध पर अगले पूर्ण सत्र में विचार किया जाएगा। गौरतलब है कि यूक्रेन और रूस के बीच फरवरी 2022 से युद्ध जारी है। इस दौरान दोनों ही देशों में बड़ी संख्या में लोग हताहत हुए हैं। साथ ही, कई राजनीतिक और रणनीतिक बदलाव दर्ज किये गए हैं।

## आज का इतिहास

1666-इंग्लैंड के लंदन में लगी भीषण आग में 13,200 घर क्षतिग्रस्त हो गये।
1836-मशहूर अमेरिकी राजनीतिज्ञ सैम ह्यूस्टन टेक्सास गणराज्य के नए राष्ट्रपति नियुक्त किए गए।
1839-चीन और ब्रिटेन के बीच प्रथम अफीम युद्ध की शुरुआत हुई।
1882-पहला अमेरिका श्रम दिवस परेड न्यूयॉर्क शहर में आयोजित किया गया।
1885-अमेरिका के इंडियाना स्थित फोर्ट वेयन में पहली बार गैसोलीन पंप की स्थापना की गई।
1887-इंग्लैंड के थिएटर रॉयल एक्सेटर में आग लगने से 186 लोगों की मौत।
1888-भारत के दूसरे राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म तमिलनाडु के छोटे से गांव तिरुमनी में ब्राह्मण परिवार में हुआ।
1914-विश्व के पांच देशों ब्रिटेन, फ्रांस, बेल्जियम और रूस ने लंदन संधि पर हस्ताक्षर किये थे।
1920-मेक्सिको में राष्ट्रपति चुनाव आरम्भ हुआ।
1948 रॉबर्ट सुमन फ्रांस के प्रधानमंत्री बने।
1960-अमेरिकी मुक्केबाज मोहम्मद अली ने रोम ओलिंपिक्स में 175-पाउंड कैटेगरी में गोल्ड मेडल जीता। इसके बाद उन्होंने प्रोफेशनल करियर चुना और नामी मुक्केबाज बन गए।
1962-भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म। पूरे भारत में प्रतिवर्ष पांच सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है।
1969-पहली स्वचालित टेलर मशीन अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर के रॉकविल केंद्र में स्थापित की गई।

## सुडोकू 6667 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 4 | 8 |
| 8 | 6 | 7 | 9 | 4 | 2 | 3 | 5 | 1 |
| 3 | 1 | 4 | 5 | 8 | 6 | 9 | 7 | 2 |
| 7 | 9 | 2 | 8 | 6 | 5 | 4 | 1 | 3 |
| 6 | 4 | 5 | 7 | 3 | 1 | 8 | 2 | 9 |
| 1 | 8 | 3 | 2 | 9 | 4 | 7 | 6 | 5 |
| 4 | 7 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 | 8 | 6 |
| 9 | 5 | 8 | 6 | 2 | 7 | 1 | 3 | 4 |
| 2 | 3 | 6 | 4 | 1 | 8 | 5 | 9 | 7 |

## दुनिया को जानें

### चीन में 3 स्थानों को 100 विश्व भूवैज्ञानिक विरासत स्थलों के दूसरे बैच की सूची में शामिल

**बीजिंग,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। चीनी विज्ञान अकादमी के नानजिंग भूविज्ञान और जीवाश्म विज्ञान संस्थान के एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया गया कि हाल ही में दक्षिण कोरिया के बुसान में आयोजित 37वीं अंतर्राष्ट्रीय भूवैज्ञानिक कांग्रेस में, चीन में तीन भूवैज्ञानिक विरासत स्थलों को 100 विश्व भूवैज्ञानिक विरासत स्थलों के दूसरे बैच की सूची में चुना गया था, जिसमें जीवाश्म विज्ञान, भू-आकृति विज्ञान और भूवैज्ञानिक गतिविधि प्रक्रियाओं जैसे क्षेत्र शामिल हैं। इस बार चुने गए चीन के तीन भूवैज्ञानिक विरासत स्थल हैं : भीतरी मंगोलिया में प्लांट पोम्पेई - उदा पर्मिअन वनस्पति जीवाश्म उत्पत्ति, सछ्वान में ज़िगोंग दाशानफू डायनासोर जीवाश्म समूह साइट, और गुआंगशी में क्वेईलिन कार्स्ट। भूवैज्ञानिक विरासत स्थल अंतरराष्ट्रीय महत्व के भूवैज्ञानिक अवशेषों और भूवैज्ञानिक प्रक्रियाओं के प्रमुख क्षेत्रों को संदर्भित करते हैं। वे दर्शाते हैं कि भूवैज्ञानिक विरासत स्थल का अंतरराष्ट्रीय भूवैज्ञानिक मूल्य सबसे अधिक है और अनुसंधान स्तर और प्रभावी ढंग से संरक्षित किया जाए। अब तक, चीन में कुल 10 भूवैज्ञानिक विरासत स्थलों को इस सूची के लिए चुना गया है।

# खेल जगत

## डब्ल्यूटीसी फाइनल तीन मैचों का होना चाहिए : नाथन

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर नाथन लियोन ने आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल प्रारूप का एक अनोखा और नया तरीका बताया है, जिसमें उन्होंने कई देशों में तीन मैचों की श्रृंखला खेलने का सुझाव दिया है। उनका मानना है कि एक फाइनल मैच के आयोजन के स्थान पर, जहां श्रृंखला का भाग्य एक ही सत्र पर निर्भर हो सकता है, कई मैचों का फाइनल टेस्ट क्रिकेट की भावना और रोमांच को बेहतर ढंग से दर्शाएगा। आईसीसी ने लियोन के हवाले से बताया कि यह कोई टूर्नामेंट नहीं है। जहां आप सेमीफाइनल में पहुंचकर दो गेम हारकर या कुछ और करके नहीं रह सकते। आपको दो साल के चक्र में लगातार अच्छा प्रदर्शन करना होगा। एक चीज जो मैं देखना चाहूंगा, वह यह कि मैं विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल संभावित रूप से तीन मैचों की सीरीज में देखना चाहूंगा।



# दलीप ट्रॉफी के पहले राउंड के बाद भारतीय टेस्ट टीम का ऐलान संभव

**मुंबई,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। भारतीय टेस्ट टीम का अभ्यास सत्र चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में 12 सितंबर से शुरू होगा। भारत और बांग्लादेश के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज़ की शुरुआत 19 सितंबर से होगी।

■ भारत और बांग्लादेश के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज़ की शुरुआत 19 सितंबर से होगी



बांग्लादेश का अभ्यास सत्र चेपॉक पर ही 15 सितंबर से शुरू होगा।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज़ के लिए अभी तक टीम की घोषणा नहीं की है। यह घोषणा दलीप ट्रॉफी के पहले दौर के बाद होने की संभावना है, जो 5 से 8 सितंबर तक बेंगलुरु और अनंतपुर में प्रस्तावित है। दलीप ट्रॉफ़ी में शुभमन गिल, केएल राहुल, ध्रुव जुरेल, कुलदीप यादव, आकाश दीप, यशस्वी जयसवाल, सरफराज़ खान, ऋषभ पंत, मुकेश कुमार, श्रेयस अय्यर, अर्शदीप सिंह और केएस भरत समेत अन्य खिलाड़ी खेलते नज़र आएंगे। इनके अलावा कई और ऐसे खिलाड़ी हैं जो दलीप ट्रॉफी के जरिए टीम इंडिया में आने की अपनी दावेदारी पेश करेंगे। इनमें देवदत्त पड़िक्कल, रजत पाटीदार, यश दयाल, बी साई सुदर्शन जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। बांग्लादेश के खिलाफ भारत दो मैचों के साथ,अपने लंबे टेस्ट सीजन की शुरुआत करने के लिए तैयार है, जो विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्लूटीसी ) 2023-25 का हिस्सा है। चेन्नई में पहला टेस्ट होगा जबकि कानपुर में दूसरा टेस्ट खेला जाएगा। इसके बाद भारत और बांग्लादेश को तीन मैचों की टी20 सीरीज़ भी खेलना है जिसका समापन 12 अक्तूबर को होगा। इसके बाद, भारत पांच सफेद गेंद मैचों के लिए दक्षिण अफ्रीका जाने से पहले घरेलू मैदान पर न्यूज़ीलैंड के खिलाफ तीन टेस्ट खेलेगा और फिर साल के अंत में पांच टेस्ट मैचों के लिए ऑस्ट्रेलिया जाएगा।भारत की पिछली टेस्ट सीरीज़ इसी साल इंग्लैंड के खिलाफ थी, जहां रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया ने 4-1 से सीरीज़ अपने नाम की थी। उसके बाद से आईपीएल और फिर टी20 विश्व कप में भारतीय खिलाड़ी व्यस्त थे, जहां टीम इंडिया विश्व विजेता बनी। हालांकि उसके बाद सफेद गेंद सीरीज में भारत ने जिम्बाब्वे और श्रीलंका का दौरा किया था। दूसरी तरफ़ बांग्लादेश की टीम आत्मविश्वास से लबरेज़ है क्योंकि अभी-अभी उन्होंने पाकिस्तान को उन्हीं के घर में जाकर 2-0 हराया है। पाकिस्तान का सूपड़ा साफ़ करने के बाद बांग्लादेश 45.83 प्रतिशत अंकों के साथ डब्लूटीसी तालिका में चौथे नंबर पर पहुंचा गया है। जबकि भारत 68.52 प्रतिशत अंकों के साथ उस तालिका में शीर्ष पर है और बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला में अपनी स्थिति मज़बूत करने के इरादे से उतरेगा।

# खेल मंत्री ने पैरालंपिक में अब तक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए भारतीय दल की सराहना की



■ आने वाले दिनों में हमारे खिलाड़ी 11 और पदकों के लिए खेलेंगे। मुझे पूरा विश्वास है कि हमारी सफलता और भी बढ़ेगी: मांडविया

**नई दिल्ली,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। बुधवार को केंद्रीय युवा मामले और खेल तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री, डॉ. मनसुख मांडविया ने भारतीय पैरा-बैडमिंटन दल का भारत लौटने पर स्वागत किया। पेरिस 2024 में भारत ने पैरा-बैडमिंटन में अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन किया, जिसमें कुल 5 पदक जीते (1 स्वर्ण, 2 रजत, 2 कांस्य)।

डॉ. मांडविया ने बताया कि अब तक पैरालंपिक में हमारे खिलाड़ियों ने 3 स्वर्ण, 7 रजत और 10 कांस्य पदक जीते हैं। आने वाले दिनों में हमारे खिलाड़ी 11 और पदकों के लिए खेलेंगे। मुझे पूरा विश्वास है कि हमारी सफलता और भी बढ़ेगी। पिछले पैरालंपिक में हमने 19 पदक जीते थे, लेकिन इस बार अब तक 20 पदक जीत चुके हैं, यानी हमारा प्रदर्शन टोक्यो पैरालंपिक से बेहतर रहा है। हमें अपने खिलाड़ियों को और प्रोत्साहित करना चाहिए और उनका समर्थन करने के लिए चीयर4भारत हैशटैग का उपयोग करना चाहिए। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए, डॉ. मांडविया ने उनकी उपलब्धियों पर गर्व जताया और कहा कि आपने अपने शानदार प्रदर्शन से पूरे देश को गर्व महसूस कराया है। आपकी मेहनत और समर्पण ने भारतीय खेलों के लिए एक नई ऊंचाई स्थापित की है। पदक से चूक गए खिलाड़ियों को हिम्मत देते हुए मंत्री मांडविया ने कहा कि हमने पदक नहीं खोए, बल्कि बहुमूल्य अनुभव प्राप्त किया है। मुझे विश्वास है कि भविष्य के पैरालंपिक में हमारा पदक काउंट और बढ़ेगा, और आप सभी विजेता बनकर उभरेंगे। भारत के अंतर्राष्ट्रीय खेल आयोजनों में प्रदर्शन पर डॉ. मांडविया ने बताया कि पिछले दस वर्षों में हमारे प्रदर्शन में निरंतर सुधार हुआ है, और हमने वैश्विक मंच पर अपनी ताकत साबित की है।

## अगला लक्ष्य लॉस एंजिल्स 2028 में पेरिस पैरालंपिक के रिकॉर्ड को तोड़ना है : सुहास

**नई दिल्ली।** भारतीय दल ने 2024 पेरिस पैरालंपिक में अपने अब तक के सबसे ज्यादा पदक जीतने का रिकॉर्ड बनाया है। इससे पहले भारत ने टोक्यो में 19 पदक का रिकॉर्ड बनाया था जो देश के लिए सर्वाधिक था। पेरिस पैरालंपिक में भारत ने अब तक 20 पदक जीत लिए हैं और खेलों में अभी चार दिन बाकी हैं। अपना दूसरा लगातार रजत पदक केवल प्राप्त करने के बाद, सुहास यतिराज ने कहा कि 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले अगले पैरालंपिक में इस साल के रिकॉर्ड को तोड़ने का लक्ष्य होगा। सुहास ने कहा कि हमने टोक्यो में 19 पदक जीते थे और इस बार 20 पदक जीत चुके हैं। उम्मीद है कि हम पांच और पदक जीतेंगे। हमारा हमेशा से लक्ष्य रहा है कि हम पिछले रिकॉर्ड को बेहतर करें, जैसे हमने पेरिस में टोक्यो का रिकॉर्ड तोड़ा, वैसे ही लॉस एंजिल्स में पेरिस का रिकॉर्ड तोड़ने का लक्ष्य रहेगा। मुझे उम्मीद है कि पैरालंपिक के प्रति हमारे युवाओं में जागरूकता बढ़ती रहेगी।

# जीत के साथ सेंट्रल दिल्ली किंग्स की उम्मीदें बरकरार

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। विशांत भाटी ( 31 गेंद, 42 रन), कप्तान जोंटी सिद्धू ( 25 गेंद, 37 रन) और आर्यन राणा (29 गेंद, 35 रन) की बढ़िया पारियों की भागीदारी की बदौलत सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने वेस्ट दिल्ली लायंस को अपने अंतिम लीग में मंगलवार रात 58 रन से हराकर अडानी दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) पुरुष टी -20 क्रिकेट के सेमीफाइनल में स्थान बनाने की उम्मीद बरकरार रखी। सेंट्रल दिल्ली किंग्स के अब दस मैचों से आठ अंक हैं और उसकी सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीद अब नॉर्थ दिल्ली स्टाइकर्स के आखिरी मैच पर टिकीं हैं।

■ सेंट्रल दिल्ली किंग्स के अब दस मैचों से आठ अंक हैं



आर्यन राणा (29 गेंद, 35 रन) की विशांत भाटी ( 31 गेंद, 42 रन) के साथ दूसरे विकेट की 62 रन तथा कप्तान जोंटी सिद्धू के साथ 46 गेंदों में 76 रन की भागीदारियों की बदौलत सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने अरुण जेटली स्टेडियम में निराशाजनक शुरुआत से उबर कर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 179 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। विशांत भाटी ने खासतौर पर स्पिनरों को निशाना बनाया और शिवांक वशिष्ठ की गेंद को उड़ाने से पहले स्टंप आउट होने से पहले अपनी पारी में तीन छक्के और तीन चौके जड़े । आर्यन राणा को दो ओवर में दो जीवनदान मिले। अखिल चौधरी ने पारी के 18 वें ओवर में अपने दूसरे स्पैल में आर्यन राणा और केशव डबास (5) को लगातार गेंदों पर आउट कर सेंट्रल दिल्ली किंग्स को लगातार दो झटके दिए। जोंटी सिद्धू और मनी ग्रेवाल (5) को एक ही ओवर में दीपक पूनिया ने आउट किया। लक्ष्य थरेजा ने अंतिम दो गेंदों पर एक छक्का और एक चौका जड़ कर सेंट्रल दिल्ली किंग्स को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया। शौर्य मलिक (3/13) और मनी ग्रेवाल (3/30) ने धारदार गेंदबाजी कर वेस्ट दिल्ली लायंस को कप्तान शिवांक वशिष्ठ (32 गेंद पर 42 रन) और इम्पैक्ट प्लेयर एकांश डोभाल (25 गेंद, 33 रन) की 42 गेंदों पर 64 रन की भागीदारी के बावजूद वेस्ट दिल्ली लायंस को 18.3 ओवर में 121 रन पर ढेर कर सेंट्रल दिल्ली किंग्स को शानदार जीत दिलाई। वेस्ट दिल्ली लायंस के लिए सलामी बल्लेबाज अंकित ने 12 गेंदों पर 20 रन बनाए। शौर्य मलिक ने विवेक यादव, अनमोल शर्मा और दीपक पूनिया को आउट कर वेस्ट दिल्ली लॉयन की जीत की उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

## उपासना सिंह के बेहतरीन अर्द्धशतक से नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर की महिला टीम जीती

उपासना सिंह के बढ़िया अर्द्धशतक की बदौलत नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर ने सेंट्रल दिल्ली क्वींस पर अडानी महिला दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) टी 20 क्रिकेट में अरुण जेटली स्टेडियम में 53 रन से मंगलवार रात दमदार जीत दर्ज की। उपासना सिंह के 62 गेंदों पर 73 रन तथा आयुषी सोनी की अविजित 36 रन की पारी से पहले बल्लेबाजी करते हुए नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर ने निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट पर 134 रन बनाए।

उपासना ने अपनी पारी में दो छक्के और 13 चौके जड़े। नजमा सुल्ताना (4/14) गेंद से कहर बरपा कर सेंट्रल दिल्ली क्वींस को निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 82 रन पर रोक कर नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर को शानदार जीत दिलाई। जीत के लिए 135 रन का पीछा करने उतरी सेंट्रल दिल्ली क्वींस को शुरू के छह ओवरों के पॉवरप्ले में जूझना पड़ा और लक्ष्मी यादव(20 गेंद, 12 रन) का विकेट खोकर 21 रन बनाए। इसके बाद सुल्ताना ने नेहा छिल्लर को बोल्ड किया जबकि अंतरा ने अरमीत कौर (2) को आउट किया,, वंदना शर्मा और दीक्षा चतुर्वेदी के भी सस्ते में आउट हो जाने से सेंट्रल दिल्ली क्वींस की हालत खस्ता हो गई। शिव शर्मा (34 गेंद पर अविजित 24) और परुंकी सिसोदिया (37 गेंद पर 16 रन) ने 33 रन की भागीदारी की सुल्ताना ने सिसोदिया और मयूरी



सिंह को आउट कर सेंट्रल दिल्ली क्वींस को 20 ओवर में सात विकेट र 82 रन पर रोक कर नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर को बढ़िया जीत दिलाई।

# ग्लोबल शतरंज लीग का नया प्रारूप अधिक दर्शकों को आकर्षित करेगा : विदित

**लंदन,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। शतरंज में भारत तेजी से कदम बढ़ा रहा है। युवा से लेकर अनुभव तक इस खेल में भारत के पास वैश्विक मंच पर कई मजबूत दावेदार हैं। उनसे से ही एक भारतीय ग्रैंडमास्टर विदित गुजराती, जो ग्लोबल शतरंज लीग के दूसरे सीजन के लिए अपनी तैयारियों को पुख्ता करने में जुटे हुए हैं। ग्लोबल शतरंज लीग के दूसरे सीजन का आयोजन 3 से 12 अक्टूबर तक लंदन के फ्रेंड्स हाउस में आयोजित किया जाएगा। विदित अपने प्रदर्शन में सुधार करके अपनी टीम को इस टूर्नामेंट का खिताब दिलाने में मदद करना चाहते हैं। 29 वर्षीय ग्रैंडमास्टर ने कहा कि पहले सीजन में मुम्बा मास्टर्स ने प्रतियोगिता के अंतिम दिन अल्पाइन एसजी पाइपर्स पर रोमांचक जीत के साथ फाइनल में जगह बनाई। निश्चित रूप से, इस साल हमारी नजर ट्रॉफी पर है। लेकिन मैं अपने प्रदर्शन में सुधार करना चाहता हूं। मुम्बा मास्टर्स ने पहले सीजन की अपनी अधिकांश टीम को बरकरार रखा है, जिसमें मैक्सिम वाचिएर-लाग्रेव आइकन



■ ग्लोबल शतरंज लीग के दूसरे सीजन का आयोजन 3 से 12 अक्टूबर आयोजित होगा

खिलाड़ी के रूप में लौटे हैं, जबकि विदित और अलेक्जेंडर ग्रिसचुक सुपरस्टार पुरुष खिलाड़ी के रूप में लौटे हैं। कोनेरू हम्पी और हरिका द्रोणावल्ली एक बार फिर सुपरस्टार महिला के रूप में शामिल हो गई हैं, जबकि रौनक साधवानी दूसरे सीजन में उभरते खिलाड़ी के रूप में शामिल होंगे। विदित का जन्म महाराष्ट्र के नासिक में हुआ था। जब वह लगभग 6 साल का था, तो वह एक क्लब में क्रिकेट खेलने गया था, लेकिन उसे कुछ साल इंतजार करने की सलाह दी गई क्योंकि उसे पर्याप्त उम्र का नहीं माना जाता था। जब उसे बैडमिंटन और शतरंज में से किसी एक को चुनने का विकल्प दिया गया, तो उसने बाद वाले को चुना, क्योंकि वह पहले से ही घर पर अपने पिता के खिलाफ यह खेल खेलता था।

विदित ने ये किस्सा याद करते हुए कहा कि मैंने इसे सीखने और उसे हराने के एक अच्छे अवसर के रूप में देखा। यह पूरी तरह से एक दुर्घटना थी, लेकिन एक सुखद दुर्घटना थी। डॉक्टरों के परिवार में पले-बढ़े होने के बावजूद, विदित को समान विचारधारा वाले शतरंज के शौकीनों ने घेर लिया और उन्होंने स्थानीय टूर्नामेंट में भाग लेना शुरू कर दिया।

## दलीप ट्रॉफी के पहले राउंड में ईशान किशन का खेलना संदिग्ध

**नई दिल्ली,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। दलीप ट्रॉफी के पहले मैच में ईशान किशन का खेलना मुश्किल नजर आ रहा है। उन्होंने शायद एक हैमस्ट्रिंग इंजरी के बारे में चयनकर्ताओं और प्रबंधन को सूचित किया है। इस महीने की शुरुआत में वह बुची बाबु टूर्नामेंट के दौरान झारखंड की तरफ से खेल रहे थे। ऐसा प्रतीत होता है कि यह चोट शायद उसी टूर्नामेंट के दौरान उन्हें लगी थी। दलीप ट्रॉफ़ी में किशन को इंडिया डी में रखा गया है, जिसके कप्तान श्रेयस अय्यर हैं। फिलहाल के लिए इंडिया डी ने किसी भी रिप्लेसमेंट की घोषणा नहीं की है। उनकी टीम में अब केएस भरत के रूप में एकमात्र विकेटकीपिंग विकल्प है। इंडिया डी का पहला मुकाबला इंडिया सी के साथ है,जिसकी कप्तानी ऋतुराज गायकवाड़ करेंगे। किशन मैच की पूर्व संध्या तक टीम में शामिल नहीं हुए थे। किशन की चोट की गंभीरता के आधार पर उनके रिप्लेसमेंट पर निर्णय लिया जा सकता है। बुधवार दोपहर तक आधिकारिक तौर पर किसी भी रिप्लेसमेंट की घोषणा नहीं की गई थी। इस बीच यह भी ख़बर है कि इंडिया ए को तेज़ गेंदबाज़ प्रसिद्ध कृष्णा के बिना ही खेलना होगा, जो क्वाड्रिसेप्स की चोट से उबर रहे हैं।

## नितेश ने स्वर्ण जीतने के बाद प्रमोद भगत से कहा, 'पदक भारत में ही रहेगा'

**नई दिल्ली,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। फ्रांस के पेरिस में पैरालंपिक खेलों में नितेश कुमार ने पैरा-बैडमिंटन पुरुष एकल एसएल3 वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने के तुरंत बाद, 29 वर्षीय खिलाड़ी ने प्रमोद भगत से बातचीत की, जिन्होंने तीन साल पहले टोक्यो में इसी श्रेणी में जीत हासिल की थी और स्वर्ण पदक जीता था।



तीन साल पहले टोक्यो पैरालंपिक में एसएल3 श्रेणी के स्वर्ण पदक विजेता भगत, बैडमिंटन विश्व महासंघ के डोपिंग रोधी पता-ठिकाना खंड का उल्लंघन करने के लिए 18 महीने का निलंबन झेल रहे हैं। पेरिस पैरालंपिक में अपना कार्यक्रम समाप्त होने के तुरंत बाद, नितेश ने प्रमोद को फोन करके बताया कि स्वर्ण पदक भारत में ही रहेगा। नितेश कुमार ने बुधवार को फ्रांस से लौटने पर पदक जीतने के बाद, मैं भीड़ से बातचीत कर रहा था, यह सब उस पल की गर्मी थी। मैंने जश्न मनाया लेकिन फिर मैंने प्रमोद भैया को फोन किया और उन्हें बताया कि स्वर्ण पदक भारत में ही रहेगा। इसके बाद मैंने अपने परिवार के साथ एक छोटी सी बातचीत की और जब मैंने अपने माता-पिता की आंखों में आंसू देखे तो यह मेरे लिए बहुत बड़ी बात थी, । उन्होंने कहा कि जब मैं अपने होटल के कमरे में लौटा, तो मुझे नहीं लगा कि मैंने कुछ बड़ा किया है, लेकिन तब से जब भी मैं किसी भारतीय से मिलता हूं, वे मुझे बधाई देते हैं, आशीर्वाद देते हैं, मैं महसूस कर सकता हूं कि यह भारत के लिए कितना मायने रखता है। ग्रेट ब्रिटेन के डेनियल बेथेल के खिलाफ नितेश का फाइनल एक घंटे 20 मिनट तक चला। नितेश के पहला गेम 21-14 से जीतने के बाद, ब्रिटिश ने मैच में वापसी की और 21-18 की जीत के साथ मैच में स्कोर 1-1 से बराबर कर लिया।

# दलीप ट्रॉफी में टीम 'बी' के खिलाफ गिल करेंगे ओपनिंग

**बेंगलुरु,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। दलीप ट्रॉफी के पहले दौर में टीम 'ए' के कप्तान शुभमन गिल ने पुष्टि की है कि वह गुरुवार से

■ विकेट पर कुछ घास है। उम्मीद है कि तीसरे और चौथे दिन स्पिनरों को कुछ मदद मिलेगी : गिल

शुरू होने वाले मैच में टीम 'बी' के खिलाफ बल्लेबाजी की शुरुआत करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होने वाले पहले दौर के मैच के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। कृष्णा की इस साल 23 फरवरी को



उनके बाएं समीपस्थ क्वाड्रिसेप्स टेंडन की सर्जरी हुई थी और वह राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में पुनर्वास पर हैं। वह हाल ही में महाराजा टी20 ट्रॉफी में भी नहीं खेले, जहां उनकी टीम मैसूर वॉरियर्स ने अंततः खिताब जीता था। गिल ने पत्रकारों से कहा कि यह (दलीप ट्रॉफी) एक बड़ा टूर्नामेंट है क्योंकि हर मैच हमारे लिए महत्वपूर्ण है। हम कुछ ऐसे खिलाड़ियों के खिलाफ खेल रहे हैं जिनके साथ हम आम तौर पर भारतीय टीम में खेलते हैं। तो हमें अच्छी प्रतिस्पर्धा देखने को मिलेगी। मैं यहां ओपनिंग करूंगा और विकेट काफी अच्छा दिख रहा है। उन्होंने कहा कि विकेट पर कुछ घास है। उम्मीद है कि तीसरे और चौथे दिन स्पिनरों को कुछ मदद मिलेगी। लेकिन शुरुआत में ऐसा लग रहा है कि तेज गेंदबाजों को कुछ मदद मिलेगी। अभी अंतिम एकादश तय नहीं हुई है लेकिन वह (प्रसिद्ध) पहले मैच के लिए उपलब्ध नहीं है। गिल ने 25 टेस्ट मैचों में 35.52 की औसत से 1492 रन बनाए हैं। इंग्लैंड के खिलाफ इस साल की टेस्ट श्रृंखला के दौरान नौ पारियों में 56.50 के औसत से 452 रन बनाने के बावजूद, गिल ने टिप्पणी की कि वह अभी भी लंबे प्रारूप में अपने प्रदर्शन से संतुष्ट नहीं हैं। गिल ने कहा कि मैं अब तक टेस्ट में अपनी सर्वश्रेष्ठ उम्मीदों तक नहीं पहुंच पाया हूं, लेकिन हमारे सामने अभी 10 टेस्ट मैच बाकी हैं।

## आईसीसी रैंकिंग में जो रूट का दबदबा कायम, टॉप-10 से बाहर हुए बाबर आजम

**दुबई,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। आईसीसी ने अपनी नई टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग जारी कर दी है। इसमें इंग्लैंड के प्रमुख बल्लेबाज जो रूट ने लॉर्ड्स में श्रीलंका के खिलाफ अपनी शानदार शतकीय पारियों के दम पर रैंकिंग में शीर्ष पर अपनी बढ़त मजबूत की। श्रीलंका के खिलाफ रूट ने लॉर्ड्स में 143 और 103 रन की शतकीय पारियां खेली। इस तरह उन्होंने बल्लेबाजों की टेस्ट रैंकिंग में दूसरे स्थान पर मौजूद केन विलियमसन पर 63 अंकों की बढ़त हासिल की। रूट के अब 922 रेटिंग पॉइंट हैं, जो उनके अब तक के सर्वश्रेष्ठ स्कोर 923 पॉइंट से सिर्फ एक कम है, जो उन्होंने जुलाई 2022 में एजबस्टन में भारत के खिलाफ हासिल किया था।

## सार संक्षेप

### फ्रिट्ज अपने पहले ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज ने नंबर 4 सीड और 22 यूएस ओपन उपविजेता जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव पर 7-6(2), 3-6, 6-4, 7-6(3) से जीत दर्ज की और अपने करियर की 33वीं ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिता में पहली बार सेमीफ़ाइनल में प्रवेश किया। फ्रिट्ज ने 222 की शुरुआत के बाद से मेजर टूर्नामेंटों में अपने सभी चार क्वार्टर फ़ाइनल मैचों में से प्रत्येक में हार का सामना किया था। फ्रिट्ज़ के हवाले से यूएस ओपन वेबसाइट ने कहा कि मुझे अद्भुत महसूस हो रहा है. पिछले कुछ वर्षों में मैंने क्वार्टर फ़ाइनल पर बहुत नज़र डाली है। आज अलग महसूस हुआ. मुझे वास्तव में ऐसा महसूस हुआ कि इसे एक कदम आगे ले जाने का समय आ गया है, और यह उचित ही है कि मैं इस कोर्ट पर इस भीड़ के सामने ओपन में ऐसा कर रहा हूं। इस ग्रैंड स्लैम सीज़न में यह दूसरी बार है कि फ्रिट्ज़ ने जर्मन खिलाड़ी से बेहतर प्रदर्शन किया है, क्योंकि विंबलडन में 16वें राउंड में अमेरिकी खिलाड़ी ने दो सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए ज्वेरेव को हराया था।

### नवारो ने ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में प्रवेश किया

**न्यूयॉर्क।** 13वीं वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो ने दूसरे सेट में 1-5 से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए यूएस ओपन महिला एकल क्वार्टर फाइनल में स्पेन की पाउला बडोसा को हराकर अपने पहले ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में जगह बनाई। अपने घरेलू दर्शकों के सामने खेलते हुए, नवारो ने दूसरे सेट में आश्चर्यजनक वापसी करते हुए 6-2, 7-5 से जीत दर्ज की और यूएस ओपन के अंतिम चार में प्रवेश किया। यह परिणाम अगले सप्ताह उसकी पहली शीर्ष 1 रैंकिंग की गारंटी देगा। 23 वर्षीय अमेरिकी ने अपना सफल सीज़न जारी रखा है, जिसमें उन्होंने जनवरी में होबार्ट में पहला डब्ल्यूटीए टूर खिताब जीता था। मैच में दोनों खिलाड़ी पूर्व प्रमुख क्वार्टरफाइनलिस्ट थे जो आगे बढ़ने की कोशिश कर रहे थे। बडोसा को 221 में रौलां गैरो में अपने पहले स्लैम क्वार्टरफाइनल के बाद फिर से अंतिम आठ चरण में पहुंचने में तीन साल लग गए, जबकि नवारो ने इस साल यूएस ओपन में अपने विंबलडन क्वार्टरफाइनल पदार्पण के बाद एक और शानदार प्रदर्शन किया।

### जोश हल श्रीलंका के खिलाफ तीसरे टेस्ट में पदार्पण करेंगे

**लंदन।** इंग्लैंड के जोश हल शुक्रवार से ओवल में श्रीलंका के खिलाफ शुरू होने वाले तीसरे और अंतिम टेस्ट में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करेंगे। हल मैथ्यू पॉट्स की जगह लेंगे, जो इंग्लैंड की टीम में एकमात्र बदलाव होगा जिसने लॉर्ड्स में 19 रनों की शानदार जीत के साथ श्रृंखला में 2- की अजेय बढ़त हासिल कर ली थी। जांघ की चोट के कारण मार्क वुड की अनुपस्थिति ने हल के लिए टीम में आने का दरवाजा खोल दिया। अपनी विशाल ऊंचाई से उछाल उत्पन्न करने की उनकी क्षमता, उनकी गति के साथ-जो 85-9 मील प्रति घंटे के निशान को छू सकती है- और बाएं हाथ का कोण, उन्हें मुश्किल गेंदबाज बनाता है।

# [ अर्थ जगत ]

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एशियन पेंट | 2.48 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनिलीवर | 1.74 प्रतिशत |
| अल्ट्रासिमको | 1.31 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 1.18 प्रतिशत |
| रिलायंस | 0.43 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 1.29 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 1.20 प्रतिशत |
| एसबीआई | 1.00 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 0.97 प्रतिशत |
| इंफ़ोसिस | 0.94 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 71,280 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 81,038 |
| वायदा | 68,426 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2700-2800 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3740-3840 |
| चीनी एम | 4200-4300 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4600-4700 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 7200-7300 |
| दाल चना | 8200-8300 |
| मसूर काली | 7400-7500 |
| उड़द दाल | 11500-11600 |
| मूंग दाल | 10000-10100 |
| अरहर दाल | 10700-10800 |

# ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा 750 करोड़ रुपए का 'एग्रीश्योर फंड'

**नई दिल्ली,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। देश में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए सरकार की ओर से 'एग्रीश्योर फंड' लॉन्च किया गया है। इस फंड का कैपिटल पूल 750 करोड़ रुपए का होगा और इससे कृषि क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा मिलेगा।

**किसानों के समृद्ध होने से ही बेहतर होगी देश की अर्थव्यवस्था**

एग्रीश्योर फंड को कृषि और ग्रामीण स्टार्टअप इकोसिस्टम में वृद्धि और इनोवेशन को बढ़ाने के लिए बनाया गया है। सरकार की ओर से दी गई जानकारी में बताया गया कि इस फंड का साइज 750 करोड़ रुपए का है। यह सेबी के पास कैटेगरी-2 के तहत पंजीकृत है। इस फंड को बनाने में सरकार ने 250 करोड़ रुपए, नाबार्ड ने 250 करोड़ रुपए और बैंकों एवं इंश्योरेंस कंपनियों ने 250 करोड़ रुपए का योगदान दिया है।

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि 'एग्रीश्योर फंड' सरकार द्वारा किए जा रहे पिछले प्रयासों की निरंतरता है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि भारत के प्रत्येक किसान को आगे बढ़ने के लिए आवश्यक तकनीकी सहायता मिले।



'एग्रीश्योर फंड' सरकार द्वारा किए जा रहे पिछले प्रयासों की निरंतरता है : शिवराज सिंह चौहान

उन्होंने आगे कहा कि किसानों के समृद्ध होने से ही देश की अर्थव्यवस्था समृद्ध होगी। हमारा विजन हर किसान को सशक्त बनाना है।

इस इवेंट में 6 लाख रुपए के प्राइज पूल वाले एग्रीश्योर ग्रीनथॉन अवॉर्ड भी दिए गए। इसमें अवॉर्ड के लिए ऐसे इनोवेटिव स्टार्टअप को चुना गया था, जिन्होंने कृषि क्षेत्र में आपूर्ति श्रृंखला में विभिन्न चरणों पर वैल्यू एडिशन किया। कुल 10 फाइनलिस्टों में से शीर्ष तीन स्टार्टअप, ग्रीनसेपियो, क्रुशिकंती और एम्ब्रोनिक्स, को क्रमशः विजेता, उपविजेता और दूसरे उपविजेता के रूप में चुना गया। देवेश चतुर्वेदी ने कहा कि किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए कृषि क्षेत्र में स्टार्टअप की काफी आवश्यकता है।

## वित्त मंत्रालय ने 500 करोड़ रुपए से ज्यादा के खर्च के लिए नियमों में दी ढील

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने 500 करोड़ रुपए से अधिक के व्यय के मामले में नियमों में ढील दी है। इस पहल का मकसद पूंजीगत खर्च में तेजी लाना है। चालू वित्त वर्ष में पूंजीगत व्यय 1.11 लाख करोड़ रुपए निर्धारित किया गया है। इससे सरकारी खर्च को बढ़ावा मिलेगा। आम चुनावों के कारण कुछ महीनों तक पूंजीगत कम रहा था। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2024-25 के बजट में पूंजीगत व्यय अनुमान को 11.1 प्रतिशत बढ़ाकर रिकॉर्ड 11.11 लाख करोड़ रुपए करने का प्रस्ताव रखा है। मंत्रालय ने दो सितंबर, 2024 को एक कार्यालय ज्ञापन में कहा कि बजट के प्रस्तावों के क्रियान्वयन में परिचालन लचीलापन प्रदान करने के लिए, चालू वित्त वर्ष में व्यय के लिए 500 करोड़ रुपए से अधिक की राशि जारी करने के नियमों में ढील देने का निर्णय लिया गया है।



# देश में और मजबूत होगा हाईवे नेटवर्क, बनेंगी 74 नई सुरंगें

**नई दिल्ली,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। देश में हाईवे नेटवर्क को मजबूत करने के लिए केंद्र सरकार ने आने वाले वर्षों में 74 नई सुरंगें बनाने का फैसला किया है। इन प्रोजेक्ट्स की अनुमानित लागत करीब एक लाख करोड़ रुपए है।

सरकार की ओर से 15 हजार करोड़ रुपए की लागत से 49 किलोमीटर लंबी 35 सुरंगें पहले ही बनाई जा चुकी हैं। अब सरकार 273 किलोमीटर की नई सुरंगें बनाने की तैयार कर रही है।

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि बीते कुछ वर्षों में देश में सुरंगों का नेटवर्क काफी मजबूत हुआ है। मौजूदा समय में 40,000 करोड़ रुपए की लागत से 134 किलोमीटर लंबी 69 के करीब सुरंगें बन रही हैं।

राष्ट्रीय राजधानी में फिक्की के टनलिंग इंडिया कॉन्फ्रेंस में मंत्री की ओर से कहा गया कि सरकार भारत 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में काम कर रही है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सड़कों पर नागरिकों की सुरक्षा सबसे पहली प्राथमिकता है। वर्षा, भूस्खलन और बाढ़ से सड़कों को बचाने के लिए लागत प्रभावी स्थायी समाधान की जरूरत है। सरकार की ओर से काम की गुणवत्ता को सुधारने के लिए सुरंग और डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट्स (डीपीआर) बनाने के लिए बनाए गए ज्वाइंट वेंचर में 51 प्रतिशत विदेशी हिस्सेदारी की अनुमति दी है।



- 273 किलोमीटर की नई सुरंगें बनाने की तैयारी कर रही सरकार

गडकरी ने कहा कि हमें ऐसे समाधान तलाशने होंगे जिसमें गुणवत्ता के साथ समझौता किए बिना अच्छी तकनीक हो और लागत प्रभावी भी हो।

# फेम-3 दो महीने में शुरू किया जाएगा : कुमारस्वामी



**नई दिल्ली,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। केन्द्रीय भारी उद्योग मंत्री एच डी कुमारवामी ने कहा कि सरकार स्थानीय विनिर्माण और सतत विकास को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करते हुए भारत के ईवी पारिस्थितिकी तंत्र को आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इलेक्ट्रिक वाहनों के तेजी से अपनाने और विनिर्माण (फेम) योजना का तीसरा संस्करण दो महीने के भीतर शुरू किया जाएगा।

श्री कुमारस्वामी ने यहां एक सम्मेलन में यह बात कही। उन्होंने कहा कि हम ईवी पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण अपना रहे हैं और मैं सभी हितधारकों से भारत को इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में वैश्विक नेता बनाने और 'विकसित भारत' के हमारे दृष्टिकोण की दिशा में हाथ मिलाने का आह्वान करता हूं। उन्होंने कहा कि जुलाई 2024 में ई तीन पहिया वाहनों की घरेलू बिक्री बढ़कर 59073 इकाई हो गई, और ई दोपहिया वाहनों की बिक्री 14,41,694 इकाई तक पहुंच गई, जो कि पिछले साल की तुलना में 12.5 प्रतिशत अधिक है। मंत्री ने कहा कि इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में बदलाव के लिए कुशल कार्यबल की आवश्यकता होती है और हम भविष्य के लिए तैयार कार्यबल के लिए कौशल अंतर को दूर करने के लिए उद्योग निकायों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। जैसे-जैसे हम आगे बढ़ रहे हैं।

# देश में बीते 3 वर्ष में पांच गुना हुई फिनटेक स्टार्टअप की संख्या

**नई दिल्ली,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। भारत की फिनटेक इंडस्ट्री तेजी से आगे बढ़ रही है। मौजूदा समय में देश में 26 फिनटेक यूनिकॉर्न हैं। इनकी संयुक्त मार्केट वैल्यू 90 अरब डॉलर से भी ज्यादा है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। जेएम फाइनेंसियल की एक रिपोर्ट में बताया गया कि पिछले तीन वर्षों में भारत में फिनटेक स्टार्टअप की संख्या पांच गुना बढ़कर 10,200 (2024) हो गई है।

वहीं, 2021 में यह आंकड़ा 2,100 था। रिपोर्ट में बताया गया कि भारत में एक डेकाकॉर्न फिनटेक (10 अरब डॉलर से अधिक की वैल्यूएशन) है। वहीं, 25 यूनिकॉर्न हैं, जिनकी वैल्यूएशन एक अरब डॉलर से लेकर 10 अरब डॉलर के बीच है।




भारत की फिनटेक कंपनियों की अनुमानित संयुक्त वैल्यू 125 अरब डॉलर के करीब

37 मिनिकॉर्न हैं, जिनकी वैल्यूएशन 100 मिलियन डॉलर से लेकर 1 अरब डॉलर है।

इसके अलावा देश में 87 सूनीकॉर्न फिनटेक स्टार्टअप हैं, जिनकी वैल्यूएशन 60 मिलियन से लेकर 100 मिलियन डॉलर के बीच है। रिपोर्ट में बताया गया कि भारत की सभी फिनटेक कंपनियों की अनुमानित संयुक्त वैल्यू 125 अरब डॉलर के करीब है।

वित्त वर्ष 23 में इन सभी कंपनियों की अनुमानित आय 20 अरब डॉलर के आसपास थी। यह देश में मौजूद सभी बैंक, फाइनेंसियल सर्विसेज और इंश्योरेंस (बीएफएसआई) कंपनियों की कुल आय का 5 प्रतिशत था।

रिपोर्ट के मुताबिक, भारत की फिनटेक इंडस्ट्री में सबसे ज्यादा फंडिंग पेमेंट और लैंडिंग कंपनियों को मिल रही है। फिनटेक इंडस्ट्री द्वारा जुटाई गई कुल फंडिंग का 85 प्रतिशत इन्हीं कंपनियों द्वारा जुटाया गया है। 2014 से 2023 के बीच भारतीय फिनटेक स्टार्टअप्स ने 1,486 डील में कुल 28 अरब डॉलर जुटाए हैं।

## सार संक्षेप

### फ्रेंकलिन इंडिया मीडियम टू लॉन्ग ड्यूरेशन फंड खुला

**नई दिल्ली।** फ्रेंकलिन टेम्पलटन (इंडिया) का ओपन-एंडेड मीडियम टू लॉन्ग ड्यूरेशन डेट फंड - 'फ्रैंकलिन इंडिया मीडियम टू लॉन्ग ड्यूरेशन फंड' निवेश के लिए खुल गया है। कंपनी ने कहा कि यह फंड 4 से 7 साल की अवधि के साथ गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर्स, बॉन्ड्स, डिपॉज़िट प्रमाणपत्र, कमर्शियल पेपर, ट्रेज़री बिल और सरकारी प्रतिभूतियों जैसे विभिन्न डेट और मनी मार्केट उपकरणों में निवेश करेगा। नई फंड पेशकश 17 सितंबर, 224 तक खुली रहेगी, जिसके दौरान प्रति इकाई 1` रुपए में इकाइयां खरीदी जा सकती हैं। फंड के लॉन्च और उसकी निवेश रणनीति के बारे में बताते हुए फ्रैंकलिन टेम्पलटन में उपाध्यक्ष और पोर्टफोलियो मैनेजर, इंडिया फिक्स्ड इनकम, चांदनी गुप्ता ने कहा कि यह फंड लचीले प्रबंधन दृष्टिकोण का उपयोग करेगा। जिससे बदलती मैक्रो आर्थिक परिस्थितियों के आधार पर फंड की निवेश अवधि समायोजित की जा सकेगी। इसलिए यह उन निवेशकों के लिए एक अच्छा विकल्प हो सकता है जो अपनी समग्र निवेश रणनीति में निश्चित आय देने वाले वाले निवेश को शामिल करना चाहते हैं।

### जैक्सन इंजीनियर्स करेगी दो हजार करोड़ का निवेश

**नई दिल्ली।** ऊर्जा और बुनियादी ढांचा क्षेत्र के जैक्सन समूह की इकाई जैक्सन इंजीनियर्स लिमिटेड (जेईएल) अपने सौर विनिर्माण कारोबार के विस्तार के लिए 2` करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी ने बुधवार को बयान जारी कर बताया कि वह लगभग 2` करोड़ रुपए का निवेश करके 25 मेगावाट सौर सेल विनिर्माण सुविधा स्थापित करने की योजना बना रही है। इसे दो चरणों में विकसित किया जाएगा। कंपनी अपनी मौजूदा सोलर मॉड्यूल मैन्युफैक्चरिंग सुविधा को 2` मेगावाट तक विस्तारित कर रही है। जैक्सन समूह के उपाध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक संदीप गुप्ता ने कहा कि हम अपनी विनिर्माण क्षमताओं में इस उल्लेखनीय वृद्धि की घोषणा करते हुए रोमांचित हैं। यह विस्तार न केवल बाजार में हमारी स्थिति को मजबूत करता है बल्कि जैक्सन की उल्लेखनीय वृद्धि और स्थिरता के प्रति दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है।

### जेबीएल का नया अभियान 'इंजीनियर्ड फॉर इमोशन' की घोषणा

**नई दिल्ली।** ऑडियो ब्रांड जेबीएल ने अपने फेस्टिव अभियान 'इंजीनियर्ड फॉर इमोशन' के लॉन्च की घोषणा की है। कंपनी ने कहा कि यह अभियान ऐसे उत्पाद बनाने के लिए जेबीएल की प्रतिबद्धता को उजागर करता है, जो न सिर्फ शानदार साउंड प्रदान करते हैं, बल्कि भावनाओं को भी जागृत करते हैं। ऐसी भावनाएँ, जो आत्म-अभिव्यक्ति और प्रामाणिकता को बढ़ाती हैं, और सुनने वाले व्यक्ति को रोमांच से भर देती हैं। यह कैम्पेन सितंबर से लेकर नवंबर तक चलेगा, जिसका लक्ष्य ऑडियो के प्रति विशेष रुझान रखने वाले यूज़र्स को ऑडियो के सबसे बेहतरीन अनुभव प्रदान करना है। यह अभियान इस बात का जश्न मनाता है।

# पंद्रह समूहों में बिकवाली से बाजार की तेजी थमी


**मुंबई,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। विश्व बाजार की गिरावट से निराश निवेशकों की स्थानीय स्तर पर ऊर्जा, आईटी, दूरसंचार, बैंकिंग, धातु और टेक समेत पंद्रह समूहों में हुई बिकवाली से शेयर बाजार के दोनों मानक सूचकांक की लगातार जारी तेजी आज थम गई।

- सेंसेक्स 202.80 अंक की गिरावट लेकर 82,352.64 पर रहा
- निफ्टी 81.15 अंक कमजोर होकर 25,198.70 पर बंद

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 202.80 अंक की गिरावट लेकर 82,352.64 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 81.15 अंक कमजोर होकर 25,198.70 अंक पर आ गया। हालांकि बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में मिलाजुला रुख रहा, जिससे मिडकैप 0.15 प्रतिशत फिसलकर 49,065.43 अंक रह गया जबकि स्मॉलकैप 0.26 प्रतिशत बढ़कर 56,208.39 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 4047 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2043 में गिरावट जबकि 1910 में तेजी रही वहीं 94 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 31 कंपनियों में बिकवाली जबकि 18 में लिवाली हुई वहीं एक के भाव स्थिर रहे।

बीएसई के 15 शेयरों का रुझान नकारात्मक रहा। इससे ऊर्जा 0.68, वित्तीय सेवाएं 0.40, इंडस्ट्रियल्स 0.21, आईटी 0.91, दूरसंचार 0.82, यूटिलिटीज 0.27, ऑटो 0.37, बैंकिंग 0.70, कैपिटल गुड्स 0.28, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.47, धातु 1.11, तेल एवं गैस 0.55, पावर 0.53, टेक 0.71 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.46 प्रतिशत लुढ़क गए।




अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गिरावट का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.61, जर्मनी का डैक्स 0.53, जापान का निक्केई 4.24, हांगकांग का हैंगसेंग 1.10 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 0.67 प्रतिशत लुढ़क गया।

कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 710 अंक की गिरावट लेकर 81,845.50 अंक पर खुला और बिकवाली जारी रहने से थोड़ी देर बाद ही 81,833.69 अंक के निचले स्तर तक गिर गया। वहीं, लिवाली होने से दोपहर बाद यह 82,408.54 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंचा। अंत में पिछले दिवस के 82,555.44 अंक के मुकाबले 0.25 प्रतिशत टूटकर 82,352.64 अंक पर आ गया।

इसी तरह निफ्टी भी 190 अंक उतरकर 25,089.95 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 25,083.80 अंक के निचले जबकि 25,216.00 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा।

इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली प्रमुख कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.29, एक्सिस बैंक 1.20, एसबीआई 1.00, आईसीआईसीआई बैंक 0.97, इंफ़ोसिस 0.94, एलटी 0.86, टीसीएस 0.68, बजाज फाइनेंस 0.60, टाटा स्टील 0.53, पावरग्रिड 0.51, अडानी पोर्ट्स 0.50, टाटा मोटर्स 0.48, एचसीएल टेक 0.36, एनटीपीसी 0.32, आईटीसी 0.32, टाइटन 0.30, मारुति 0.24, इंडसइंड बैंक 0.15 और जेएसडब्ल्यू स्टील 0.06 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, एशियन पेंट 2.48, हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.74, अल्ट्रासिमको 1.31, सन फार्मा 1.18, रिलायंस 0.43, एचडीएफसी बैंक 0.26, बजाज फिन सर्व 0.23, टेक महिंद्रा 0.19, भारती एयरटेल 0.18 और कोटक बैंक के शेयर 0.04 प्रतिशत लाभ में रहे।

# भारत में चार साल में दोगुना निवेश करेगी कैपिटललैंड

**नई दिल्ली,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। व्यावसायिक केंद्र, मनोरंजन एवं औद्योगिक पार्क तथा अवासीय परियोजनाओं के विकास का कारोबार करने वाली सिंगापुर की कंपनी कैपिटलैंड इन्वेस्टमेंट ( सीएलआई ) ने बुधवार को कहा कि वह भारत में अपना निवेश 2028 तक दो गुना करेगी।

सीएलआई ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दो दिन की यात्रा के पहले दिन यह घोषणा की है। भारत में सिंगापुर के उच्चायुक्त सिमॉन वांग ने भी कंपनी की इस घोषणा को डिजिटल मीडिया मंच पर साझा किया है।

विविधीकृत रियल वह 2028 तक भारत में अपने प्रबंधन के तहत सम्पत्तियों को दोगुना करके 14.8 अरब सिंगापुरी डालर (90,280 करोड़ रुपए) से अधिक करने की योजना बना रही है। इस समय भारत में कंपनी का निवेश भातरत निवेश इस समय करीब 7.4 अरब सिंगापुर डालर के बराबर है। सीएलआई समूह के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ली ची कून ने एक बयान में कहा कि भारत हमारे लिए एक रणनीतिक बाजार है और सीएलआई के समग्र व्यवसाय में भारत बड़ा योगदान रहता है। भारत हमारे सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक रहा है, जहां पिछले सात वर्षों में हमारे निवेश तीन गुना हो गए हैं।

उन्होंने इस बात का भी उल्लेख किया कि भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 2024-25 में सात प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है और यह अगले पांच वर्षों में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने वाला है। देश वैश्विक निगमों और संस्थागत निवेशकों से गुणवत्ता वाली अचल संपत्तियों की मांग को आकर्षित कर रहा है।

# खाद्य तेलों में टिकाव, गेहूं महंगा

**नई दिल्ली,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर मांग कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा जबकि उठाव होने से गेहूं 50 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गया।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में सितंबर का पाम ऑयल वायदा 23 रिंगिट गिरकर 9337 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं, सितंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.17 सेंट की तेजी लेकर 41.15 सेंट प्रति पौंड बोला गया।



इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव स्थिर रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान गेहूं 50 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गया। वहीं, चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 7200-7300, दाल चना 8200-8300, मसूर काली 7350-7450, मूंग दाल 10000-10100, उड़द दाल 11200-11300, अरहर दाल 10700-10800 रुपए प्रति क्विंटल रहे। **अनाज :** (रुपए प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2700-2800 रुपए और **चावल :** 2800-2900 रुपए प्रति क्विंटल रहा।

# नेक्स्टवेव व एनएसडीसी ने की स्किलअप इंडिया 4.0 की शुरुआत

**नई दिल्ली,** 4 सितम्बर (एजेंसियां)। नेक्स्टवेव ने राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) के साथ मिलकर नेक्स्टवेव स्किलअप इंडिया 4.0 का शुभारंभ किया है, जो भारत की एक अनूठी टेक अपस्किलिंग पहल है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि नेक्स्टवेव स्किलअप इंडिया 4.0 देश का अनूठा अपस्किलिंग कार्यक्रम है, जिसे एआई, एमएल और फुल-स्टैक डेवलपमेंट जैसी 4.0 तकनीको में उन्नत कौशल से लैस करके देश के युवाओं को सशक्त बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस पहल का उद्देश्य उद्योग और शिक्षाविदों के बीच की दूरी को भरकर तकनीकी पेशेवरों और इनोवेटर्स की अगली पीढ़ी को बढ़ावा देना है। यह पहल पूरे भारत में 30 लाख से अधिक छात्रों को 4.0 तकनीको में सशक्त बनाएगी और उन्हें सही करियर के अवसरों से जोड़ेगी। नेक्स्टवेव के प्रयास इन छात्रों को कुशल पेशेवरों में बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे जो भारत के विकास और वैश्विक स्थिति में योगदान देंगे। नेक्स्टवेव के सह-संस्थापक और सीईओ राहुल अत्तुलुरी ने कहा कि हम कौशल विकास मंत्रालय के मार्गदर्शन में एनएसडीसी के साथ साझेदारी करके सम्मानित महसूस कर रहे हैं, ताकि योग्य छात्रों को उनकी पूरी क्षमता को अनलॉक करने के लिए आवश्यक उपकरणों और कौशल से लैस किया जा सके। भारत के युवाओं को सशक्त बनाने के लिए एनएसडीसी की अटूट प्रतिबद्धता वास्तव में प्रेरणादायक है, और हम उनके समर्थन के लिए आभारी हैं। हम साथ मिलकर युवा मस्तिष्कों के लिए भारत की विकास गाथा का पता लगाने, नवाचार करने और योगदान करने के अवसर पैदा करने के लिए समर्पित हैं। स्किलअप इंडिया 4.0 एक अत्यधिक कुशल भविष्य के लिए तैयार कार्यबल को विकसित करने के हमारे साझा दृष्टिकोण से जन्मा है, क्योंकि एआई और उभरती तकनीकें भारतीय बाजार में विशाल अवसर पैदा करने का वादा करती हैं।



भारत में 30 लाख से अधिक छात्रों को 4.0 तकनीको में सशक्त बनाने की तैयारी

नौकरी बाजार में बढ़ती अनिश्चितताओं के बीच, नेक्स्टवेव, स्किलअप इंडिया 4.0 पहल के तहत, 5 लाख से अधिक छात्रों के लिए उनके कौशल का आकलन करने और उन्हें सही अवसरों से जोड़ने के लिए एक मुफ्त सॉफ्टवेयर नौकरी रोजगार परीक्षा आयोजित करेगा। इसके अतिरिक्त, शीर्ष सॉफ्टवेयर नौकरियों की बाधाओं को दूर करने के लिए, एनएक्सटवेव एनआईआरएफ-रैंक वाले 500 कॉलेजों में मेधावी छात्रों को अपने 2-वर्षीय फुल स्टैक प्लस एआई/एमएल कार्यक्रम का मुफ्त पहुंच प्रदान कर रहा है। एनएसडीसी के सीईओ वेद मणि तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का एक दूरदर्शी लक्ष्य निर्धारित किया है।

# पुरानी रंजिश पर युवक की चाकू से दिनदहाड़े हत्या, आरोपी गिरफ्तार

## सिरगिट्टी थाना क्षेत्र की घटना, अस्पताल ले जाते युवक ने रास्ते में तोड़ा दम

### चाकूबाजी की घटना से शहर में मचा हड़कंप



**बिलासपुर,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। शहर में बढ़ती चाकूबाजी की घटना ने एक युवक की जान ले ली। विवाद और हाथापाई के बाद एक युवक ने दूसरे युवक पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिया। जिससे युवक की अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो गई। मामला सिरगिट्टी थाना क्षेत्र का है । घर से काम पर जाने निकले युवक की दूसरे युवक ने चाकू से गोदकर हत्या कर दी। अस्पताल पहुंचने से पहले ही घायल ने दम तोड़ दिया। परिजनों के अनुसार आरोपी पूर्व में भी चाकू से मृतक पर हमला कर चुका है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार सिरगिट्टी थाना क्षेत्र के तिफरा बछेरा पारा निवासी आकाश सूर्या प्राइवेट नौकरी करता है। आज भी वह सुबह 9 बजे नौकरी में जाने के लिए घर से निकला तभी इसी क्षेत्र में रहने वाले शुभम साहू ने उसे मोहल्ले में ही रोक लिया। दोनों के बीच पुराना विवाद चला आ रहा है। शुभम ने आकाश सूर्या के साथ गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। आकाश के मना करने पर शुभम हाथापाई पर उतारू हो गया। दोनों के बीच मारपीट होने लगी। इसी बीच शुभम ने अपने पास रखा चाकू निकाल कर आकाश पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। एकाएक चाकू से हुए हमले से आकाश को संभलने का मौका नहीं मिला और वह खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर गया। घटना की जानकारी मोहल्ले वालों से मिलने पर आकाश के परिजन मौके पर पहुंचे और बाइक में लेकर आकाश को सिम्स पहुंचे जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के उपरांत आकाश को मृत घोषित कर दिया। दोनों के बीच मारपीट होता देख लोगो ने सिरगिट्टी पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलने पर जब तक पुलिस पहुंची तब तक आकाश को उसके घर वाले अस्पताल ले गए थे। मोहल्ले वालों से जानकारी लेकर पुलिस ने हमलावर शुभम को गिरफ्तार कर लिया। मिली जानकारी के अनुसार शुभम ने पहले भी आकाश के साथ मारपीट करते हुए चाकू से हमला किया था। पर सख्त कार्रवाई नहीं होने की वजह से आरोपी शुभम के हौसले बुलंद थे। परिजनों के अनुसार अगर पुलिस पहले ही शुभम के खिलाफ सख्त कार्यवाही करती तो उनके घर का बेटा जिंदा होता।



मृतक



आरोपी

गौरतलब हो कि शहर में लगातार चाकूबाजी की वारदात थमने का नाम नहीं ले रही है। परसों भी प्रेम प्रसंग के विवाद में एक नाबालिक ने दूसरे नाबालिक के ऊपर चाकू से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। हालांकि इस मामले में भी पुलिस ने हमलावर नाबालिक को गिरफ्तार कर लिया है।

# जंक्शन यार्ड जोड़ने का कार्य, कई ट्रेनें रद्द

**बिलासपुर**, 4 सितम्बर(देशबन्धु)। रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास हेतु उत्तर रेलवे के दिल्ली रेल मंडल के पलवल एवं न्यू पृथला जंक्शन (डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड) यार्ड को जोड़ने का कार्य किया जाएगा । यह कार्य दिनांक 05 से 17 सितम्बर, 2024 तक किया जायेगा । इस कार्य के पूर्ण होते ही गाडियों की समयबद्धता एवं गति में तेजी आयेगी । इस कार्य के फलस्वरूप कुछ यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा । जिसका विवरण इस प्रकार है।



**रद्द होने वाली ट्रेनें**-6, 10 एवं 13 सितंबर, 2024 को दुर्ग से रवाना होने वाली गाडी संख्या 22867 दुर्ग-निज़ामुद्दीन एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 07 एवं 14 सितंबर, 2024 को निज़ामुद्दीन से रवाना होने वाली गाडी संख्या 22868 निज़ामुद्दीन-दुर्ग एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 11 सितंबर, 2024 को दुर्ग से रवाना होने वाली गाडी संख्या 20847 दुर्ग-शहीद कैप्टन तुषार महाजन (उधमपुर) एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 6 एवं 13 सितंबर, 2024 को शहीद कैप्टन तुषार महाजन (उधमपुर) से रवाना होने वाली गाडी संख्या 20848 शहीद कैप्टन तुषार महाजन (उधमपुर)-दुर्ग एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।

**परिवर्तित मार्ग से चलने वाली ट्रेनें**- 4 से 15 सितंबर, 2024 को पूरी से चलने वाली 18477 पूरी -योग नागरी ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग आगरा -मितावली-खुर्जा जंक्शन-मेरठ नगर होकर रवाना होगी । 6 से 17 सितंबर, 2024 को योग नागरी ऋषिकेश से चलने वाली 18478 योग नागरी ऋषिकेश-पूरी उत्कल एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग मेरठ नगर- खुर्जा जंक्शन -मितावली-आगरा होकर रवाना होगी । 5 से 16 सितंबर, 2024 को कोरबा से चलने वाली 18237 कोरबा-अमृतसर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग आगरा-मितावली-खुर्जा जंक्शन-मेरठ नगर होकर रवाना होगी । 5 से 16 सितंबर, 2024 को अमृतसर से चलने वाली 18238 अमृतसर कोरबा-छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग आगरा-मितावली-खुर्जा जंक्शन-मेरठ नगर होकर रवाना होगी । 06, 07, 10, 13 एवं 14 सितंबर, 2024 को विशाखापटनम से चलने वाली 20807 विशाखापटनम-अमृतसर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग आगरा-मितावली-गाज़ियाबाद-नई दिल्ली होकर रवाना होगी । 12 सितंबर, 2024 को शहीद कैप्टन तुषार महाजन (उधमपुर) से रवाना होने वाली गाडी संख्या 12550 शहीद कैप्टन तुषार महाजन (उधमपुर)-दुर्ग एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग आदर्श नगर दिल्ली-दिल्ली छावनी-रेवाड़ी जंक्शन-अलवर जंक्शन-मथुरा होकर रवाना होगी ।

# सार-संक्षेप

## तालाब में युवक की मिली संदिग्ध लाश

**बिलासपुर,** 4 सितम्बर (देशबन्धु)। जिले के चकरभाठा थाना इलाके लाश मिलने से सनसनी फैल गई। बता दें बुधवार की सुबह चकरभाठा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम परसदा शारदा मंदिर के पीछे स्थित तालाब में 1 युवक की संदिग्ध लाश मिली है। बताया जा रहा है की ग्रामीणों ने सुबह तालाब में लाश देखी जिसकी सूचना उन्होंने पुलिस को दी जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई है। मृतक युवक की पहचान दुर्गेश चौहान पिता राम विलास चौहान के रूप में हुई है, जिसका घर घटना स्थल से लगभग 400 मीटर ही दूर है। प्रारम्भिक जांच में पानी से शव बाहर निकालकर कर देखने मे शरीर पर कई जगह चोट के निशान मिले है, वही सिर के पिछले हिस्से में गहरे चोट लगे है, जिससे यह मामला संदिग्ध हो गया है। सूत्रों के अनुसार मृतक सोमवार से घर नही लौटा था, जिसकी परिजनों ने गुमशुदगी की शिकायत भी थाने में दर्ज कराई थी, वही आज सुबह युवक की लाश मिलने से मामले को हत्या से जोड़कर देखा जा रहा है। फ़िलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अपनी जांच शुरू कर दी है, साथ ही आस पास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है।

## मां राणी सती मंगल पाठ हमें महिलाओं कि शक्ति और एकता का प्रदर्शन कराता है-कौशिक



**बिलासपुर** , 4 सितम्बर (देशबन्धु)। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने विधानसभा बिल्हा स्थित माँ राणी सती माता मंदिर में आयोजित मंगल पाठ में सह परिवार शामिल होकर पाठ का श्रवण किया और माता जी का आशीर्वाद प्राप्त कर माँ राणी सती माता जी की पूजा अर्चना कर सभी के लिए मंगल कामना की व प्रसाद भंडारा वितरण किया। जस अवसर पर उन्होंने कहा कि जब तक माँ की इच्छा नहीं होती तब तक यह पुण्य कार्य नहीं होता आज माँ शक्ति स्वरूपा की हम पर कृपा हुई और हमने भी मंगल पाठ कराया बहुत दिनों से हमारी मन की यह भावना उनके आशीर्वाद से पूरी हुई इस पुण्य अवसर पर आप सभी का मंगल हो सबके जीवन में सुख समृद्धि आये यही माँ शक्ति स्वरूपा से प्रार्थना है। उन्होंने कहा कि राणी सती दादी मंगल पाठ एक महत्वपूर्ण धार्मिक अनुष्ठान है, जो हमें सती की वीरता और समर्पण की कहानी से परिचित कराता है। यह अनुष्ठान हमें महिलाओं की शक्ति और एकता का प्रदर्शन करने का अवसर प्रदान करता है। यह पाठ हमें सिखाती है कि एक पत्नी कैसे अपने पति के लिए बलिदान कर सकती है। उनकी वीरता और समर्पण ने उन्हें एक प्रतीक बना दिया है, जिसकी पूजा की जाती है। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी एवं उनके परिवार के सदस्य, शिव कुमार, आशीष कुमार, श्रीमती अनीता अग्रवाल, श्रीमती सुनीता अग्रवाल, श्रीमती सोनल बंसल, श्रीमती निशा केडिया, श्रीमती सरिता अग्रवाल, बजरंग लाल, ललीत अग्रवाल, विष्णु बिदंल, सुरेश अग्रवाल, नरेश मंगल, सुरेश मंगल, कोमल ठाकुर, सतीश शर्मा, सी.ए राजेश अग्रवाल एवं जनभागीदारी समिति, अग्रवाल महिला समिति व अग्रवाल सेवा समिति के सदस्य और बड़ी संख्या में श्रद्धालु गण उपस्थित रहे।

## गरज-चमक के साथ आज होगी हल्की बारिश

**बिलासपुर** , 4 सितम्बर (देशबन्धु)। मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर जैसलमेर, कोटा, गुना, सिवनी, रामागुंडम, कलिंगपट्टनम और उसके बाद दक्षिण-पूर्व की ओर पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी तक 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण तटीय आंध्र प्रदेश और उसके आसपास 3.1 किलोमीटर से 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। इसके प्रभाव से एक निम्न दाब का क्षेत्र 5 सितंबर को पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी और उससे लगे उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर बनने की संभावना है। एक विंड शियर जोन 22 डिग्री उत्तर में 3.1 किलोमीटर ऊंचाई पर स्थित है। प्रदेश में कल दिनांक 5 सितंबर को अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ वज्रपात होने तथा भारी वर्षा होने की भी संभावना है। भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्यत: बस्तर संभाग के दक्षिणी भाग संभावित है।

# सरस्वती सायकल योजना से आज लड़कियां भी कंधे से कंधा मिलाकर विवि तक की शिक्षा ग्रहण कर रही -सुशांत



### बेलतरा विधायक ने एक पेड़ माँ के नाम लगाने की अपील

### स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय सेंदरी में साइकिल वितरण समारोह सम्पन्न

**बिलासपुर** , 4 सितम्बर (देशबन्धु)। हायर सेकेण्डरी स्कूल सेंदरी में सरस्वती सायकल योजना के अंतर्गत कक्षा नवीं की 95 लड़कियों को आज सायकल वितरित की गई। सायकल पाकर जहां बच्चों को खुशी हुई वहीं स्थानीय विधायक, सरपंच,प्राचार्य एवं समस्त शाला परिवार के चेहरे पर आत्मीय खुशी झलक रही थी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुशांत शुक्ला विधायक बेलतरा एवं अध्यक्षता संस्था की प्राचार्य श्रीमती नीरजा श्रीवास्तव ने की । मंच संचालन एवं आभार प्रदर्शन लेखापाल युगल शर्मा ने किया। मुख्य अतिथि की आसंदी से युवा ऊर्जावान विधायक सुशांत शुक्ला ने अपने उदगार में कहा की पूर्व मुख्यमंत्री डॉक्टर रमन सिंह ने सरस्वती सायकल योजना का श्रीगणेश किया था। पहले आठवीं के बाद अधिकांश लड़कियां हायर सेकेण्डरी स्कूल की दूरी अधिक होने तथा आवागमन के साधन नहीं होने के कारण पढ़ाई छोड़ देती थी। पर्यावरण प्रेमी सुशांत शुक्ला ने संस्था परिवार से एक पेड़ मां के नाम लगाने की अपील की जिसका उपस्थित जन समूह ने करतल ध्वनि से स्वागत करते हुए अपनी सहमति पर मुहर लगाई। संस्था की प्राचार्य श्रीमती नीरजा श्रीवास्तव ने बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला का संस्था प्रांगण में पधारने पर पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। सरस्वती सायकल योजना के कारण आज लड़कियां भी कंधे से कंधा मिलाकर विद्यालय, महाविद्यालय तथा विश्वविद्यालय तक शिक्षा ग्रहण करके दो परिवारों को आर्थिक संबल प्रदान करती हैं। प्रार्थना स्थल पर टीन शेड निर्माण की मांग प्राचार्य श्रीमती नीरजा श्रीवास्तव ने विधायक से की तो उन्होंने तत्काल अपनी सहमति प्रदान करते हुए इस्टीमेट निज सचिव उमेश गौरहा के पास भेजने कहा।

# जिला पंचायत सदस्यों व सरपंचों ने सीईओ पर लगाए गंभीर आरोप

## जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पद का दुरुपयोग कर सदन की कार्रवाई कर रहे हैं शून्य

### जिला पंचायत सदस्यों व सरपंचों ने कलेक्टर को सौपा ज्ञापन



**बिलासपुर** , 4 सितम्बर (देशबन्धु)। पिछले दिनों जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक में जमकर हंगामा हुआ था जिला पंचायत के सभापति व सदस्यों ने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आर.पी.चौहान पर स्वच्छ भारत मिशन में हुए भ्रष्टाचार को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए अपने पद का दुरुपयोग कर सामान्य सभा की कार्यवाही को शून्य करने का गंभीर आरोप लगाया था। आज इसी विषय को लेकर जिला पंचायत सभापति अंकित गौरहा,संदीप यादव,मीनू सुमन यादव, जिला पंचायत सदस्य गोदावरी बाई कमलसेन के साथ स्थानीय सरपंचों और जनप्रतिनिधियों ने बिलासपुर कलेक्टर अवनीश शरण से भेंट कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग करते हुए ज्ञापन सौपा है।

जिला पंचायत सभापति अंकित गौरहा ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान बताया कि जिला पंचायत बिलासपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आर.पी.चौहान के संरक्षण में जमकर कमीशनखोरी का खेला जा रहा है और भ्रष्टाचार करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को बचाने के लिए इन्होंने अपने पद का दुरुपयोग कर सदन की कार्यवाही को भी शून्य कर दिया हैं।

पिछले सामान्य सभा की बैठक में जिला पंचायत के सदस्यों ने सर्वसम्मति से स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक पूनम तिवारी के द्वारा सरपंचों से 10 प्रतिशत की कमीशन,ठोस तरल एवं अपशिष्ट प्रबंधन के लिए खरीदी की गई सामग्रियों में अनियमितता व राज्य स्वच्छ भारत मिशन के आदेश के बावजूद 1 नवंबर 2020 से होने वाले समस्त भुगतान को भी स्टेट नोडल अकाउंट से नहीं करते हुए बिलासपुर स्वच्छ भारत मिशन के द्वारा जिला पंचायत व जनपद पंचायत के खातों से कर दिया गया था इस मामले में जांच कर कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया था परंतु 2 महीने बाद वह सामान्य सभा की बैठक में भ्रष्ट अधिकारी को संरक्षण देते हुए सदन की कार्यवाही को ही जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने शुन्य कर दिया जो दुर्भाग्य का विषय है । इस पूरे विषय को आज बिलासपुर कलेक्टर को अवगत कराते हुए जांच टीम गठित कर उचित कार्यवाही की मांग की गई है। जिला पंचायत सभापति संदीप यादव बताया कि जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के द्वारा भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने के लिए 15 वें वित जैसे मुख्य दायित्व को जिला पंचायत में उपसंचालक के होते हुए भी एक संविदा कर्मचारि को दे दिया है। सभापति मीनू सुमंत यादव व गोदावरी कमलसेन ने कलेक्टर को बताया कि रोजगार गारंटी योजना में बिलासपुर 23 वें स्थान पर है इसलिए जनप्रतिनिधियों के मांग पर जल्द ही ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्य स्वीकृत करने की मांग रखी।

ज्ञापन सौंपने वालों में गोविंद यादव,नंगोई सरपंच प्रतिनिधी बुधनाथ पैगोर,बैमा सरपंच प्रतिनिधि दीपक नायक, लोफन्दी सरपंच रामाधार सुनहले,पवन पाठक,सचिन धीवर,अवधेश कमलसेन,हितेश धीवर,नगमा खान,संतोष हजारी, प्रलय विश्वकर्मा,अजय सिंह व ग्रामवासी उपस्थित रहें।

**NECC**

| 05.09.2024 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 495 | 85 | 160 |
| चिल्हर | 6.00 | 110 | 185 |

डिलीवरी 510 सैकड़ा
दर्जन अंडा 70 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.

CSPFA

# संरक्षा के 6 सजग प्रहरियों को डीआरएम ने संरक्षा पुरस्कार से किया सम्मानित



**बिलासपुर** , 4 सितम्बर (देशबन्धु)। संरक्षित रेल परिचालन रेलवे प्रशासन की पहली प्राथमिकता है । संरक्षित रेल परिचालन सुनिश्चित करने हेतु नियमित रूप से संरक्षा से संबन्धित विभिन्न जागरूकता अभियान चलाये जा रहे हैं ।

इसके साथ ही मंडल क्षेत्राधिकार के अंतर्गत ड्यूटी के दौरान सजगता एवं सतर्कता के साथ उत्कृष्ट संरक्षित कार्य का निर्वहन करते हुये बेहतर संरक्षा सुनिश्चित करने में सराहनीय योगदान देने वाले संरक्षा प्रहरियों को प्रोत्साहित करने हेतु संरक्षा पुरस्कार भी प्रदान किया जा रहा है। इसी कड़ी में दिनांक 24.08.24 को लोको पायलट बिलासपुर एम के रघुवंशी एवं सहायक चालक बिलासपुर विनोद सिंह ने गाड़ी संख्या 20848 ऊधमपुरदुर्ग एक्सप्रेस में ड्यूटि के दौरान समय लगभग रात्रि 03.48 बजे चरू 934/18-16 मुदरिया-घुंघुटी डाउन लाइन पर पाया कि ट्रैक पर गीली मिट्टी के साथ कुछ छोटे पत्थर है साथ ही एक बड़ी चट्टान गिरने की अवस्था में है । इन्होने तत्परता पूर्वक अपनी गाड़ी को कंट्रोल किया और सावधानी से इंजन का फ्लेशर लाइट जलाकर घुंघुटी स्टेशन तक आये तथा स्टेशन मास्टर घुंघुटी व ट्रेन मैनेजर को घटना की सूचना दी साथ ही ञस्ष्ट को भी सूचना दी ताकि दूसरी गाड़ी संरक्षित हो सके । इनके द्वारा किए गए इस सराहनीय कार्य से संरक्षा सुनिश्चित हुई। दिनांक 24.08.24 को ही ट्रैक मेंटेनर मुदरिया पवन कुमार एवं बृजेश सिंह गौतम खंभा संख्या 934/06-934/38 मे ट्रैक पेट्रोलिंग के दौरान लगभग रात्रि 3.55 बजे देखा कि किमी 934/18-20 मुदरिया-घुंघुटी डाउन लाइन में बोल्डर गिरा हुआ है। इन्होने तुरंत इसकी सूचना अपने इंचार्ज सीनियर सेक्शन इंजीनियर घुंघुटी सुनील कुमार को दिया। सुनील कुमार ने इसकी सूचना तुरंत स्टेशन मास्टर घुंघुटी को दिया तथा अपनी टीम ने साथ तत्काल मौके पर पहूंच कर ट्रैक को क्लियर कराया। इन तीनों के सजगता एवं सतर्कता से उक्त ट्रैक पर अल्प समय में ट्रेन का परिचालन प्रारम्भ हुआ। इसी प्रकार ट्रेन मैनेजर ब्रजराजनगर श्री सुभाष वेशम्पायन 30 अगस्त 2024 को अपनी ड्यूटि के दौरान ब्रजराजनगर स्टेशन में देखा कि डाउन लाइन से गुजर रही मालगाड़ी के एक वैगन के पहिये में हॉट एक्सल देखा तथा इसकी सूचना उक्त मालगाड़ी के ट्रेन मैनेजर को दिया । इसकी सूचना ईब स्टेशन के स्टेशन मास्टर को देकर खड़ी को खड़ा किया गया । इनकी सजगता से गाड़ी को संरक्षित किया गया। आज मंडल रेल प्रबंधक सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान मंडल रेल प्रबंधक प्रवीण पाण्डेय ने इन सभी संरक्षा प्रहरियों को संरक्षा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। मंडल रेल प्रबंधक द्वारा इनकी सजगता भरे कार्य की प्रशंसा की गई तथा प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक योगेश कुमार देवांगन, चंद्रभूषण सहित सभी शाखाधिकारी उपस्थित थे।

# अनुशासन और संस्कृति की पाठशाला है सिरगिट्टी नवीन प्राथमिक शाला

**सैय्यद रमीज**

*__बिलासपुर__, 4 सितम्बर (देशबन्धु)। नवीन प्राथमिक शाला सिरगिट्टी विकासखंड बिल्हा जिला बिलासपुर मे सहायक शिक्षक के पद पर कार्यरत योगेश करजगांवकर अपनी शाला के बच्चों के सर्वांगीण विकास तथा विभिन्न आवश्यकता की पूर्ति हेतु समुदाय को शाला से जोड़ने का प्रयास विगत 6 वर्षों से कर रहे हैं।*

*अपनी शाला में स्टेशनरी बैंक से प्रारंभ करके सीस रबर कटर आदि एकत्र कर बच्चों को उपलब्ध कराते थे लेकिन उनके इस कार्य से सभी बच्चों की आवश्यकताओं की पूर्ति नहीं हो पाती थी, जिसे ध्यान में रखते हुए उन्होंने अपने रिश्तेदारों,मित्रों तथा पूर्व छात्रों से संपर्क प्रारंभ किया तथा सहयोग की अपील की । करोना काल के समय एवं बाद में शाला प्रारंभ होने पर जब बच्चों के लिए कॉपी आदि खरीदने हेतु अभिभावक आर्थिक रूप से सक्षम नहीं थेतब योगेश सर द्वारा फोन,फेसबुक,व्हाट्सएप जैसे डिजिटल माध्यम तथा व्यक्तिगत सम्पर्क द्वारा सामाजिक संस्थाओं, इष्ट मित्रों, रिश्तेदारों,तथा पूर्व छात्रों से संपर्क स्थापित किया गया। शाला में पढ़ने वाले छात्रों हेतु सहयोग की अपील की गई जिसका परिणाम यह हुआ कि शाला में अध्ययनरत सभी बच्चों को उनके विषय अनुसार काफी,पेंसिल, पेन,रबर,कटर, मास्क,टाई,हेयर बेंड,बेल्ट, वॉटर बॉटल,थाली, गिलास, रुमाल तथा पढ़ने लिखने से संबंधित सभी स्टेशनरी सामग्री प्राप्त होने लगी । तथा हर वर्ष यह क्रम अनवरत जारी है जिस कारण शाला की दर्ज संख्या में बढ़ोतरी हुई है । बच्चों की शैक्षणिक क्षमता में वृद्धि करने हेतु कई प्रकार के नवाचार शाला में संचालित है जिसमें एक महत्वपूर्ण नवाचार आई डी लर्निंग कांसेप्ट का है जिसमें बच्चों को उनके स्तर के अनुसार हिंदी मे अक्षर शब्द वाक्य तथा कहानी तथा गणित मे संख्या आदि से संबंधित आईडी कार्ड प्रदान किए जाते हैं जिसे पढ़कर वह अपनी शैक्षिक क्षमता में वृद्धि कर सकते हैं। सहायक शिक्षक एलबी नवीन प्राथमिक शाला सिरगिट्टी के योगेश करंजगांवकर ने कहा कि मेरा एक ही लक्ष्य है कि मेरे शाला के बच्चों को पढ़ने लिखने से संबंधित किसी भी संसाधन की कोई कमी ना हो जिससे वे अपनी पढ़ाई अच्छे से कर सके।*



प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188